जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 4 नवम्बर, 2023

400 साल बाद 4 व 5 को पुष्य नक्षत्र का महायोग

## धन बरसेगा, घर बसेगा

## दिवाली पर 10 लाख रेट बढ़ेगा

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA
## सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर

80% SOLD OUT

BOOKING AMOUNT 10%

20% UNITS LEFT

### PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

बड़ी-बड़ी कोठी
बड़े-बड़े फ्लैट

| यूनिट टाइप | साइज | आज की रेट | दिवाली बाद की रेट | पजेशन की रेट | पजेशन के बाद रेंटल (POSSESSION DEC. 2025) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 49.50 LACS | 54 LACS | 67.50 LACS | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 LACS | 60 LACS | 75 LACS | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 60.50 LACS | 66 LACS | 82.50 LACS | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 66 LACS | 72 LACS | 90 LACS | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 77 LACS | 84 LACS | 105 LACS | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 110 LACS | 120 LACS | 150 LACS | 50,000 |



KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com
www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**सब इंद्रियों को वश में रखकर सर्वत्र समत्व का पालन करके जो दृढ़-अचल और अचिन्त्य, सर्वव्यापी, स्वर्णीय, अविनाशी स्वरुप की उपासना करते हैं, वे सब प्राणियों के हित में लगे हुए मुझे ही पाते हैं।**

**–भगवान कृष्ण**

# भारत ने दिलाई मोटे अनाज को अंतर्राष्ट्रीय पहचान

मोटा अनाज यानी की श्रीअन्न आज दुनिया की पसंद बनता जा रहा है। दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि आज समूची दुनिया 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट ईयर के रुप में मना रही है। मोटे अनाज के महत्व और पोषकता को देखते हुए ही इसे श्रीअन्न कहकर पुकारा। देखा जाए तो जब 2018 में भारत ने मोटे अनाज को पोषक अनाज घोषित करने के लिए विश्वव्यापी अभियान चलाया तब पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थे कि संयुक्त राष्ट्र संघ मोटे अनाज के महत्व को समझते हुए 2023 को इंटरनेशनल मिलेट ईयर घोषित कर देगा। यह भी लगभग असंभव लगता था कि देश-दुनिया के देश इतनी जल्दी मोटे अनाज के प्रति जागरुक होंगे। दरअसल हमारे खान-पान के चलते एक के बाद एक बीमारियों से दो-चार होने लगे हैं, ऐसे में मोटा अनाज एक बेहतर विकल्प के रुप में उभरा है। पर जिस तरह से अभियान चलाकर मोटे अनाज को प्रमोट करने का अभियान चलाया गया है तो देश-विदेश में मोटे अनाज का गुणगान होने लगा है। मोटापा, डायबिटीज, विटामिन्स की डेफिसिएंसी, बढ़ती हार्ट डिजिजेज, एनिमिया, डाइजेशन प्राब्लम, कैल्शियम की कमी या यों कहें कि अच्छा खाने के बाद भी खोखले होते शरीर के कारण केमिकल्स पर आधारित दवाओं से अलग हटकर अब लोग मोटे अनाज में विकल्प खोजने लगे हैं। खरीफ की प्रमुख फसल बाजरा का तो इस साल और अधिक उत्पादन होने जा रहा है। किसान इससे उत्साहित है तो स्टार्टअप्स और खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां बेहद उत्साहित है।

दरअसल गई शताब्दी के छठें-सातवें दशक तक हमारे यहां खासतौर से गांवों का मुख्य भोजन मोटा अनाज ही रहा है। 1960 के दशक में खाद्यान्न संकट के विकल्प के रुप में हरित क्रांति का दौर आंरभ हुआ और ऐसे में खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना पहली प्राथमिकता बनी और इसके लिए गेहूं को प्रमुख विकल्प माना गया। इसके बाद एक ओर गेहूं के आयात, गेहूं के उत्पादन बढ़ाने और उत्पादन बढ़ाने के नाम पर रासायनिक उर्वरकों का दौर शुरु हुआ। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रचार तंत्र को एग्रेसिव किया गया और आज हमारे कृषि वैज्ञानिकों, नीति नियंताओं और अन्नदाता की मेहनत से देश खाद्यान्न को लेकर आत्मनिर्भर बन गया है। कोरोना त्रासदी से लेकर अब तक जरुरतमंद लोगों तक नि:शुल्क खाद्यान्न की उपलब्धता बड़ा सहारा बनी है। हरित क्रांति समय की मांग थी और आज भी है। पर अब समूची दुनिया में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों और नित नई बीमारियों से त्रस्त होने के कारण विकल्प तलाशा जाने लगा है और मोटे अनाज को दुनिया के देश बेहतर विकल्प और आशा के रुप में देख रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि एक समय था जब मोटा अनाज प्रमुख भोजन होता था। आज भी दुनिया में कुल उत्पादित मोटे अनाज में हमारे देश की भागीदारी 41 प्रतिशत है। राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू, आंध्र प्रदेश आदि प्रमुख राज्य है। आज मोटे अनाज के निर्यात में भी भारत प्रमुख देश है। हमारे देश से गए साल 2.69 करोड़ डॉलर का मोटा अनाज अमेरिका को निर्यात किया गया है। मोटे रुप से 13 प्रकार के अनाज को मोटे अनाज के रुप में माना जाता है। इनमें से प्रमुख रुप से 8 अनाजों बाजरा, रागी, कुटकी, संवा, ज्वार, कंगनी, चेना और कोंदों को माना जाता है। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के वर्ष 2023-24 के पहले अनुमान के अनुसार खरीफ पोषक मोटे अनाजों का उत्पादन 351.37 लाख टन अनुमानित है जो कि 350.91 लाख टन औसत मोटे अनाजों की तुलना में थोड़ा सा अधिक है। वर्ष 2023-24 के दौरान श्री अन्न का उत्पादन 126.55 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है।

**मोटा अनाज खासतौर से बाजरा खरीफ की प्रमुख फसल है। अब आसानी से समझा जा सकता है कि खरीफ की फसल पक कर तैयार हो जाती है तो उस समय तक सर्दी का मौसम आरंभ हो जाता है। सर्दी में बाजरा कितना स्वास्थ्यवर्द्धक होता है इसको बताने की आवश्यकता नहीं है तो गरमी में बाजरे की राबड़ी की अपनी पहचान हैं। समय का बदलाव देखिए कि गॉव-गरीब का भोजन आज पंच सितारा होटलों में लक्जरी व्यंजन बन चुका है।**

मोटे अनाज को प्रमोट करने के विश्वव्यापी प्रयास आरंभ हो गए हैं। युवा एंटरप्रोन्योर स्टार्टअप्स के माध्यम से आगे आ रहे हैं। लोगों को मिलेट रेसिपी भाने भी लगी है। लोग इनके महत्व को समझने लगे हैं। पुरानी पीढ़ी के लोगों को याद होगा कि राजस्थान में तो खासतौर से एक समय था जब घर पर मेहमान आने पर ही गेहूं की चपाती बनती थी। धीरे-धीरे मोटे अनाज का उत्पादन और उपयोग दोनों ही प्रभावित हुए। यह सब तो तब रहा जब कि बाजरा आदि मोटे अनाज के खेती में कम पानी और कम लागत आती है तो दूसरी और मोटा अनाज प्राकृतिक स्वास्थ्यवर्द्धक तत्वों से भरपूर रहे हैं और इनकी उपयोगिता को आज वैज्ञानिक सिद्ध कर रहे हैं। मौसम के अनुसार खेती होने से फसलों के तासीर भी पैदावार पक कर बाजार में आने के बाद उसके उपयोग से तय होती रही है। मोटा अनाज खासतौर से बाजरा खरीफ की प्रमुख फसल है। अब आसानी से समझा जा सकता है कि खरीफ की फसल पक कर तैयार हो जाती है तो उस समय तक सर्दी का मौसम आरंभ हो जाता है। सर्दी में बाजरा कितना स्वास्थ्यवर्द्धक होता है इसको बताने की आवश्यकता नहीं है तो गरमी में बाजरे की राबडी की अपनी पहचान हैं। समय का बदलाव देखिए कि गॉव-गरीब का भोजन आज पंच सितारा होटलों में लक्जरी व्यंजन बन चुका है। शादियों में बाजरे की खिचड़ी या छाछ राबडी प्रमुखता से परोसी जाने लगी है तो इसका मतलब भी समझना होगा।

देश में कृषि क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहे हैं। कृषि बजट में साल दर साल उल्लेखनीय बढ़ोतरी की जा रही है। अब कृषि वैज्ञानिकों के सामने नई चुनौती मोटे अनाज की उन्नत व गुणवत्तापूर्ण किस्में विकसित करने की है जिसे सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है, इस क्षेत्र में शोध और अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा रहा है और किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करने के समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। आज दुनिया के देश मोटे अनाज को एक बार फिर से भविष्य का अनाज देख रहे हैं तो फिर देश दुनिया में मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ाने के समन्वित प्रयास किये जा रहे है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शनिवार 4 नवम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, सप्तम तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, पुनर्वसु नक्षत्र प्रातः 7:57 तक, साध्य योग दिन 1:02 तक, विष्टि करण दिन 12:04 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-तुला, बुध-तुला, गुरू-मेष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज त्रिपुष्कर योग सूर्योदय से प्रातः 7:57 तक है। रवियोग प्रातः 7:57 तक रहेगा। आज भद्रा दिन 12:04 तक रहेगी। आज शनि मार्गी दिन 12:35 पर होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:04 से 9:26 तक, चर 12:10 से 1:32 तक, लाभ-अमृत 1:32 से 4:16 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:42, सूर्यास्त 5:39

**मेष**
परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। मित्रों/रिश्तेदारों के परेशानी हो सकती है। समय खराब हो सकता है। व्यावसायिक प्रतिष्ठा का ध्यान रखें।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

**वृष**
परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**मकर**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**कुंभ**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कर्क**
घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# इज़राइल-हमास के बीच लंबे समय तक संघर्ष: एक वैश्विक सुरक्षा ख़तरा



कर्नल राजेश भूकर

हमास के 'ऑपरेशन अल-अक्सा फ्लड' और इज़राइल के जवाबी हमले 'ऑपरेशन आयरन स्वोर्ड्स' में हमास के आतंकवादियों सहित हजारों इजरायली और फिलिस्तीनी मारे गए हैं और कई इजरायली नागरिक हमास द्वारा बंदी बना लिए गए हैं। जैसे-जैसे संघर्ष जारी है, स्थिति और भी खराब होती जा रही है और कई राष्ट्र प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी एक पक्ष का समर्थन करके युद्ध में शामिल हो गए हैं। संघर्ष की इस ताजा वृद्धि के साथ वैश्विक सुरक्षा माहौल और भी निचले स्तर पर पहुंच गया है और हर गुजरते दिन के साथ यह विश्व के लिए बड़ा खतरा साबित हो रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन और उसके सहयोगियों ने खुले तौर पर इज़राइल के साथ गठबंधन किया है और इस्लामी देशों विशेष रूप से ईरान, सीरिया, सऊदी अरब, पाकिस्तान जैसे अन्य अरब देशों ने खुले तौर पर हमास का समर्थन किया है। यह संघर्ष अब और बढ़ गया है क्योंकि ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने खुले तौर पर इजराइल की उत्तरी सीमाओं पर बमबारी की है। अमेरिकी वायुसेना के जेट विमानों ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सुविधाओं को निशाना बनाते हुए सीरिया के पूर्वी क्षेत्र पर बमबारी की है। हमास को खत्म करने के लिए गाजा में एक बड़े इजरायली जमीनी हमले से गाजा में संसाधन-वंचित और नाकाबंदी वाले इलाकों में फंसे लोगों की स्थिति खराब हो सकती है। हमास द्वारा अपनायी रणनीति जिसमें अनुमानित 2,000 लड़ाके जुटाकर बड़े पैमाने पर हमले करना, बंधक बनाना, बलात्कार, सिर काटना और लाइवस्ट्रीमिंग कर अपने आप को इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह, तालिबान और अन्य संगठनों की रणनीति से जोडने की कोशिश है। रूस और चीन अब तक संघर्ष में सक्रिय रूप से शामिल नहीं हैं और संघर्ष को समाप्त करने के लिए काम कर रहे हैं। मध्य पूर्व क्षेत्र में स्थिति गंभीर होती जा रही है और वैश्विक संघर्ष को बचाने और क्षेत्र में तनाव कम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य देशों को पुरजोर प्रयास करने होंगे।

वेस्ट बैंक में हमास द्वारा नियंत्रित गाजा और फिलिस्तीन प्राधिकरण कभी भी शांतिपूर्ण नहीं रहे हैं और लगातार झड़पें देखी गई हैं क्योंकि इस क्षेत्र में इजरायली निवासियों की हिंसा का समर्थन करने वाले IDF और हमास या हिजबुल्लाह की आतंकवादी गतिविधियों विवाद की जड़ रहे हैं। इस महीने के पहले सप्ताह में भड़की ताजा घटना की जड़ें गाजा की लंबी नाकाबंदी से जुड़ी हैं, जिससे फिलीस्तीनियों को काफी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बस्तियों के निर्माण में तेजी आई, साथ ही फिलिस्तीनियों को विस्थापित करने वाले इजराइली निवासियों के हमलों में वृद्धि हुई और चारों ओर तनाव बढ़ गया। यरूशलेम का एक पवित्र स्थल, अल-अक्सा मस्जिद में IDF का प्रवेश और कुछ फ़िलिस्तीनियों पर गोलीबारी से शत्रुताएँ बढ़ीं। 29 सितंबर को कतर, मिस्त्र और संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में इज़राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम पर बातचीत के बावजूद, हमास ने 07 अक्टूबर 2023 को Simchat Torah और Shabbat के यहूदी अवकाश के दौरान इज़राइल के अंदर बड़े पैमाने पर आश्चर्यजनक हमला किया।

इजरायली खुफिया एजेंसी की जानकारी बिना भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद इकट्ठा करना और IDF के किसी भी प्रतिरोध का सामना किए बिना तकनीकी रूप से सबसे उन्नत सीमा बाड़ के पार इजरायली भूमि में हमास मिलिशिया की खुली छूट के साथ प्रवेश, हमास के इस पूरे ऑपरेशन को अजीब और अस्पष्ट बना देती है। एक भी गोली नहीं चली और हमास मिलिशिया ने न केवल इतने सारे इजरायलियों को मार डाला बल्कि उनमें से कुछ को बंदी बनाकर गाजा वापस ले गए। हमास द्वारा शुरू किए गए संघर्ष ने इज़राइल की अजेयता की छवि और राज्य के दुश्मनों को पहचानने और उन्हें खत्म करने की क्षमता को गहरा झटका दिया है। यह नेतन्याहू सरकार की विफलता और स्पष्ट सैन्य और खुफिया विफलता रही है क्योंकि वे हमास के वास्तविक इरादों का आकलन करने में विफल रहे। पिछले कुछ वर्षों से गाजा में हमास के प्रति इजरायली प्रशासन की सहिष्णुता का उद्देश्य संभवतः फिलिस्तीन के अधिकार को नकारना था, लेकिन यह इजरायल के लिए बहुत महंगा साबित हुआ।

अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिम ने इजरायल को सैन्य सहायता प्रदान करने की इच्छाशक्ति दिखाई है, संयुक्त अरब अमीरात, भारत और कुछ अन्य लोगों ने अपनी राष्ट्रीय अखंडता की रक्षा के लिए इजरायल के अधिकार का खुलकर समर्थन किया है और हमास पर पलटवार किया है। रूस और चीन फिलिस्तीन समर्थक रहे हैं लेकिन उन्होंने हमास के खिलाफ जवाबी हमले के लिए इजरायल की खुले तौर पर निंदा नहीं की है। यहां तक कि लेबनान ने हिज़्बुल्लाह को इज़राइल सीमा के निकट स्थित पदों को खाली करने के लिए कहा है और इसका उपयोग इज़राइल पर हमला करने के लिए किया जा रहा है, जो दर्शाता है कि लेबनान इज़राइल के साथ सीधा टकराव नहीं चाहता है। भारत ने हमास के हमलों की कड़ी निंदा की है और इसे आतंकवादी कृत्य करार दिया है और इजरायल के साथ मजबूती से खड़ा है, लेकिन इजरायल के साथ शांति से रहने वाले फिलिस्तीन के 'संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य' राज्य का समर्थन करता है।

अमेरिका हमास को शीघ्र निष्प्रभावी करना और अरब-इजरायल युद्ध का रूप लिए बिना इस संघर्ष को समाप्त होते देखना चाहेगा। अमेरिका को दक्षिण चीन सागर में बीजिंग और यूक्रेन में युद्ध को लेकर मॉस्को पर ध्यान केंद्रित करना चाहेगा। रूसी इसे यूक्रेन युद्ध और यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति में कमी से पश्चिम का ध्यान हटाने के अवसर के रूप में देखते हैं। रूस इस संघर्ष में शामिल होना तब तक पसंद नहीं करेगा जब तक कि उसके मजबूत सहयोगी सीरिया को खतरा न हो। चीनी कूटनीतिक रूप से फ़िलिस्तीन के साथ खड़े हैं, वो इज़राइल के तीसरे सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार होने के नाते सीधे हस्तक्षेप नहीं करना चाहेंगे। ईरान ने खुले तौर पर हमास के हमलों का समर्थन किया है और इजरायल और सऊदी अरब के बीच चल रहे शांति समझौते को पटरी से उतारने के उद्देश्य से उत्तर में इजरायल पर हमला करने वाले हिजबुल्लाह का सक्रिय रूप से समर्थन कर सकता है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम और पड़ोसी देशों में आतंकवादी समूहों को उसके निरंतर समर्थन को लेकर इज़राइल और ईरान के बीच सैन्य टकराव अभी भी एक बड़ा खतराबना हुआ है।

भारत के लिए सीख. भारत के लिए इस संघर्ष से सबसे महत्वपूर्ण सबक है अपनी सशस्त्र सेनाओं को मजबूत करने और उच्चतम मनोबल के साथ किसी भी स्थिति से निपटने के लिए उन्हें तैयार रखने की आवश्यकता है। भारतीय खुफिया सेवाओं की सतर्कता और प्रभावशीलता को अव्वल दर्जे की बनाई जाए। हमारी खुली सीमाओं पर प्रभावी जांच और समर्पित प्रतिक्रिया टीमों के साथ सीमा बाड़ के तकनीकी सुधार की आवश्यकता है। प्रमुख सहयोगियों के साथ खुफिया जानकारी साझा करने की व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है। सरकार को एक राष्ट्रीय सुरक्षा नीति बनाने की ज़रूरत है जिसमें सभी संभावित खतरों को शामिल किया जाए और लगातार निगरानी और अद्यतन करने के लिए एक प्रणाली बनाई जाए। हमारे कुशल आतंकवाद विरोधी बल को और मजबूत करने की भी सख्त आवश्यकता है जो संघर्ष के भड़कने पर पूरे क्षेत्र को प्रभावी तरीके प्रभावी ढंग से संचालन कर सके। उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में भारत को हमास आतंकवाद की निंदा करने और इज़राइल के आत्मरक्षा के अधिकार पर संतुलन की स्थिति अपनानी होगी। मध्य पूर्व क्षेत्र में स्थिति को सामान्य बनाना होगा ताकि इसे वैश्विक संघर्ष का बड़ा रूप लेने से रोका जा सके और नागरिक हताहत ना हो। इसके अलावा इज़राइल के साथ फ़िलिस्तीन के स्वतंत्र राज्य की शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की नीति भी बरकरार रखनी होगी।

लेखक डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन से स्नातकोत्तर हैं और कॉलेज ऑफ कॉम्बैट महू के पूर्व छात्र हैं।

**-कर्नल राजेश भूकर,**
**भूतपूर्व सैनिक कल्याण अधिकारी, जयपुर।**

# गुजरात में जज बनी मनाली लाटा

## सिविल ज्यूडीशियरी परीक्षा में मनाली ने टॉप किया



मनाली लाटा का माला पहनाकर स्वागत किया।

**जोधपुर,** (कासं)। मनाली लाटा ने गुजरात हाईकोर्ट द्वारा आयोजित सिविल ज्यूडीशियरी परीक्षा में टॉप किया। परीक्षा में मनाली ने 250 में से 156.50 अंक हासिल कर टॉप किया। 7000 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी थी। कई राउंड के बाद कुल 13 विद्यार्थियों का चयन किया गया, उनमें मनाली ने टॉप किया। मनाली ने 10 वीं और 12 वीं की शिक्षा जोधपुर में पूरी की और और निरमा यूनिवर्सिटी गुजरात से लॉ की पढाई पूरी की।

मनाली का कहना है कि अगर आप सोच लो और ठान लो तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है, मगर अपने सपने के पीछे आपको लगे रहना होता है, लगातार।

मनाली दो साल से इस परीक्षा की तैयारी कर रही थी और कोई दिन ऐसा नहीं गया जब कम से कम छह घंटे उसने पढ़ाई न की हो। वह युवाओं से यही कहना चाहती है कि सपने देखो, धैर्य रखो, सेल्फ मोटीवेटेड रहो और मेहनत करते रहो। मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। मैं अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ ही कड़ी मेहनत को देना चाहती हूं।

# हाईकोर्ट ने दिव्यांग को नियुक्ति देने का आदेश दिया

- **आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी भर्ती-2023 का मामला**
- **प्रमाण पत्र में बाएं भुजा के स्थान पर बाएं हाथ की नि:शक्तता लिखा हुआ था**

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश अरुण भंसाली ने आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी भर्ती-2023 में एक नि:शक्तजन को समस्त परिलाभ सहित तीन सप्ताह में नियुक्ति देने के आदेश दिए हैं। इस मामले में वरिष्ठ न्यायाधीश अरुण भंसाली ने नि:शक्तता को लेकर विस्तृत विवेचन कर निर्णय दिया है। आयुर्वेद विभाग ने विकलांगता प्रमाण पत्र में बाएं भुजा के स्थान पर बाएं हाथ की नि:शक्तता लिखे होने के कारण अभ्यर्थिता निरस्त कर दी थी।

जिला चूरू के बिदासर निवासी डॉ. रविन्द्र कुमार नायक की ओर से अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी ने हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दायर कर बताया कि याची बाएं हाथ में 40 प्रतिशत से अधिक लोकोमोटर्स डिसेबिलिटी से पीड़ित होकर वन हाथ (वन आर्म) श्रेणी से नि:शक्तजन है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुल 4 प्रतिशत क्षेतिज रूप से आरक्षण का प्रावधान किया हुआ है जो विज्ञापित पद के कार्य दायित्वों के अनुरूप नि:शक्तजन की उपयुक्त श्रेणी को देय होता है। उक्तनुसार आयुर्वेद विभाग ने आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के कुल 787 विज्ञापित पदों में से 32 पदों के लिए दिव्यांगजन की ओएल, ओए, बीएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसएलडी, एमडी श्रेणी को ही पात्र विशेष योग्यजन चिन्हित किया। आयुर्वेद विश्वविद्यालय करवड़ और आयुर्वेद विभाग अजमेर द्वारा उक्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी भर्ती-2023 में दस्तावेज सत्यापन काउंसलिंग के पश्चात अंतरिम वरीयता सूची जारी की, जिसमें दिव्यांगजन हेतू आरक्षित 32 पदों के विरुद्ध केवल 14 दिव्यांगजन को ही अस्थायी चयनित किया और शेष 18 पदों पर योग्य दिव्यांग अभ्यर्थी नहीं मिलने का कहकर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को अस्थायी चयनित कर लिया गया।

अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में बताया कि भर्ती में यदि दिव्यांजन अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हो तो अधिनियम 2016 की धारा 34 के अनुसार आरक्षित पदों को आगामी भर्ती वर्ष में अग्रेषित करने का स्पष्ठ प्रावधान है जिसका उल्लेख विज्ञिप्त में भी किया गया है। इसके बावजूद याची के योग्य व उपलब्ध होने के बाद भी उसे चयनित नहीं करना गैर कानूनी और अवैध हैं। आपत्तियां प्रस्तुत करते समय भर्ती एजेंसी आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा याची को मौखिक बताया गया कि यदि उसके प्रमाण पत्र में बाया हाथ के स्थान पर बाएं भुजा की नि:शक्तता का अंकन होता तो ही वह एकल भुजा ओए श्रेणी में पात्र हैं, जो स्पष्ठतः विधि विरुद्ध और असवैधानिक है। अधिवक्ता ने कोर्ट का ध्यान इस ओर भी दिलाया कि याचिका पेश होने के पश्चात आयुर्वेद विभाग द्वारा तुरंत फुरत में बिना अंतिम कटऑफ जारी किए 23 सिंतबर को अंतिम अस्थायी चयन सूची भी जारी कर दी है जिसमें भी दिव्यांगजन पदों के विरुद्ध सामान्य अभ्यर्थियों को पुन: चयनित कर लिया गया है और परिवेदना प्राप्त होने के बावजूद भी कोई सुधार नहीं किया तथा अब आयुर्वेद विभाग अजमेर तुरतफुरत में इनका पदस्थापन आदेश भी जारी कर दिए। याची के अधिवक्ता ने बताया कि हथेली, कलाई और अंगुलिया मिलकर हाथ का निर्माण होता हैं तथा कंधे व कलाई के बीच का भाग भुजा (आर्म) कहलाती है और आम बोलचाल में इसको हाथ (हैंड) कहा जाता है। याची के भी बाएं भुजा में नि:शक्तता है जो प्रमाण पत्र में लगी फोटोग्राफ से स्पष्ठतः दर्शित होती है। रिकॉर्ड पर आए तथ्यों का परिशीलन कर न्यायाधीश अरुण भंसाली ने रिट याचिका स्वीकार करते हुए तीन सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता को आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी पद पर समस्त पारिणामिक परिलाभ सहित नियुक्ति देने के आदेश दिए।

# "मोमासर उत्सव" में इस बार 50 प्रतिशत महिला कलाकारों की भागीदारी

## "मोमासर उत्सव" में कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया



बीकानेर के मोमासर में "मोमासर उत्सव" के 11वें संस्करण का आगाज़ हुआ।

**जयपुर।** राजस्थान के सबसे बड़े कल्चरल फेस्टिवल "मोमासर उत्सव" में इस बार 50 प्रतिशत महिला कलाकार और दस्तकार अपनी प्रस्तुतियों और कलाओं से आयोजन को गुलज़ार कर रही हैं। राजस्थान में किसी कल्चरल फेस्टिवल में ऐसा पहली बार हो रहा है जबकि आयोजन के कलाकारों में आधी तादाद महिला कलाकारों की हो। उत्सव हमेशा से दुर्लभ लोक संगीत, कला और परम्पराओं को सहेजता आया है। उत्सव हमेशा से संवेदनशीलता का पर्याय रहा है। यह एक ऐसा दुर्लभ आयोजन है जिसमें ना उम्र की कोई सीमा है और ना ही शारीरिक चुनौतियों का कोई बंधन। यहां पुरुष, महिलाएं, युवा, बुज़ुर्ग, दृष्टिबाधित, विशेष योग्यजन हर तरह के कलाकार परफ़ोर्म करते आए हैं और उन्होंने अपनी कला से हज़ारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है।

बीकानेर के मोमासर में आयोजित होने वाले "मोमासर उत्सव" के 11वें संस्करण में पहले दिन की शुरुआत भोमियाजी मंदिर में गीता पराग कबीर और साथियों के भक्ति संगीत से हुई। इसके बाद हवेली चौक में रामकुमार नाथ जोगी ने तीन लोक वाद्य पुंगी, बांसुरी और अलगोजा वादन की अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया। शांति देवी कालबेलिया और साथियों ने पुंगी पर कालबेलिया समुदाय के गीत पेश किए। बेगम बतूल ने भी शेखावाटी के पारंपरिक लोक गीतों से शेखावाटी की समृद्ध विरासत को यहां साकार कर दिया। रात को द सैंड्स में आयोजित "म्यूजिक अंडर द स्टार्स" में नानक नाथ जोगी ने जोगिया सारंगी पर भक्ति गीत पेश किए।

साउथ अमेरिकी कलाकार निकोलस-कैरोलीना व ट्रंपेट कलाकार आमिर बियानी की संगीतमय प्रस्तुति ने दिखाया कि संगीत की कोई भाषा और सीमा नहीं होती है। इसके बाद भुंगर खान पारंपरिक मांगणियार गीत और अम्बा लाल व साथियों के बॉलीवुड क्लासिक्स ने रात को द सैंड्स (कुनाल-कनिका फार्म) के खुले मैदान में समां बांध दिया।

यह उत्सव राजस्थान की संस्कृति, अद्भुत कला और दुर्लभ लोक संगीत को बरसों से सहेजता आ रहा है। यह राजस्थान का एकमात्र ऐसा आयोजन है जिसमें इतने बड़े स्तर पर समुदाय और आमजन की सहभागिता रहती है। गौरतलब है कि मोमासर उत्सव का आयोजन "जाजम फाउंडेशन" द्वारा किया जाता है।

इसके मुख्य प्रायोजक सुरवि चैरिटेबल ट्रस्ट और सह-प्रायोजक संचेती ग्रुप हैं। नागपाल इवेंट्स-जयपुर, विश-मेकर्स-दिल्ली, लोक-धुनी फाउंडेशन, डांसिंग पिकॉक और मर्करी कम्यूनिकेशन इस उत्सव के सहयोगी है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT




WAR DESPTCHES 1971

He recalls taking a Sikh officer to a hospital in Dhaka after the surrender and how a Pakistani nurse asked if it was safe for her to attend to the Sikh officer

Less Religion, More TV Monsters

Boosting Touch screen Accessibility




# क्या बिखरने लगा है इंडिया गठबंधन?

## शरद पवार, सीताराम येचुरी सहित तमाम बड़े नेता गठबंधन के भविष्य पर चिंता जता रहे हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- इधर गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी, कांग्रेस का सारा फोकस विधानसभा चुनावों पर है, जिनमें जीत हासिल होने पर पार्टी की ताकत बढ़ जाएगी और अन्य दलों को दबा पाएगी।
- गठबंधन के दो अन्य प्रमुख दल, आप और तृणमूल भी मुश्किल में हैं। आप के मुखिया केजरीवाल पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, वहीं तृणमूल पार्टी के कई नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं।

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। विपक्षी पार्टियों का 5 माह पुराना गठबंधन इंडिया बिखराव की ओर है क्योंकि इसमें शामिल प्रमुख पार्टियों के नेता जैसे शरद पवार, सीताराम येचुरी, उमर अब्दुल्ला और अखिलेश आदि सभी गठबंधन में समस्याओं को लेकर आवाज उठा रहे हैं।

सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस इस पर ज्यादा चिंतित नहीं है वह अपनी ताकत दिखाने की तैयारी में है और वह इस माह होने वाले पांच विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश में है। दो अन्य मुख्य पार्टियां तृणमूल कांग्रेस और आप खुद कठिनाई में फंसी है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और उनके विश्वस्त सहयोगियों के खिलाफ जांच एजेंसियां शराब घोटाले की जांच कर रही हैं। ममता बनर्जी की पार्टी की सांसद महुआ मोइत्रा पर आरोप लग रहा है कि, उन्होंने पैसे लेकर लोकसभा में प्रश्न उठाए। ममता ने महुआ के मामले में चुप्पी साध रखी है और उनकी पार्टी के नेताओं का कहना है कि वे हर तरह के भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं और इसलिए महुआ को अपना बचाव खुद ही करना पड़ रहा है।

गठबंधन की कुछ पार्टियों के सूत्रों का कहना है कि वे इंडिया गठबंधन की कोई बैठक न होने से चिंतित है। अगर ऐसा होता तो गठबंधन के भागीदारों में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए आपसी समझ बनती।

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के मतभेद सार्वजनिक होने, मोइत्रा वाली घटना और केजरीवाल को ई.डी. का समन मिलने से वह आत्मविश्वास कम होने लगा है जो पटना, बेंगलुरू और मुंबई की तीन बैठकों के बाद पैदा हुआ था।

एन.सी.पी. सुप्रीमो शरद पवार ने गत शनिवार को कहा था कि, इंडिया गठबंधन के सदस्यों में राज्य स्तर पर मतभेद हो सकते हैं और यह भावना है कि वे चाहे विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे के खिलाफ लड़े लेकिन लोकसभा चुनाव सबको मिलकर लड़ना चाहिए।

अखिलेश यादव ने हाल ही में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस से नाराजगी जताई थी और कांग्रेस के नेता भी वाक् युद्ध में उलझ गए थे।

इंडिया गठबंधन में अंदरूनी मतभेद पर अब्दुल्ला के बयान पर एक प्रश्न के जवाब में सीताराम येचुरी ने कहा कि गठबंधन के अंदर यह भावना है कि गठबंधन का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता भाजपा के हाथ में न चली जाए।

येचुरी ने कहा, "हम चाहते हैं कि राज्यों में भी ऐसा होता। विधानसभा चुनाव में भी ज्यादा समन्वय और सहयोग होना चाहिए था जो 2024 में मददगार होता।"

ADMISSION CLOSING SOON
for the Session 2023-24
BJMC
MJMC
Helpline : +91-8696218218
BIYANI GIRLS COLLEGE

# सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज की

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अंजुमन इंतज़ामिया मस्जिद कमेटी की वह याचिका खारिज कर दी जिसमें इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के प्रशासनिक निर्णय को चुनौती दी गई थी। चीफ जस्टिस ने वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद का केस सिंगल जज की बैंच से वापस लेने का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'ताजमहल असल में राजा मानसिंह का महल था'

## हिन्दू सेना के इस दावे पर दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की राय मांगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- हिन्दू सेना ने याचिका में दावा किया है कि, ताजमहल के इतिहास में गलत जानकारी है, इसे सही किया जाना चाहिए।

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक याचिका को लेकर आर्किऑलजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया (ए.एस.आई.) से ताजमहल के इतिहास की अस्पष्टताओं के बारे में पूछा है। याचिका में कोर्ट से मांग की गई है कि शाहजहां द्वारा ताज का निर्माण कराए जाने की कथित तथ्यात्मक गलत जानकारी को इतिहास की पुस्तकों से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अक्टूबर 2022 से सितम्बर 2023 के बीच लगभग एक लाख भारतीयों ने अमेरिका में घुसने की अवैध कोशिश की

## यू.एस. कस्टम्स एवं बॉर्डर प्रोटैक्शन डेटा के अनुसार इनमें सबसे ज्यादा लोग पंजाब और गुजरात के हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- डेटा के अनुसार गत 5 सालों में अमेरिका में अवैध रूप से घुसने की कोशिश करने वाले लोगों की तादाद में पांच गुना वृद्धि हुई है।
- यह संख्या मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से खासतौर से बढ़ी है।
- पता चला है कि, ये लोग अमेरिका जाने के लिए जमीन, घर और जेवर बेच कर एजेन्टों को पैसा देते हैं।
- अमेरिका के सिनेटर जेम्स लैंकफर्ड ने बताया कि, इनमें से अधिकांश लोग तकरीबन चार फ्लाइट्स लेते हैं और फ्रांस से मैक्सिको जाते हैं, जो अमेरिका के एकदम करीब है और वहाँ से बस से अमेरिका में प्रवेश करते हैं।

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। पंजाब और गुजरात के निवासियों के लिए अमेरिका आज भी उनके ख्वाबों की मंजिल है। यू.एस. कस्टम्स एण्ड बॉर्डर प्रोटेक्शन के आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2022 से सितम्बर 2023 के बीच 96,917 भारतीय अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करते पकड़े गए।

पिछले कुछ वर्षों में अवैध रूप से अमेरिका में घुसते हुए गिरफ्तार होने वाले भारतीयों की संख्या में पांच गुना इजाफा हुआ है।

2014 में मोदी सरकार आने के बाद जब देश में बेरोजगारी दर बढ़ने लगी तो ऐसे लोगों की संख्या भी तेजी से बढ़ने लगी।

अमेरिका जाने के इच्छुक अपनी जमीने बेचकर एजेंटों को भारी रकम देते हैं।

2019-20 में 19883 भारतीय पकड़े गए थे। 2020-21 में 30662 और 2021-22 में 63917 भारतीय गिरफ्तार हुए। अक्टूबर 2022 से सितम्बर 2022 के बीच पकड़े गए 96917 भारतीयों में से अधिकांश पंजाब और गुजरात से हैं इनमें से 30010 कनाडा की सीमा पर पकड़े गए और 41770 मैक्सिको की सीमा पर। गिरफ्तार लोगों को चार श्रेणियों में बांटा जा सकता है-बड़ों के साथ जाने वाले नाबालिग, एक पारिवारिक इकाई के व्यक्ति, अकेले वयस्क और बिना वयस्कों के साथ वाले बच्चे। इनमें सबसे ज्यादा अकेले वयस्क हैं। वित्तीय वर्ष 2023 में 84000 भारतीय वयस्कों ने अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश किया। गिरफ्तार लोगों में 730 अकेले नाबालिग थे। अमेरिका की संघीय सरकार का वित्तीय वर्ष 1 अक्टूबर से 30 सितम्बर तक होता है।

इस बीच सीनेटर जेम्स लैंकफोर्ड ने गुरूवार को सीनेट में कहा कि ये लोग चार उड़ानों से यात्रा करते हैं। पहले वे लोग फ्रांस जैसे देशों में जाते हैं, फिर वहां से मैक्सिको के सबसे नजदीकी हवाई अड्डे पर पहुंचते हैं और वहां गिरोहों द्वारा उपलब्ध करवाई गई बसों से अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं।

लैंकफोर्ड ने कहा, "इस साले में अब तक भारत से 45000 लोग हमारी दक्षिणी सीमा तक पहुंचे, गिरोहों को पैसा दिया और हमारे देश में घुस गए।"



# ए.सी.एस.सुबोध अग्रवाल के आवास पर सुबह से शुरू हुई ई.डी.की कार्रवाई देर रात तक चली

## जल जीवन मिशन घोटालों के मामले में शुक्रवार को ई.डी. ने जलदाय मंत्री महेश जोशी, एसीएस सुबोध अग्रवाल समेत कई अधिकारियों के आवास व कार्यालयों पर छापेमारी की






प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने शुक्रवार को जल भवन और अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल के निवास पर छापेमारी की।

**जयपुर।** प्रदेश में जल जीवन मिशन घोटालों के मामले में शुक्रवार को ईडी की टीमों राज्य सरकार के जलदाय मंत्री महेश जोशी, विभाग के एसीएस सुबोध अग्रवाल समेत कई अधिकारियों के आवास और कार्यालयों छापेमारी कर सर्च की कार्रवाई की। इस दौरान ईडी ने जगतपुरा के प्रोपर्टी डीलर रामअवतार शर्मा व संजय बढ़ाया के यहां से 45 लाख रुपए जब्त किए है। वहीं पदमचंद जैन और अन्य ठेकेदारों के लगभग 1 करोड़ 75 लाख के बैंक खाते भी सीज किए गए है।

जल जीवन मिशन में करोड़ों रुपए के घोटले के मामले में ईडी ने शुक्रवार को जयपुर और दौसा में 6 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी की गई। सुबह अचानक हुई छापेमारी के बाद जलदाय विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों में हड़कंप मच गया। ईडी की टीमों ने सुबह साढ़े छह बजे जलभवन पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी। इसके बाद सुबह करीब 8 बजे तीन टीमें सचिवालय पहुंची और जलदाय विभाग के एसीएस सुबोध अग्रवाल के ऑफिस में सर्च करना शुरू किया। इसके अलावा उनके गांधी नगर स्थित आवास पर भी टीम ने सर्च किया। इस दौरान उनके घर पर ईडी के अधिकारियों के साथ दिल्ली पुलिस की दो गाड़ियों में करीब एक दर्जन जवान पहुंचे। टीम ने अग्रवाल के आवास पर नौ कमरों की गहनता से तलाशी ली। इस बीच ईडी ने लैपटॉप, कम्प्यूटर, हार्ड डिस्क और मोबाइल के डाटा को रिकवर करवाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया। वहीं कार्रवाई के दौरन इनकम टैक्स विभाग से सुबोध अग्रवाल की पत्नी रोली अग्रवाल से लाल रंग की फाइल मंगवाई गई। उधर ईडी की टीम ने सुबोध अग्रवाल के ऑफिस में शाम साढ़े सात बजे तक कार्रवाई की। इस दौरान जल जीवन मिशन का तमाम डेटा और रिकॉर्ड जब्त किया। देर रात तक उनके आवास पर ईडी के अधिकारी कार्रवाई में जुटे रहे।

वहीं जलदाय मंत्री महेश जोशी के सचिवालय स्थित कार्यालय में भी ईडी ने सर्च किया। बताया जा रहा है कि इस दौरान ईडी ने वहां से हार्ड डिस्क जब्त की। इनके अलावा ईडी ने विभाग से जुड़े चीफ इंजीनियर केडी गुप्ता, इंजीनियर दिनेश गोयल, एक्सईएन संजय अग्रवाल के कार्यालय सहित अन्य ठिकानों पर भी सर्च किया। छापेमारी की सूचना मिलने पर यह सभी सीनियर अधिकारी कार्यालय नहीं पहुंचे।

- ई.डी. ने प्रोपर्टी डीलर रामावतार शर्मा व संजय बढ़ाया के यहां से 45 लाख रुपए जब्त किए
- ई.डी. ने अग्रवाल के घर पर लैपटॉप, कम्प्यूटर, हार्ड डिस्क और मोबाइल के डाटा को रिकवर करवाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया।
- पदमचंद जैन और अन्य ठेकेदारों के लगभग 1 करोड़ 75 लाख के बैंक खाते भी सीज किए।

### दौसा में भी कारोबारी के यहां छापा

ईडी की एक टीम ने दौसा जिला मुख्यालय स्थित रेडीमेड कारोबारी के यहां भी रेड की है। सुबह अचानक टीम के पहुंचने का पता चलते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया। ईडी की टीम ने नया कटला स्थित राधिक ड्रेसेज पर गोपनीय तरीके से कार्रवाई की। प्रतिष्ठान संचालक के आवास के चारों तरफ से दरवाजे व खिड़की बंद कर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि कारोबारी के जल जीवन मिशन के उच्च अधिकारियों से तार जुड़े हैं। सूत्रों के अनुसार दौसा के मानगंज में भी ईडी की टीम ने नमन रावत के घर में छापा मारा। नमन रावत पीएचईडी के ठेकेदार बताये जा रहे हैं। साथ ही संजय बढ़ाया के रिश्तेदार भी हैं।

जलदाय मंत्री महेश जोशी के करीबियों के रूप में संजय बढ़ाया और नमन रावत को जाना जाता है। ऐसे में दौसा में सुबह करीब 7 बजे के 6 अधिकारी-कर्मचारी नमन रावत के घर में पहुंचे और लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान नमन रावत से पूछताछ में की गई हालांकि ईडी ने इस मामले को लेकर कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी है।

### दो महीने पहले भी जयपुर में रेड मारी थी

गौरतलब है कि करीब दो महीने पहले भी ईडी ने जयपुर में अलग-अलग जगह रेड मारी थी। सर्च के दौरान ढाई करोड़ रुपए नगद और सोने की ईट मिली थीं। ईडी को प्रोपर्टी कारोबारी संजय बढ़ाया और कल्याण सिंह कविया के घर से कई दस्तावेज भी मिले थे। इसके बाद सीनियर आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल का नाम सामने आया था। जांच में सामने आया कि इस पर संजय ने सबसे पहले अपना आईफोन 14 प्रो बदलकर उसकी जगह दूसरा मोबाइल ले लिया था। ईडी को बढ़ाया के घर से नकदी नहीं मिली, लेकिन जो दस्तावेज मिले वो ईडी की जांच आगे बढ़ाने के लिए काफी थे।

दस्तावेजों में कई अधिकारी, राजनेताओं को पैसा लेने और देने के सबूत होने का दावा किया जाता है। कुछ रजिस्ट्री के दस्तावेज भी ईडी को मिले थे। दो महीने पहले हुई रेड में कल्याण सिंह कविया के घर से ब्यूरोक्रेट्स और राजनेताओं के नामों से रजिस्टर्ड जमीनों के कागजात मिले थे। कविया जयपुर के वैशाली नगर, करणी पैलेस रोड, गांधी पथ सहित कई इलाकों में प्रोपर्टी का बिजनेस करता है। इस आधार पर माना जा रहा था कि ईडी ऐसे अधिकारियों और राजनेताओं से पूछताछ भी कर सकती है।

## सार-समाचार

### एम.बी.सी. को पांच फीसदी आरक्षण नहीं देने पर जवाब मांगा

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी विशेष शिक्षक भर्ती-2022 में अति पिछड़ा वर्ग को पांच फीसदी आरक्षण का लाभ नहीं देने पर शिक्षा सचिव, कार्मिक सचिव, प्रारंभिक शिक्षा निदेशक और कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव से जवाब तलब किया है। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि क्यों ना एमबीसी वर्ग के तहत याचिकाकर्ता का चयन कर लिया जाए। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश सुखदेव गुर्जर की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि गत 16 दिसंबर को तृतीय श्रेणी शिक्षक के 27 हजार पदों पर भर्ती निकाली गई। इनमें से 285 पद विशेष शिक्षकों के लिए रखे गए थे। राज्य सरकार को इन विशेष शिक्षकों के पदों का पांच फीसदी एमबीसी वर्ग के लिए आरक्षित रखना था। गत 2 जून को जारी अंतरिम परिणाम में याचिकाकर्ता को शामिल किया गया। वहीं बाद में अंतिम परिणाम में याचिकाकर्ता को चयन से वंचित कर दिया गया। यदि राज्य सरकार की ओर से एमबीसी वर्ग के लिए पांच फीसदी पद आरक्षित रखे जाते तो याचिकाकर्ता के अंकों के आधार पर उसका चयन सुनिश्चित था। याचिकाकर्ता ने जब इस संबंध में विभाग में प्रार्थना पत्र पेश किया तो उसे जानकारी दी गई की इन पदों की गणना जिला स्तर पर की गई है। इसलिए एमबीसी वर्ग को पांच फीसदी आरक्षण नहीं मिला है और इस कारण उसका चयन नहीं हुआ। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने राज्य स्तरीय भर्ती निकाली थी और चयन प्रक्रिया भी राज्य स्तर पर ही की गई थी। ऐसे में एमबीसी वर्ग के पदों के लिए आरक्षण की गणना भी राज्य स्तर पर ही की जानी चाहिए।

### उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या हमास जैसी आतंकी घटना : मनोज तिवारी

**जयपुर।** दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और नई दिल्ली सासंद मनोज तिवारी ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस आतंकी संगठन हमास की समर्थक है, आप इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि ये लोग किस हद तक तुष्टिकरण के पोषक हैं। उदयपुर में एक छोटे दुकानदार कन्हैयालाल टेलर की गला रेतकर हत्या कर दी जाती है, और उसका विडियो बनाया जाता है यहीं से हमास जैसी आतंकी गतिविधियों की शुरूआत हो गई थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के मुखिया इन घटनाओं को छिटपुट और सामान्य घटना बताते हैं। दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और नई दिल्ली सासंद मनोज ने कहा कि राजस्थान जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर वाले प्रदेश में आज क्या हो रहा है भ्रष्टाचार में सबसे अव्वल कोई राज्य है तो वह राजस्थान है।

# हार के भय से मुख्यमंत्री लगा रहे हैं मनगढंत आरोप : सी.पी.जोशी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रदेश की जनता को सात गारंटी देने वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि झांसेबाज अशोक गहलोत सरकार ने पिछले पांच वर्षों में सिर्फ सत्ता बचाने की गारंटी रखी। इनकी वास्तविक सात गारंटी किसानों के साथ कर्ज माफी का धोखा, महिला दुष्कर्म और अत्याचार, युवाओं के रोजगार माफियाओं को बेचना, कुशासन, खनन माफियाओं को पनपाना, सभी विभागों में भ्रष्टाचार रहे हैं। इनकी गारंटी चाइनीस खिलौनों जैसी है, जो कभी भी टूट सकती है।

सीपी जोशी ने कहा कि इनकी वादाखिलाफी प्रदेश की जनता देख चुकी है। अब ये जो सात गारंटियों की बात कर रहे हैं, यह सिर्फ झांसेबाजी का ड्रामा है। 3 दिसंबर को इस सरकार की विदाई तय है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के चेहरे पर अभी से हार को घबराहट नजर आने लगी है। जोशी ने कहा कि ईआरसीपी के मुद्दे पर गहलोत सरकार ने पिछले पांच वर्षों में क्या कार्य किया। कांग्रेस इसे सिर्फ चुनावी मुद्दा बना रही है। ईआरसीपी पर गहलोत सरकार कभी संवेदनशील नहीं रही। मध्य प्रदेश सरकार से कितनी मीटिंग की?

- 'कांग्रेस सरकार की कोई गारंटी नहीं, फिर भी अशोक गहलोत कर रहे हैं झांसेबाजी का ड्रामा'

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा बनाए गए प्रपोजल को आगे बढ़ाने में कितनी रुचि दिखाई? मध्यप्रदेश में जब कांग्रेस की कमलनाथ सरकार थी, तब ईआरसीपी योजना पर पत्र लिखकर आपत्ति जताई थी, उस समय गहलोत सरकार ने इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास क्यों नहीं किया। इनकी लापरवाही से ही यह प्रोजेक्ट अटका है और अब इस पर राजनीति कर रहे हैं, लेकिन भाजपा जो कहती है वह करती है।

### भजनलाल शर्मा ने भरा नामांकन

**जयपुर।** भाजपा सांगानेर से विधायक प्रत्याशी भजनलाल शर्मा ने हजारों कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ अपने प्रधान कार्यालय विजयपथ से रास्ते में जनता का आशीर्वाद लेते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। शर्मा ने कहा सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के संकल्प के साथ आज नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस दौरान विधायक अशोक लाहोटी, सांसद रामचरण बोहरा, घनश्याम तिवाड़ी सहित कई नेता मौजूद रहे।

# राष्ट्रवादियों और साहित्य का महाकुंभ 'जयपुर डायलॉग' आज से

**जयपुर, (का.सं.)।** देश की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर जयपुर शहर में जयपुर डायलॉग्स-2023 का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन 4 नवंबर से जेएलएन मार्ग स्थित होटल क्लार्क आमेर में होगा।

साहित्यक आयोजनों के प्रतिष्ठित मंच जयपुर डायलॉग-2023 के आठवें संस्करण में कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अनेक साहित्यकार, विचारक, आलोचक, विषय विशेषज्ञ, विश्लेषक और टिप्पणीकार विभिन्न विषयों पर खुलकर संवाद करेंगे।

- राजनीति, साहित्य और संस्कृति की नामचीन हस्तियां गुलाबी नगरी में करेंगी मंथन
- सुधांशु त्रिवेदी, मंसूर हल्लाज, शहजाद पूनावाला, आरती टिक्कू, प्रतीक बोराडे, अंबर जैदी सहित 60 से अधिक वक्ता श्रोताओं से होंगे रूबरू




जयपुर डायलॉग फोरम के चेयरमैन संजय दीक्षित ने 4 नवंबर से होने वाले जयपुर डायलॉग्स-2023 के वार्षिक सम्मेलन के बारे में जानकारी दी।

जयपुर डायलॉग फोरम के चेयरमैन संजय दीक्षित ने बताया कि यह एक प्रकार का वैचारिक स्वतन्त्रता का आयोजन है। इस बार के सम्मेलन की थीम भारत एक चौराहे पर होगी साहित्य का कुंभ कहे जाने वाले दो दिवसीय इस आयोजन में देश में चल रही एक ही तरह की विचारधारा से अलग हटकर वैचारिक स्वतंत्रता और राष्ट्रवाद को एक अलग तरह से रेखांकित करना ही इसका उद्देश्य है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान कायम कर चुका जयपुर डायलॉग का यह वार्षिक आयोजन अब डिजिटल फुटप्रिंट पर भी है। दीक्षित ने बताया कि राष्ट्रवादियों के इस महा आयोजन में राष्ट्रीय विचारक सुधांशु त्रिवेदी, मंसूर हल्लाज, शहजाद पूनावाला, अभिजीत चावड़े, विक्रम संपत, आनंद रंगनाथन, मीनाक्षी जैन, प्रतिक बोराडे और अनुज धर जैसे अनेक विचारक और विषय विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। जयपुर डायलॉग के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर प्रकाश टेकवानी ने बताया कि कोरोना काल में लगातार 2 साल तक आयोजन से श्रोता अतिथियों से भौतिक रूप से रूबरू नहीं हो पाए थे। इस दौरान जयपुर डायलॉग वर्चुअल आयोजित किया गया था। टेकवानी ने बताया कि विकास और विनाश मैं विचारों का बड़ा महत्व है। विचारों को पतवार देने तथा विकास की यात्रा को आगे बढ़ाना की सोच पर आधारित इस आयोजन में कई नवीन आयाम जुड़ने जा रहे हैं। बीते 7 वर्ष के काल में भी विचारों की इस कड़ी को निरंतर आगे बढ़ाया गया और अब देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों के वास्तविक स्तर तक इसे आगे पहुंचाने का क्रम जारी है। गौरतलब है कि इस कड़ी में अब वर्ष 2023 में जयपुर डायलॉग का आयोजन 4 और 5 नवंबर को होटल क्लार्क्स आमेर में सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक विभिन्न सत्रों में किया जाएगा।


कार्यक्रम का शुभारंभ 4 नवंबर शनिवार को सुबह 10 बजे सरस्वती वंदना से होगा। आयोजन में देश के ज्वलंत मुद्दों पर एक मंच से विभिन्न विचारधाराएं रूबरू होंगी। साथ ही साथ आयोजन में शामिल श्रोता भी विभिन्न मुद्दों पर वक्ताओं से संवाद कर पाएंगे। आयोजन में प्रदेश के गणमान्य जन, शिक्षक, साहित्यकार, ब्यूरोक्रेट्स, शोधार्थी, विद्यार्थी और युवा वर्ग विशेष रूप से शामिल होंगे। दो दिवसीय आयोजन में 17 सत्रों में देश विदेश से 60 से अधिक नामचीन वक्ता भाग लेंगे।


**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय बड़े भाई **श्री अशोक कुमार शर्मा** का आकस्मिक निधन 02.11.2023 को हो गया है जिनकी तीये की बैठक 04.11.2023 को पताशे वालों की बगीची में 4 से 5 बजे होगी।
**शोकाकुल**- पं. कैलाशजी (भाई), मोहित, रोहित (भतीजे), छीतरमल जी, गोवर्धन जी, हनुमान जी (जीजाजी), राजेन्द्र जी (जवांई), यश, नक्ष, खुश (पौत्र), लक्ष्य, अविका (दोयता- दोयती)
मो.नं.- 7665491101, 9351666717

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**खोया पाया**

मैं डॉ. लिपिका चावला पुत्री मनीष कुमार चावला निवासी-86 टैगोर नगर, करतारपुरा, जयपुर मेरी BHMS रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, करतारपुरा में कहीं दिनांक 01.11.2023 को खो गयी है। मिलने पर सूचित करें- 9694776202

संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना ऑफिसर्स कैम्पस विस्तार का भूखंड संख्या 319 का सोसाइटी द्वारा जारी पट्टा साइट प्लान व मूल रसीद कही गुम हो गई मिलने पर सूचित करे। Shinderpal Kaur 8209724462

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रिकॉर्ड अनुसार समिति की योजना गायत्री नगर विस्तार, महारानी फार्म, दुर्गापुरा, जयपुर में भूखण्ड संख्या 39 समिति द्वारा श्रीमती सुमन रावत पत्नी श्री एच.एस. रावत के नाम से समिति ने आवंटन किया था। जिसकी आवंटन दिनांक 27.12.1995 और जिसका क्षेत्रफल 216.06 वर्गगज है। जरीये इकरारनामा श्री देवी सहाय सक्सेना पुत्र श्री रूप किशोर सक्सेना को 30.12.2006 को बेचान कर दिया था। जिसका डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी करने का प्रार्थना पत्र समिति में श्रीमती अनिता सक्सेना पत्नी स्व. श्री देवी सहाय सक्सेना ने प्रस्तुत किया है श्रीमती अनिता सक्सेना ने जवाहर सर्किल पुलिस थाना जिला जयपुर पूर्व में गुमशुदी क्रमांक नं. 133 दिनांक 30.10.2023 को दर्ज करा कर के समिति को दिनांक 31.10.2023 प्रस्तुत किया है जिसके मूल आवंटन पत्र रसीद साइड प्लान प्रार्थी से गुम हो गये है जिसका डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी करने का प्रार्थना पत्र श्रीमती अनिता सक्सेना पत्नी स्व. श्री देवी सहाय सक्सेना ने प्रस्तुत किया है। अतः आम सूचना के द्वारा सर्वसाधारण समस्त व्यक्ति, संस्था, बैंक समस्त सरकारी व अर्द्धसरकारी विभाग आदि को सूचित किया जाता है कि इस बाबत कोई एतराज हो तो समिति कार्यालय में प्रातः 10 से सायं 5 बजे के मध्य मय सबूत 15 दिवस के भीतर सम्पर्क करें। बाद गुजरने मियाद समिति द्वारा उपरोक्त भूखण्ड का डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कर दिया जावेगा। ततपश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
आज्ञा से-मंत्री, पटेल नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर (राजस्थान) रजि.नं. 2965/एल

**आम सूचना** सूचित किया जाता है कि एक आवासीय प्लाट नम्बर बी-172, पुराना विद्याधर नगर, जयपुर, राजस्थान, कुल क्षेत्रफल 50.00 वर्गगज के स्वामित्वाधिकार श्री मूल चन्द द्वारा अपने जीवनकाल में निष्पादित पंजीकृत वसीयत दिनांक 16.04.2004 के द्वारा उनके स्वर्गवास के पश्चात् श्रीमती सुमन देवी को प्राप्त हुये तथा जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा उक्त सम्पत्ति का नाम हस्तान्तरण पत्र दिनाँक 01.12.2020 को श्रीमती सुमन देवी के नाम जारी कर दिया गया। श्रीमती सुमन देवी से उक्त सम्पत्ति को श्रीमती जमीला क्रय कर रही हैं तथा उक्त क्रय बाबत् मेरी अभिभाष्या ऋणदात्री संस्था L&T Finance Ltd. से ऋण प्राप्त कर रही हैं। उक्त सम्पत्ति स्वामित्व एवं क्रय व ऋण बाबत् किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक या अन्य किसी भी पक्ष को किसी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को अन्दर मियाद 14 दिवस में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधि अनुसार शून्य मानी जावेगी। **पुलकित गर्ग, एडवोकेट**
MZ-4, अलंकार टॉवर, कबीर मार्ग, बनीपार्क, जयपुर-302016, मो. 09828084002

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या गुलाब देवी पत्नी प्रहलाद, निवासी 17, हरबंशपुरा, मदाऊ, जयसिंहपुरा, जयपुर, राज. के हक, अधिकार व स्वामित्व की सम्पत्ति खसरा नंबर 84, 60, 60/250, 60/251, 62, 63/258, 64, 64/259 वाके स्थित ग्राम कनकपुरा, पटवार हल्का मीनावाला, बस्सी सीतारामपुरा, तहसील व जिला जयपुर, राज. पर स्थित है जिसमें विवाह स्थल कनक पैलेस एवं माण्डना पैराडाईज स्थित है जिसमें मेरी अभिभाष्या का 1/9 हक, हिस्सा व अंश है एवं मेरी अभिभाष्या ने उक्त वर्णित सम्पूर्ण खसरा नंबरान पर न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जयपुर उत्तर से दिनांक 05.12.2022 को प्रार्थना पत्र संख्या 49/2022 में स्टे/स्थगन प्राप्त कर रखा है ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति उक्त सम्पत्ति को किराये पर लेता है, हस्तान्तरण, बेचान, बख्शीश आदि करता है या किसी भी प्रकार का निर्माण या मूलस्वरूप में परिवर्तन करता है तो उत्पन्न समस्त वाद विवाद एवं हर्जे खर्चे व परिणामों के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। सूचित रहे।
जयपुर/दिनांक (रमन शर्मा) एडवोकेट, मो.नं. 7062310720

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे प्लाट नम्बर 4/H/359 इन्दिरा गांधी नगर जगतपुरा योजना जयपुर का आवंटन पत्र क्रमांक 1674 दिनांक 08.02.2005 कब्जा पत्र 202 दिनांक 16.04.2005 अदेय प्रमाण पत्र 123 दिनांक 16.04.2005 डिक्लरेशन दिनांक 16.04.2005 को श्री आर.के. नायर को आवंटित हुआ था राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा जरिये कार्यालय आदेश क्रमांक 4911 दिनांक 23.06.2023 द्वारा पत्नी श्री मृदुला नायर के नाम हस्तान्तरित करवा लिया है थाना करणी विहार क्षेत्र में कई खो गया है। मिलने पर सूचित करे-9351467841

**नाम परिवर्तन**

मैं प्रवीण चौधरी पुत्र श्री हरि सिंह चौधरी, निवासी 54-ए, अर्पित नगर, वैशाली नगर, जयपुर राज. 302021 का निवासी हूँ मेरी पुत्री के स्कूल रिकाई में माता का गलत नाम मीनू चौधरी अंकित है, जबकि माता का सही नाम मीना चौधरी है। मेरी पुत्री के स्कूल रिकाई सही करवाने बाबत प्रकाशित करवा रहा हूँ।

मैंने अपना नाम अब्दुल हकीम खान पुत्र अब्दुल हफीज खान से बदलकर अब्दुल हकीम अंसारी पुत्र अब्दुल हफीज रख लिया है एवं मेरे दस्तावेजों में त्रुटिवश जन्मतिथि 19.06.1967 गलत दर्ज है जबकि वास्तविक जन्मतिथि 01.01.1968 है। 5239 चांदी का ताजिया घाटगेट, जयपुर

मैं सुभाष जांगिड, पता 13, बजरंग विहार-9 रोड नंबर 14, हरमाडा, सीकर रोड, जयपुर अपना नाम सुभाष चन्द्र जांगिर पुत्र मोहन लाल जांगिर से बदलकर सुभाष जांगिड पुत्र मोहन लाल जांगिड रख लिया है। जरिये शपथ पत्र बीएस-577827 नोटरी जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2190 दिनांक-03.11.2023
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 51/160 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 92.25 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री उदय मल लोढ़ा पुत्र श्री अचल मल लोढ़ा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5078 दिनांक 30.03.1991 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.09.1991 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1634 दिनांक 21.12.1992 के द्वारा श्री उदय मल लोढ़ा पुत्र श्री अचल मल लोढ़ा के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इसके पश्चात श्री उदय मल लोढ़ा की मृत्यु दिनांक 30.01.2006 को हो जाने के कारण इनके पुत्रान/पुत्री श्री केसरी मल लोढ़ा, श्री रिखब चन्द लोढ़ा एवं श्री धनराज लोढ़ा पुत्रान स्व. श्री उदय मल लोढ़ा एवं श्रीमती निर्मला छाजेड़ पत्नी श्री महावीर चन्द छाजेड़ ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री केसरी मल लोढ़ा, श्री रिखब चन्द लोढ़ा एवं श्री धनराज लोढ़ा पुत्रान स्व. श्री उदय मल लोढ़ा एवं श्रीमती निर्मला छाजेड़ पत्नी श्री महावीर चन्द छाजेड़ के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2194 दिनांक-03.11.2023
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 30/41/02 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 45.20 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री गोपाल सिंह पुत्र श्री भोपाल सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2134 दिनांक 27.12.1986 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 22.04.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात श्री गोपाल सिंह की मृत्यु दिनांक 04.04.2013 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री रविन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री गोपाल सिंह ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री रविन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री गोपाल सिंह के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2189 दिनांक-03.11.2023
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 117/429 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 50.93 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन कुमारी अनीला पुत्री श्री मंगल चन्द जैन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5921 दिनांक 30.03.1990 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 30.04.1990 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 706 दिनांक 11.06.1997 के द्वारा श्री हरीश कुमार पुत्र श्री भासाराम के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 02.11.2010 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री हरीश कुमार की मृत्यु दिनांक 16.05.2021 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री जितेन्द्र टिलवानी पुत्र स्व. श्री हरीश कुमार ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री जितेन्द्र टिलवानी पुत्र स्व. श्री हरीश कुमार के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमति मंजू पत्नी श्री राजेन्द्र निवासी प्लाट नं. 80-ए, हरि मार्ग, सिविल लाईन्स, जयपुर-302006 द्वारा श्रीमती संतोष कंवर पत्नी श्री विक्रम सिंह व श्रीमती राजकंवर पत्नी श्री लाल सिंह, पुत्रियान स्व. श्री गोपी सिंह से उनकी स्वामित्व व आधिपत्य की सम्पत्ति क्रमशः प्लाट नंबर 44 (उत्तरी पूर्वी हिस्सा पार्ट-3) व (उत्तरी पश्चिमी हिस्सा पार्ट-4) आवासीय योजना उमा पथ, रामनगर, सोडाला, जयपुर (राजस्थान), जिसका कुल क्षेत्रफल 114.18 वर्गगज (57.09 57.09 वर्गगज) है जो मूल प्लॉट संख्या 44 का भाग है को खरीद करने का इकरार किया हैं।
यह कि उक्त मूल प्लॉट संख्या 44 का पट्टा विलेख दिनांक 15.02.2003 जे.डी.ए. द्वारा श्री गोपी सिंह पुत्र श्री हरि सिंह के हित में जारी किया गया। श्री गोपी सिंह द्वारा वसीयतनामा दिनांक 20.07.2015 उक्त पत्ति बाबत उनके वारीसान (1) कैलाश सिंह (2) रातन सिंह सोलंकी (पुत्रयान) (3) श्रीमती संतोष कंवर व (4) श्रीमती राजकंवर (पुत्रीयान) के हित में वसीयत कर दी गई। उक्त सम्पत्ति को जरिए विभाजन पत्र दिनांक 17.02.2020, 4 हिस्सो में विभाजित कर लिया गया, जिसमें उपरोक्त वर्णित (उत्तरी पूर्वी हिस्सा पार्ट-3) व (उत्तरी पश्चिमी हिस्सा पार्ट-4) श्रीमती संतोष कंवर व श्रीमती राजकंवर के हिस्से में आए। उक्त विभाजन पत्र बाबत एक शुद्धि पत्र दिनांक 06.06.2022 निष्पादित किया गया।
मेरी अभिभाष्या उक्त सम्पत्ति प्लाट नंबर 44 (उत्तरी पूर्वी हिस्सा पार्ट-3) व (उत्तरी पश्चिमी हिस्सा पार्ट-4) को खरीद करने हेतु एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहती है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति के खरीद/बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करें, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट
दिनांक-03.11.2023 मो.-9829256466

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in,
Phone No. 0141-2782772
क्रमांक:-DHC-II/2198 दिनांक :-3-11-23
**जाहिर आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या-75/27, मानसरोवर, जयपुर, क्षैत्रफल 114.54 वर्ग मीटर/ वर्ग गज का आवंटन श्री गोविन्द नारायण गोयल पुत्र श्री कन्हैया लाल गोयल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 6445 दिनांक 22.02.2000 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 28.02.2000 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1786 दिनांक 03.02.2011 के द्वारा श्री गोविन्द नारायण गोयल पुत्र श्री कन्हैया लाल गोयल के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 29.01.2013 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री गोविन्द नारायण गोयल की मृत्यु दिनांक 15.03.2023 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री विजय गोयल पुत्र स्व. श्री गोविन्द नारायण गोयल ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हतु निवेदन किया है।
अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होन पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री विजय गोयल पुत्र स्व. श्री गोविन्द नारायण गोयल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। **सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर।**

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुल्फरिक) वाद संख्या 288/2023
प्रार्थीगण का नाम- 1. मुत्तीलाल दायमा पुत्र श्री घीसालाल दायमा, उम्र 64 वर्ष, निवासी 21-ए, सत्य वाटिका करतारपुरा रेलवे फाटक के पास, करतारपुरा, जयपुर, राजस्थान हाल निवासी बी-38/ए, करधनी स्कीम, कालवाड रोड, गोविन्दपुरा, जयपुर, राजस्थान
2. देवांश दायमा पुत्र स्व. श्री राजेश कुमार दायमा, उम्र 6 वर्ष, निवासी बी-38/ए, करधनी स्कीम, कालवाड रोड, गोविन्दपुरा, जयपुर, राजस्थान
3. मानस दायमा पुत्र स्व. श्री राजेश कुमार दायमा, उम्र 4 वर्ष, निवासी बी-38/ए, करधनी स्कीम, कालवाड रोड, गोविन्दपुरा, जयपुर, राजस्थान
विषय- प्रार्थना पत्र वास्ते मुत्तीलाल दायमा पुत्र श्री घीसालाल दायमा, उम्र 64 वर्ष, निवासी 21-ए, सत्य वाटिका करतारपुरा रेलवे फाटक के पास, करतारपुरा, जयपुर, राजस्थान हाल निवासी बी-38/ए, करधनी स्कीम, कालवाड रोड, गोविन्दपुरा, जयपुर, राजस्थान को अप्राप्तवय प्रार्थीगण देवांश दायमा पुत्र स्व. श्री राजेश कुमार दायमा, उम्र 6 वर्ष, निवासी बी-38/ए, करधनी स्कीम, कालवाड रोड, गोविन्दपुरा, जयपुर, राजस्थान तथा मानस दायमा पुत्र स्व. श्री राजेश कुमार दायमा, उम्र 4 वर्ष, निवासी बी-38/ए, करधनी स्कीम, कालवाड रोड, गोविन्दपुरा, जयपुर, राजस्थान का संरक्षक नियुक्ति किये जाने हेतु।
विवाद- प्रार्थना पत्र वास्ते मुत्तीलाल दायमा पुत्र श्री घीसालाल दायमा, उम्र 64 वर्ष, निवासी 21-ए, सत्य वाटिका करतारपुरा रेलवे फाटक के पास, करतारपुरा, जयपुर, राजस्थान हाल निवासी बी-38/ए, करधनी स्कीम, कालवाड रोड, गोविन्दपुरा, जयपुर, राजस्थान को अप्राप्तवय प्रार्थीगण देवांश दायमा व मानस दायमा का संरक्षक नियुक्त किये जाने हेतु।
पेशी दिनांक-08.12.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि- प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-19 सपठित धारा 07, संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 बाबत अप्राप्तवय प्रार्थीगण देवांश दायमा व मानस दायमा की संरक्षकता हेतु। वास्ते नियुक्त किये जाने संरक्षक मुत्तीलाल दायमा पुत्र श्री घीसालाल दायमा, उम्र 64 वर्ष, निवासी 21-ए, सत्य वाटिका करतारपुरा रेलवे फाटक के पास, करतारपुरा, जयपुर, राजस्थान हाल निवासी बी-38/ए, करधनी स्कीम, कालवाड रोड, गोविन्दपुरा, जयपुर, राजस्थान
अतः उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 08.12.2023 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 03.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय

**न्यायालय सिविल न्यायाधीश, मालपुरा जिला टोंक**
**उद्घोषणा इश्तहार**
**पीठासीन अधिकारी- रेशमा जानवानी, आर.जे.एस.**
**रामधन बनाम सर्वसाधारण वगै.**
**दीवानी वाद संख्या 106/2023**
**वाद बाबत घोषणा गोद (दत्तक)**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय हाजा में वादी रामधन पुत्र नाथू पि.मु. छोटू जाति बैरवा उम्र 46 वर्ष निवासी बैरवो का मोहल्ला ग्राम गणेशपुरा तन लाम्बाहरिसिंह तह. मालपुरा ने छोटू पुत्र देवी लाल उर्फ देव्या निवासी ग्राम गणेशपुर तन लाम्बाहरिसिंह तह. मालपुरा का दत्तक पुत्र घोषित किये जाने हेतु वाद पत्र न्यायालय में पेश किया है। अतः सर्वसाधारण को जरिए नोटिस सूचित किया जाता है कि छोटू पुत्र देवीलाल उर्फ देव्या निवासी ग्राम गणेशपुरा तन लाम्बाहरिसिंह तह. मालपुरा का दत्तक पुत्र वादी रामथन को घोषित किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ती हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 22.11.2023 को समय 10.30 ए.एम. पर व्यक्तिगत या जरिए अभिभाषक उपस्थित होकर आपत्ती प्रस्तुत कर सकता हैं।
नोटिस आज दिनांक 27.10.2023 को जारी किया गया।
उद्घोषणा की प्रतियां सहायक नाजिर अदालत हाजा को भेजकर निर्देश दिया जाता है कि एक प्रति छोटूलाल के अन्तिम निवास स्थान पर, दूसरी प्रति अन्तिम निवास स्थान के सार्वजनिक स्थान पर, तीसरी प्रति न्यायालय हाजा के सूचना पट्ट पर एवं चतुर्थ प्रति पर तामील कुनिन्दा की रिपोर्ट अंकित करवाकर आगामी पेशी दिनांक 22.11.2023 से पूर्व इस न्यायालय को वापिस भिजवाई जावें।
**सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट मालपुरा जिला टोंक (राज.)**
मोहर

# मैकेनिकल इंजीनियर के पास 316 करोड़ रु. के कचरा निस्तारण की जिम्मेदारी क्यों?

## जबकि स्वायत्त शासन विभाग मुख्यालय में ''वेस्ट मैनेजमेंट विंग'' के एक अधिशाषी अभियंता और चार सहायक अभियंता कार्यरत हैं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्थान के तमाम छोटे-बड़े शहरों में कचरा निस्तारण का 316 करोड़ रुपये का जो टैंडर हुआ, उसमें मैकेनिकल इंजीनियर ओ.पी.काला की अहम भूमिका रही। इस प्रोजेक्ट का ठेका देने से लेकर मॉनिटरिंग और निजी कंपनियों के भुगतान भी इन्हीं के द्वारा हो रहा है।

- **सूत्रों की मानें तो स्वायत्त शासन मुख्यालय में पिछले 15 वर्षों से कुर्सी जमाए बैठे अधिशाषी अभियंता ओ.पी.काला की तनख्वाह नगरीय निकायों से उठ रही है**
- **स्वच्छ भारत मिशन (अरबन) 2.0 की गाइडलाइन के मुताबिक मार्च-2024 तक तमाम निकायों में लिजेसी वेस्ट का निस्तारण करना था, अफसरों ने टैंडर ही देरी से किए, नतीजन ठेकेदारों ने भी मन-मुताबिक रेट पर काम लिया**
- **जयपुर-जोधपुर, कोटा, उदयपुर जैसे बड़े शहरों के ठेके की दर जनवरी में 300 से 400 रुपये प्रति क्यूबिक मीटर थी, लेकिन सितंबर में यह दर बढ़कर 550 रुपये हो गई**

सूत्रों की मानें तो स्वायत्त शासन मुख्यालय में ''वेस्ट मैनेजमेंट विंग'' में एक अधिशाषी अभियंता दीपक सिंघल और चार सहायक अभियंता कार्यरत हैं, इसके बावजूद बड़े अफसरों की मेहरबानी से यह प्रोजेक्ट ओ.पी.काला ही संभाल रहे हैं। मजेदार बात यह है कि अधिशाषी अभियंता ओ.पी.काला स्वायत्त शासन मुख्यालय में पिछले करीब 15 वर्षों से कार्यरत हैं, लेकिन उनकी तनख्वाह नगरीय निकायों से उठ रही है। बताया जा रहा है कि इन दिनों ओ.पी.काला की नियुक्ति जयपुर नगर निगम में दिखाकर वहीं से तनख्वाह का भुगतान कराया जा रहा है।

सूत्रों की मानें को सभी निकायों में कचरा निस्तारण का 316 करोड़ रुपये का ठेका पिछले एक वर्ष में निदेशक ह्रदयेश शर्मा और अधिशाषी अभियंता ओ.पी.काला ने चार निजी कंपनियों को सौंपा, लेकिन इस काम की मॉनिटरिंग में बिल्कुल फिसड्डी रहे। यूं तो सभी निकाय अपने स्तर पर ही कचरा उठवाकर उसे डंपिंग यार्ड तक पहुंचाती है, लेकिन कचरे के निस्तारण की जिम्मेदारी उन्हें देने के बजाय स्वायत्त शासन विभाग ने स्वयं रुचि ली।

सूत्रों की मानें तो स्वच्छ भारत मिशन (अरबन) 2.0 की गाइडलाइन के मुताबिक लिजेसी वेस्ट (पुराने कचरे का निस्तारण) मार्च-2024 से पहले करना था, लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने पहले तो काफी देरी से टैंडर किया, जिसका नतीजा यह हुआ कि निजी कंपनियों ने मनमुताबिक दरों पर टैंडर लिया। जनवरी में मैसर्स आकांक्षा एंटरप्राइजेज, मैसर्स डी.एच.पटेल और मैसर्स सौराष्ट्र एन्वायरो प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. ने जयपुर-जोधपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर व बीकानेर जैसे बड़े शहरों के कचरे के निस्तारण का ठेका लिया, तब उनकी दर 300 से 400 रुपये के बीच थी। लेकिन गत 22 सितंबर 2023 को करीब 117 छोटे शहरों में कचरे निस्तारण का ठेका मैसर्स एम.के.जी. कम्प्यूटर्स को 550 रुपये प्रति क्यूबिक मीटर की दर पर दिया गया, जो कि 126 करोड़ 43 लाख रुपये का था। इस टैंडर में अन्य दूसरी फर्म मैसर्स एल्वाजो सोल्यूशन प्रा. लि. ने भी 644 रुपये प्रति क्यूबिक मीटर की रेट डाली थी।

यह कीमतें बढ़ने का सीधा कारण यह था कि मार्च-2024 तक स्वच्छ भारत मिशन (अरबन) 2.0 की गाइडलाइन के मुताबिक लिजेसी वेस्ट का निस्तारण (पुराने कचरे का निस्तारण) करना है। अब सवाल यह उठता है कि देरी से हुए इस टैंडर के कारण राज्य सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व की जो चपत लगी, उसका जिम्मेदार कौन है। अगर यही काम इन नगर पालिकाओं के जिम्मे करवाई जाती तो यह दर 550 रु. के बजाय काफी कम आती। ऐसे में यह साफ तौर पर माना जा रहा है कि स्वायत्त शासन विभाग के अफसरों ने अपनी नाकामी और टैंडर प्रक्रिया में देरी को छिपाने के लिए महंगी दरों पर निजी कंपनियों को काम दे दिया।

# वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

**जयपुर**, (का.सं.)। विधानसभा आम चुनाव 2023 के लिए आगामी 25 नवम्बर को होने वाले मतदान में निर्वाचन फोटो पहचान पत्र की उपलब्धता के अभाव में भी मतदाता वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर वोट डाल सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि यह पूरी तरह सुनिश्चित किया जा रहा है कि 25 नवंबर को मतदान दिवस पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी परेशानी के कर सकें। उन्होंने कहा कि पूरक सूची सहित मतदाता सूचियों का अंतिम रूप से प्रकाशन 7 नवम्बर को किया जाएगा। इसमें शामिल सभी मतदाता वोट डाल सकेंगे। जो मतदाता निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में से कोई एक दिखाना होगा।

गुप्ता ने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

# कार सवार बदमाशों ने सूने मकान में घुसकर जेवर और नकदी चुराई

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर इलाके में कार सवार बदमाशों ने एक मकान में चोरी की वारदात अंजाम दी है। हथौड़े से गेट का ताला तोड़कर बदमाश अंदर घुसे, फिर आधे घंटे में गहने- कैश और सामान बैग में भरकर फरार हो गए। चोरों की करतूत घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। मानसरोवर थाना पुलिस फुटेज के आधार पर नकाबपोश चोरों की तलाश कर रही है।

- **दीवार फांदकर मकान के अंदर घुसे बदमाश, फिर हथौड़े से गेट तोड़ा**
- **सी.सी.टी.वी. कैमरे में कैद हुए बदमाश, पुलिस तलाश में जुटी**

पुलिस ने बताया कि तिरूपति विहार मानसरोवर के रहने वाले भास्कर कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि पिछले एक हफ्ते से परिवार सहित बाहर गए हुए थे। चोरों ने 25 अक्टूबर की रात को उनके मकान को निशाना बनाया। बदमाशों ने घर से कुछ दूरी पर रोड किनारे कार खड़ी की। दीवार फांदकर अंदर घुसे बदमाश हथौड़े से मेन गेट का लॉक तोड़ा और अलमारी के लॉकर में रखे सोने-चांदी के गहने, कैश और कीमती सामान ले गए। चोरी का माल अपनी कार में भरकर नकाबपोश बदमाश फरार हो गए। गुरुवार को परिवार वापस लौटा तो चोरी का पता चला। घर पर लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने पर चोरों की करतूत कैद मिली। 25 अक्टूबर की रात 2:35 बजे नकाबपोश 2 बदमाश घर की दीवार फांदकर अंदर घुसते नजर आ रहे है। वारदात कर 3:05 बजे वापस निकलते दिखाई दे रहे है। पीड़ित भास्कर कुमार ने बताया कि वह न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर में प्रिंटिंग का बिजनेस करते हैं। पत्नी के साथ यहां रहते है। गत 21 अक्टूबर से माता-पिता के पास स्वर्ण पथ स्थित घर पर रह रहे थे। इस कारण मकान सूना पड़ा हुआ था। सूने मकान में चोरी की वारदात से पहले बदमाशों ने रैकी की है। घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में रात करीब 12 बजे दो-तीन लड़के पैदल घूमकर रैकी करते दिखाई दे रहे हैं।

पीड़ित का कहना है कि रैकी के करीब ढाई घंटे बाद चोरी के लिए बदमाश कार लेकर आए। कार में बैठा एक बदमाश गली में आने-जाने वालों को लेकर निगरानी करता रहा। नकाबपोश दो बदमाशों ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। घर में पहले घुसने वाला बदमाश साथी दोनों बदमाशों को दिशा-निर्देश देता रहा। कार में बैठे साथी से घर के अंदर घुसे बदमाश मोबाइल पर जानकारी करते रहे। चोरी गए सामान की कीमत करीब 5 लाख रुपए है।

# ''लोक कला सम्मान'' पुरस्कार इस बार चंडीगढ़ क्राफ्ट मेले में देंगे : पुरोहित

**जयपुर** (कासं)। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला की शासकीय परिषद की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस बार नव घोषित लोक कला सम्मान 1 से 10 दिसंबर को होने वाले चंडीगढ़ क्राफ्ट मेले में समारोहपूर्वक दिए जायेंगे।

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की वार्षिक बैठक इस बार जयपुर में खासा कोठी में आयोजित की गई थी जिसमें सदस्य राज्यों के कला एवं सांस्कृतिक सचिवों तथा केंद्र सरकार द्वारा मनोनीत सदस्यों के साथ साथ, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव ने भी भाग लिया। ज्ञात रहे कि राजस्थान राज्य उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला का भी सदस्य है।

बैठक में, केंद्र की कार्यक्रम समिति, वित्त समिति और कार्यकारी परिषद में लिए गए निर्णयों का अनुमोदन भी किया गया। परिषद ने वर्ष 2022-23 के लिए 12.32 करोड़ का व्यय अनुमोदित किया था वर्ष 2023-24 के लिए 14.80 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया। पुरोहित ने उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के द्वारा किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि कार्यक्रमों की गुणवत्ता बहुत अच्छी है जिसके लिए निदेशक फुरकान खान और उनकी टीम बधाई की पात्र है।

बैठक में गायत्री राठौड़, प्रमुख शासन सचिव, कला एवं संस्कृति भारत सरकार महबूब अली, संस्कृति सचिव, लद्दाख, हरी, संस्कृति सचिव, चंडीगढ़ के साथ साथ अन्य राज्यों के मनोनीत सदस्य भी उपस्थित रहे।



**पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला की शासकीय परिषद की अध्यक्षता की।**

## सार-समाचार

### महिलाओं ने मनाया 'सुहाग महोत्सव'



**जयपुर**, (का.सं.)। करवाचौथ के शुभ अवसर पर वाटिका रोड स्थित ''आशादीप ग्रींस कॉलोनी'' की ''डायमंड डीवा समूह'' की महिलाओं द्वारा ''सुहाग महोत्सव'' प्रसन्नता पूर्वक मनाया गया। इस खुशी के महापर्व पर रंग बिरंगे परिधान में व सुंदर मेंहदी लगे हाथों युक्त महिलाओं ने भाग लिया, जिसमें संगीता सक्सेना, सुमित्रा सेन, रागिनी शर्मा, जयोति, रश्मि, आभा जैन, ममता, मंजू, गीता गुर्जर, रजनी, अनु शर्मा व गीता सेन आदि उपस्थित रहीं। पहले चौथ माता की पूजा-कथा सुनाई, फिर पति की दीर्घ आयु की मंगलकामना की। महिलाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ मेंहदी व वेशभूषा प्रतियोगिता का विशेष आयोजन किया गया, फिर सभी ने मिलकर व्रत खोला व स्वरुचि भोजन का आनंद लिया।

### विद्यालय को पंखे-टेबल व स्टूल भेंट



**जयपुर**, (का.सं.)। पंजाब नैशनल बैंक मंडल कार्यालय जयपुर सीकर द्वारा गोद लिए गांव बोबाड़ी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सीएसआर गतिविधियों के तहत पंखे एवं टेबल स्टूल अंचल प्रमुख आर के बाजपेई एवं जयपुर सीकर मंडल प्रमुख हरि मोहन मीणा द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में 10, 11 एवं 12 के विद्यार्थियों के मध्य निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय भ्रष्टाचार उन्मूलन था तथा विजेता विद्यार्थियों को प्रबंधक राजभाषा ममता मीणा द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के माननीय अंचल प्रमुख द्वारा बस स्टैंड पर दो सीमेंटेड कुर्सी भी प्रदान की गई तथा राजकीय अस्पताल में एक व्हीलचेयर भी प्रदान की गई। इस अवसर पर गठवाडी शाखा के शाखा प्रमुख मूलचंद यादव, कृषि प्रबंधक हरि कपूरिया एवं अंचल कार्यालय जयपुर से पीयूष जांगिड़ भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं सत्य निष्ठा की प्रतिज्ञा दिलवाई गई तथा सभी विद्यार्थियों एवं विद्यालय के स्टाफ सदस्यों को स्टेशनरी किट एवं अल्पाहार का भी वितरण किया गया।

### विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जयपुर**, (का.सं.)। शिक्षा के क्षेत्र व खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रोत्साहन के लिए सी-स्कीम, जयपुर स्थित सेंट सॉल्जर पब्लिक स्कूल ने विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए ''वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह'' का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी डॉ. गुरदयाल सिंह संधू, विशिष्ट अतिथि राजस्थान पंजाबी अकादमी अध्यक्ष, सरदार मनेन्द्र सिंह बग्गा, भूतपूर्व विधि सचिव राजस्थान सरकार, सरदार गुरुचरण सिंह होरा, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष, सरदार अजय पाल सिंह, गुरु नानक देव सत्संग सभा शिक्षा बोर्ड जनरल सचिव, सरदार बलदेव सिंह, सेन्ट सॉल्जर पब्लिक स्कूल प्रताप नगर, सचिव, सरदार गुरमीत सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति कोषाध्यक्ष, सरदार जसबीर सिंह का शॉल पहनाकर व पौधे देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की उत्कृष्टता हेतु अग्रसर विद्यार्थियों को सम्मानित करना व आने वालो सत्रों में कामयाबी हेतु विद्यार्थियों को मेहनत करने के लिए प्रेरित करना था। इस समारोह में विद्यार्थियों एवं एन.सी.सी. कैडेट्स को उनकी उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### पीपल्स ग्रीन पार्टी की दूसरी सूची जारी

**जयपुर**, (का.सं.)। पीपल्स ग्रीन की केन्द्रीय चुनाव समिति ने 14 प्रत्याशियो की दूसरी सूची जारी करी। सिविल लाइंस से नाजनीन बेगम, जायल से छोटूराम नायक, नागौर से राकेश नायक, जैसलमेर से उमर खान मेहर, वल्लभ नगर से भैरूलाल कालबेलिया, पोकरण से अलानूर, कोटा उत्तर से विष्णु शर्मा, छबड़ा से चिंटू यादव, आदर्श नगर से आकाश साचान, बीकानेर ईस्ट से भवानी सिंह, शेरगढ़ से खेमान सिंह चौधरी, मारवाड़ जंक्शन से जामाराम देवासी चौमू से दीपक बाज्या, लालसोट से प्रसादी लाल मीणा प्रत्याशी घोषित किया। पार्टी के केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य और राष्ट्रीय महामंत्री एड. कपिल ने सूची जारी की।

### जैसलमेर में सी.बी.आई.की छापेमारी

**जयपुर**। सी.बी.आई. ने शॉल एवं स्टोल के अवैध निर्यात के आरोप पर जैसलमेर की एक निजी कंपनी के विरुद्ध मामला दर्ज किया व तलाशी ली। बताया जा रहा है कि सी.बी.आई. ने सीमा शुल्क विभाग, नई दिल्ली, की शिकायत के आधार पर जैसलमेर (राजस्थान) स्थित एक निजी कंपनी के विरुद्ध शॉल एवं स्टोल के अवैध निर्यात के आरोप पर मामला दर्ज किया, जिसमें शहतूश/चिरू (तिब्बती मृग) के गार्ड हेयर होने का संदेह है। यह जीव, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत एक संरक्षित जानवर है। जैसलमेर स्थित उक्त फर्म के परिसर में तलाशी ली गई, जिससे 23 शॉल एवं स्टोल बरामद हुए, जिनमें शहतूश/चिरू (तिब्बती मृग) के गार्ड हेयर होने का संदेह है। इस मामलें में जांच जारी है।

### रोडवेज कर्मचारियों का प्रदर्शन

**जयपुर**। रोडवेज कर्मचारियों ने शुक्रवार को प्रदेशभर में रोडवेज की सभी इकाइयों पर अपनी मांगों को लेकर दोपहर में एक घंटे का विरोध-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन गत सितम्बर एवं अक्टूबर के दो महीनों के बकाया वेतन, पेंशन, तीन माह के बकाया सेवानिवृति परिलाभ एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 के बकाया बोनस-एक्सग्रेसिया के तुरंत भुगतान की मांगों के लिये किया गया। इसमें सेवानिवृत कर्मचारियों ने भी अपनी भागीदारी की। विद्याधर नगर डिपो, डीलक्स डिपो, केंद्रीय कार्यशाला, टायर कार्यशाला के कर्मचारियों द्वारा अपने कार्य स्थलों पर किये गये प्रदर्शनो के अलावा जयपुर एवं वैशाली नगर डिपो के कर्मचारियों द्वारा रोडवेज मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया।

# 25 दिनों में 463 करोड़ रु. की अवैध सामग्री जब्त की निर्वाचन विभाग ने

## आचार संहिता के दौरान 10 करोड़ रु. से अधिक की सीजर कार्रवाई सूची में प्रदेश के 20 जिले शामिल

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्थान में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद 9 अक्टूबर से अब तक 463 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री एनफोर्समेंट एजेंसियों ने जब्त की है। गत 25 दिनों में हुई इस कार्रवाई की तुलना अगर राजस्थान के वर्ष 2018 के चुनाव से करें तो सीजर कार्रवाई करीब 670 प्रतिशत से ज्यादा हुई है। ज्ञात रहे कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव की 65 दिन की आचार संहिता के दौरान 70 करोड़ रुपए की अवैध सामग्रियां जब्त की गई थी। निर्वाचन विभाग के निर्देश पर विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों ने पिछले 25 दिनों में 463 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब, नकदी व अन्य सामग्री जब्त कर नया रिकॉर्ड कायम किया है। अब तक प्रदेश के 20 जिलों में जब्ती का आंकड़ा 10 करोड़ रुपये से पार है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में ये जानकारी दी गयी है।

- **अगर इसकी तुलना राजस्थान में वर्ष 2018 की 65 दिनों की आचार संहिता से करें तो अब तक की गई सीजर कार्रवाई 670 प्रतिशत ज्यादा है**

उन्होंने बताया कि 74.82 करोड़ रुपये के सीजर के साथ जयपुर, प्रदेश में सबसे आगे है। दूसरे स्थान पर अलवर 27.34 करोड़, तीसरे स्थान पर जोधपुर 20.33 करोड, चौथे स्थान पर उदयपुर 19.41 करोड़ रुपए तथा पांचवे स्थान पर 19.23 करोड़ रुपए के साथ नागौर है। इसी प्रकार बीकानेर में अब तक 18.69 करोड़, चितौड़गढ़ में 17.39 करोड़, बूंदी में 17.14 करोड़, कोटा में 16.12 करोड़, भीलवाड़ा में 16.04 करोड़, बांसवाड़ा में 14.78 करोड़, बाड़मेर में 14.38 करोड़, सीकर में 13.28 करोड़, श्रीगंगानगर में 13.22 करोड़ और पाली में 12.73 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री जब्त की गई है। इसी प्रकार हनुमानगढ़ में 12.56 करोड़, टोंक में 12.15 करोड़, सिरोही में 11.62 करोड़, झालावाड़ में 11.42 करोड़ और अजमेर में 10.95 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री जब्त की गई है।

## कर्नल राज्यवर्धन ने दीपावली मेले में शिरकत की

**जयपुर**, (का.सं.)। झोटवाड़ा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी और सांसद जयपुर ग्रामीण कर्नल राज्यवर्धन कल शनिवार को अपना नामांकन भरेंगे। नामांकन से पहले प्रात: 9:30 चित्रकूट स्थित जानकी पैराडाईज गार्डन में विशाल नामांकन सभा का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में भाजपा उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह सम्मिलित होंगे। साथ ही सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहेंगे। नामांकन सभा के बाद कर्नल राज्यवर्धन सैंकड़ों कार्यकर्ताओं, आमजन के साथ नामांकन भरने के लिए रवाना होंगे।

कर्नल राज्यवर्धन ने आज शुक्रवार को जवाहर सर्किल जयपुर स्थित एंटरटेनमेंट पैराडाईज में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित स्ववंसिद्धा हस्तशिल्प दिवाली मेला में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने रोजगार के अवसर बढ़ाने और देश की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मात्रा में स्वदेशी सामान अपनाने और चायनीज सामान का बहिष्कार करने की बात कही साथ ही चुनाव में मतदान की अपील की।

# बजरी कारोबारियों पर आयकर विभाग का छापा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में आयकर इन्वेस्टिगेशन विंग की टीमों ने बजरी व्यापारियों के 21 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी बजरी कारोबारी निलेश गढ़िया ग्रुप और उसके सहयोगी समूहों के ठिकानों हुई। जयपुर में निलेश गढ़िया के एनआरआई कॉलोनी स्थित घर और जगतपुरा स्थित ऑफिस पर आयकर विभाग की टीम सर्च की कार्रवाई में जुटी है। सूत्रों की मानें तो आयकर विभाग की टीमों ने जयपुर, कुचामन और अजमेर में छापेमारी की है। इस रेड के दौरान कई तरह की अनियमितता मिली हैं, हालांकि इसके बारे में अभी खुलासा नहीं किया गया है।

आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक निलेश गढ़िया के सहयोगी गोदारा समूह, इंजीनियर एंड इंजीनियर समूह और शशिपाल कुमावत समूह पर छापेमारी की कार्रवाई हुई है। निलेश का संबंध फास्फेट माइंस के कई कारोबारियों से भी बताया जा रहा है। इस ग्रुप की जानकारी जयपुर में संविधान क्लब निर्माण के दौरान विभाग को मिली थी। बनास नदी से बजरी उठाने का काम भी इसी समूह के पास बताया जा रहा है।

## तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर**। मालपुरा गेट पुलिस ने वाहन चोरी करने वाली एक गैंग का खुलासा करते हुए गैंग के तीन शातिर वाहन चोरों को धर-दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने दस चोरी के दुपहिया वाहन जब्त किए गए है। आरोपित नशा करने के आदि है और जिनके खिलाफ एक दर्जन से अधिक वाहन चोरी के मामले दर्ज है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने वाहन चोर के शातिर बदमाश प्रवीण चौधरी उर्फ नितिन निवासी पलवल जिला पलवल हरियाणा, आशु गुर्जर उर्फ रवि निवासी बांदीकुई जिला दौसा हाल प्रताप नगर और प्रकाश चौधरी उर्फ विपिन निवासी पलवल जिला पलवल हरियाणा हाल प्रताप नगर को गिरफ्तार किया।

# 3800 ग्राम डोडा-चूरा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ विश्वकर्मा इलाके में कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा एवं परिवहन में प्रयुक्त दुपहिया वाहन बरामद भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर शहर में अवैध नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत सीएसटी ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ विश्वकर्मा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्कर बाबूलाल मीणा निवासी करवर जिला बूंदी हाल विश्वकर्मा जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन किलो आठ सौ ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा एवं परिवहन में प्रयुक्त दुपहिया वाहन बरामद भी जब्त किया है।

गिरफ्तार आरोपित बाबूलाल मीणा यह अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा जोधपुर से आने वाले ट्रक वालों से 3 हजार 500 रुपये प्रति किलो के हिसाब से एक बार में 15-20 किलो मंगवाता है और अन्य ट्रक वालों को 4 हजार 500 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचता है। आरोपित की ट्रक वालों से 6-7 माह पूर्व सम्पर्क हुआ था, लेकिन आरोपी ट्रक वालों का नाम-पता नहीं जानता है। गिरफ्तार आरोपी से अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा के सप्लायर एवं खरीददार के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# प्रवर्तन निदेशालय के ई.ओ. व कनिष्ठ सहायक पांच दिन के रिमांड पर सौंपे

## भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने दोनों को 15 लाख रु. रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था

**जयपुर**। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मणिपुर के इंफाल से प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) के प्रवर्तन अधिकारी (ईओ) नवल किशोर मीणा और खैरथल के मण्डावर पंजीयक विभाग के कनिष्ठ सहायक बाबूलाल मीणा को शुक्रवार को अलवर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को पांच दिन की रिमांड पर एसीबी को सौंपा गया।

नीमराना में एसीबी ने बाबूलाल मीणा को ईडी के ईओ नवल किशोर मीणा के लिए 15 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद इंफाल से जयपुर रिश्वत की राशि लेने आए नवल किशोर मीणा को गिरफ्तार किया। एसीबी ने रिमांड अवधि मिलने के बाद दोनों को रात तक जयपुर मुख्यालय लेकर पहुंची। आरोपियों से अन्य अधिकारियों की भूमिका के संबंध में पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि मणिपुर के इंफाल में वर्ष 2022 में चिटफंड के दर्ज एक मामले में हरियाणा निवासी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करने और उसकी प्रॉपर्टी अटैच नहीं करने की एवज में आरोपियों ने 15 लाख रुपए की रिश्वत ली थी।

एसीबी टीम ने रिश्वत मांगने का सत्यापन किया तो मणिपुर से आरोपी नवल किशोर ने फोन पर ही 17 लाख रुपए रिश्वत की मांग की। बाद में सौदा 15 लाख रुपए में तय किया और मण्डावर में दोस्त बाबूलाल मीणा को रिश्वत की रकम देने के लिए कहा। परिवादी रिश्वत की रकम देने को तैयार हुआ तो 29 अक्टूबर को आरोपी नवलकिशोर इंफाल से जयपुर आ गया और यहां आकर जल्द से जल्द रिश्वत की राशि देने का दबाव बनाने लगा।

परिवादी को हरियाणा के नजदीक नीमराणा में 2 अक्टूबर को पहुंचकर कनिष्ठ सहायक बाबूलाल मीणा को 15 लाख रुपए देना तय किया। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि जयपुर से एसीबी की टीम पहले ही नीमराना पहुंच गई। एक टीम आरोपी बाबूलाल पर नजर रखे हुए थी। आरोपी बाबूलाल मीणा बचते बचाते नीमराना पहुंचा और वहां पर गाड़ी से उतरकर मुंह पर रूमाल बांधकर पैदल ही परिवादी से रिश्वत के रुपए लेने पहुंचा। आरोपी बाबूलाल रिश्वत के 15 लाख रुपए लेकर भागने लगा, लेकिन एसीबी की टीम ने कुछ दूर पीछा कर उसे पकड़ लिया। वहीं जयपुर में दूसरी टीम आरोपी नवलकिशोर मीणा के घर पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया।

एसीबी दोनों आरोपियों के घर पर भी सर्च कर रही है। आरोपियों को अलवर कोर्ट में शुक्रवार को पेश किया जाएगा। अन्य अधिकारी व कर्मचारियों की भूमिका की जांच की जा रही है। हालांकि इस मामले को केन्द्र और राज्य सरकार के बीच चल रही खींचतान से राजनीति से भी जोड़ा जा रहा है।



## Lung Cancer Awareness Month

Breathing – every day, all day and night – is what keeps humans alive. By bringing oxygen through the lungs and supplying it to the cells in our bodies, every breath is life giving. But when the lungs are compromised by disease, they are unable to supply the needed oxygen and, over the long term, the body is unable to thrive or even survive.Lung Cancer Awareness Month is here to educate and empower individuals and families about lung cancer prevention and early detection, so that everyone can breathe easier with healthy and happy lungs!



#SUPERNATURAL

# Less Religion, More TV Monsters

The spookiest elements of our favorite shows present viewers with nuanced and conflicting messages about faith and religion.





The vampires, zombies, aliens, and other monsters on our screens represent different facets of humanity and help us make sense of concepts like good and evil and life and death, says professor Gregory Erickson.

Why do crosses repel vampires? What does the afterlife mean in a world of ghosts?

In his book, Speculative Television and the Doing and Undoing of Religion (Routledge, 2023), Erickson argues that, far from just entertaining, TV and movies have allowed for "exploration that exceeds questions allowed within most religious communities or on mainstream news and documentaries." From depictions of rituals in True Blood to standoffs between devotion and atheism in Battlestar Galactica, the spookiest elements of our favorite shows present viewers with nuanced and conflicting messages about faith and religion.

Erickson, professor at New York University's Gallatin School, talks through the symbolism of some classic on-screen monsters and the theological questions they raise:

### ZOMBIES

Common associations: disease, apocalypse, vacant stare, meandering
**On screen:** The Walking Dead, 28 Days Later, World War Z
**Religious themes and messages:** godless society, beginnings and endings
**How we relate:** "In a culture that perhaps doesn't use religion to think about beginnings and endings, we need to find stories that help us do that," Erickson says. "Zombies particularly help us think about endings, but also maybe beginnings a little bit—in the sense of wiping the slate clean and trying to build society from the ground level up. Classic zombies also connect to our fear of death—when someone turns into a zombie, the act in so many zombie narratives is to put them out of their supposed misery by killing them in one way or another, right? So the zombie becomes this sort of horrific afterlife that is rooted in a fear of death."


### VAMPIRES

Common associations: Blood, crosses, coffins, sunlight (or lack thereof)
**On screen:** Buffy the Vampire Slayer, True Blood
**Religious themes and messages:** Power in religious paraphernalia (e.g.,cross, holy water); vampires having angelic or godlike power; clash between good and evil
**How we relate:** "In these stories, vampires face this sense of immortality and so they're forced to deal with living forever—what is life about?" Erickson says. "Humans are not immortal, but we do share that desperate desire to determine meaning in a world that doesn't give you answers. What are we put here on Earth to do?"

### GHOSTS

Common associations: hauntings, unfinished business, contact with the living
**On screen:** Ghost Hunters, Paranormal Paparazzi, Ghost Whisperer
**Religious themes and messages:** narrow boundary between human and not human; meaning or existence of a soul; intersections of magic, science, and spirituality
**How we relate:** "Let's think about time and space. Do we think about our experience as limited to our human body? Do we think about our experience as limited to time as we understand it?" Erickson asks. "Once we see this ghostly realm or imagine a ghost with a personality, that's a being or a consciousness without a body. What does that mean, and how do we understand that? How do we understand sickness, illness? If this personality exists outside of the body, it helps us to think: Am I this body or am I something else? Does a ghost have a soul? Is that what a ghost is? How do we think about our identity without bodies?"






Colonel Mahendra Singh Joon was part of 3 GRENADIERS in the historic battle of Jarpal. This is where Major Hoshiar Singh and Lieutenant Arun Kheterpal were awarded the PVC and his CO Lieutenant Colonel VP Airy was awarded the MVC for their gallant actions. He recalls the seven enemy counter attacks and the handing over of the body of Lieutenant Colonel Akram Raja with a citation 'based on which he was awarded Pakistan's second highest gallantry award'. Major General PJS Sandhu was also in this Sector as a Staff Captain with 16 (Independent) Armoured Brigade and recalls how Brigadier (later General) Vaidya 'operated from his track group throughout the war and never came back to his Headquarters, that was the major reason for success of the operations by the Brigade. He was always present at the point of decision.



# WAR DESPTCHES 1971



#BOOK REVIEW



Maj Gen Jagatbir Singh VSM (RETD)

Literature on war can be written from many perspectives, it can be from the top looking on how the events unfolded or it can be across the unfolding events and also from the ground upwards. How those who were part of the events received their orders, carried out the tasks assigned and their visualisation of being part of an action.

Further, it can be written in the form of individual accounts by senior officers or by strategic analysts, historians and journalists. Finally, it can be written by either of the parties involved or by external independent observers. Each account in its way adds to the literature of the conflict and contributes in understanding of events and drawing suitable lessons.

'War Despatches' edited by Brigadier BS Mehta (Retired) is unique in many ways. It's written by a group of officers from the 28 NDA Course. They belonged to various Services and within to various arms and Services. At the time of the War, they were all young officers serving in battalions at the cutting edge of combat or in formation Headquarters which were deeply involved in the conflict. Hence the experiences they have written about are at the 'tactical level' and mostly at Company and Battalion level but their experiences have been recounted with the wisdom of hindsight and the maturity of their experiences fifty years after the event.

Having passed out of the Indian Military Academy in June 1966, they joined their units soon after the 1965 War with Pakistan and later in their Service would have been Battalion Commanders during Operation Pawan and Operation Chequerboard and would have been in various appointments including Brigade Commanders while combating insurgency in both J&K and the NE and were Divisional Commanders during Operation Vijay. In fact, both Maj Gen VS Budhwar who was commanding 3 Infantry Division and Maj General (later Lt Gen) Mohinder Puri who commanded 8 Mountain Division were part of this Course. Subsequently, many of course many went on to be Lieutenant Generals including Lieutenant General Arvind Sharma who retired as an Army Commander. Hence their accounts are enhanced by their experience in Service.

Brigadier Balram Mehta is the Editor of this book and has also contributed three essays. In 'Burinda Bash'; he writes how after the destruction of Pakistan's 3 (Independent) Armoured Squadron at Garibpur on 21 November 1971, the 'window of opportunity' for capture of Dacca was opened but was 'not exploited'. This is the epic battle in which a Squadron of 45 CAVALRY destroyed fifteen Pakistani Chafee tanks with their PT-76. The Battle of Burinda took place a few days later and has been described in great detail. 'It was a symbol of Pakistan's gumption to fight against heavy odds, not witnessed elsewhere in East Pakistan'. Balram Mehta was a tank troop Leader supporting 4 SIKH who suffered 62 casualties including fourteen killed. He quotes General Jacob an unimpeachable source in his 'indictment of the quality of higher-level planning, execution and leadership'.

> Air Commodore Arun Karandikar writes about Kilo Squadron a 'clandestine unit' formed with a few Pakistani Air Force pilots who escaped from East Pakistan with the refugees. He also recalls Group Captain (later Air Vice Marshal) Chandan Singh a 'dynamic go -getter' and how he made him 'undertake an urgent flight in a Dakota alone.

Lieutenant General RSK Kapur writes about the personality of General Sagat Singh who as GOC 17 Mountain Division 'had taught the Chinese a lesson of their lives'. After carrying out a task for which he had 'worked tirelessly' he recalls General Sagat asking his surprised Military Attache to call his 'son' and then giving him a tight hug and saying 'Well done, son'. He calls him 'the greatest General he ever served with' and this association 'taught him some essential character qualities.'

Major General Vinod Budhwar talks about his accompanying a Mukti Bhaini patrol to destroy a bridge in East Pakistan and the difficulties encountered and the manner in which they carried out improvisations to execute the mission.

Brigadier Sukhdev Singh writes about the fog of war where a bridge at Jaintiapur had been captured by the Mukti Bhaini but they filed to hold on to it as they got carried away in their celebrations and began 'looting the bazaar' and the officer tasked for the demolition went missing for two days before he finally returned. He also writes about the 'Khustia Episode '; "the attack was a failure. The entire 4 Mountain Division then concentrated on one axis.'

Brigadier Shimi Kanbargimath gives an insight into the human aspects through selected excerpts of letters to his wife. He had been moved to East Pakistan from the Commando Wing in Belgaum where he was an instructor. He recalls taking a Sikh officer to a hospital in Dhaka after the surrender and how a Pakistani nurse asked if it was safe for her to attend to the Sikh officer, who had a dental issue. She was nervous because; "They had been told in schools and at home to stay away from Sikh men'. It reveals the psyche created amongst the people.

Air Commodore Arun Karandikar writes about Kilo Squadron a 'clandestine unit' formed with a few Pakistani Air Force pilots who escaped from East Pakistan with the refugees. He also recalls Group Captain (later Air Vice Marshal) Chandan Singh a 'dynamic go -getter' and how he made him 'undertake an urgent flight in a Dakota alone. He ended up flying forty-nine sorties including five single sorties in fourteen days.

In 'The Battlefield Blues' , Brigadier Mehta covers the battle of Garibpur including the bravery of Major 'Chiefy' Narag the Squadron Commander of 45 Cavalry who was destined 'to play his role,' and made the supreme sacrifice was awarded the Maha Vir Chakra. On completion of his orders when he asked his Troop Leaders if they had any questions a newly promoted JCO asked; "Who will give the orders to open fire". Used to formation level exercises reality had now hit, the war had started. It turned out to be an exceptional and rare tank battle. The early victory served as a trumpet call

Major Pradeep Sharma recalls being the solitary Sapper having been heli dropped to the location of the advancing Independent Squadron of 7 Light Cavalry to render engineer support. He single handedly prodded the area in front for mines throwing out all the rules for such procedures, Thereafter, deciding that prodding was too tedious he moved on the leading tank observing the area for tell tale signs of mines and he even removed explosives with his hands from a bridge that had been prepared for demolition by the enemy; 'just doing what you are trained for and able to do'.

Lieutenant General Arvind Sharma was a Captain in a Brigade Headquarter which had moved from Nagaland. He gives an insight into the personality of his Commander Brigadier RCV Apte, the GOC General KV Krishna Rao and Major (later General) Zia ur Rehman of 8 East Bengal Regiment which was placed under command of the Brigade. He also talks of the manner in which he directed an air strike at Maulvi Bazar on 08 December.

Brigadier Trigunesh Mukerjee was also a Staff Officer as a Captain in a leading Brigade and recalls dealing with questions from the local Bengali population regarding their missing kin who had been picked up by the Pakistani soldiers and were untraceable. He also talks of the war correspondents and remembers the words of Melville De'Mello;" if you don't love the Army, you can never be a War correspondent.

Part 2 of the book covers the Western Front. Colonel Tarlochan Singh Kalra writes about the capture of a Post after the cease fire by @ SIKH in the Amritsar Sector and the praise given by the Pakistani CO a few days later;" your men fought heroically in battle and were definitely superior".

Lieutenant General PPS Bhandari writes about his experience as Adjutant of 72 Armoured Regiment a new raising being bloodied in battle and been awarded the 'Battle Honour Chhamb'. This was also the battle in which Deccan Horse lost Captain Daljinder Singh who 'lived life king sized', Brigadier Gautam Tandon has captured his personality perfectly in a moving tribute.

> The 1971 War was a glorious victory in which all cogs of the wheel performed admirably. It was no doubt a whole nation approach and there is a lot of literature covering various facets of the conflict. This remains a rare book as while it is a narrative from the perspective of young officers, it is a reflection of their wisdom and experience.

Captain SS Sethi covers the naval operations in great detail. Being the navigating officer of a frontline ship, he was hardly able to sleep during the twelve days. Wing Commander S Balasubramanium describes an operational mission and state how the 'attack was the ultimate test for a fighter pilot'.

Lieutenant Colonel RC Chetri and Major General Subash Bindra write about inventory management and ammunition supply in war. While Major General CP Tewari recalls how 'they issued supplies without any indents' and Major (later Lieutenant General) Krishen Bhatia signing the receipt on the back of a cigarette packet. Brigadier ML Jaisinghani writes about the famous battle of Shakargarh where his artillery guns were supporting 3 SIKH LI and 'brought down accurate fire to silence the enemy'.

Air Commodore Kurivilla gives out his experience as a Prisoner of War including how Bhutto visited their camp in November 1972 and said; "I want you to go home… and please return our prisoners of war.

Lieutenant General Mohinder Puri was posted in 25 Infantry Division as a Captain and describes the build up to the war as also the attack on Poonch which the GOC General Kundan Singh had anticipated and asked for additional troops. He sums up his account by saying;' intelligence continues to remain a weak spot, though our acquisition capabilities have vastly increased'.

Colonel KK Nanda was part of his battalion 13 PUNJAB deployed in Ferozepur and describes leading a Patrol deep into Pakistan and the capture of Southern portion of the Mamdot Bulge in great detail. He says; "his achievement in the war has been the high point of his life". Brigadier Vijay Rai who was with 15 DOGRA gives out the role of his battalion in capturing the Northern portion of the Bulge. While listing out various ambiguities and shortcomings he concludes by saying; 'all our shortcomings got drowned in the celebrations'.


Colonel Mahendra Singh Joon was part of 3 GRENADIERS in the historic battle of Jarpal. This is where Major Hoshiar Singh and Lieutenant Arun Kheterpal were awarded the PVC and his CO Lieutenant Colonel VP Airy was awarded the MVC for their gallant actions. He recalls the seven enemy counter attacks and the handing over of the body of Lieutenant Colonel Akram Raja with a citation 'based on which he was awarded Pakistan's second highest gallantry award'. Major General PJS Sandhu was also in this Sector as a Staff Captain with 16 (Independent) Armoured Brigade and recalls how Brigadier (later General) Vaidya 'operated from his track group throughout the war and never came back to his Headquarters, that was the major reason for success of the operations by the Brigade. He was always present at the point of decision.

The 1971 War was a glorious victory in which all cogs of the wheel performed admirably. It was no doubt a whole nation approach and there is a lot of literature covering various facets of the conflict. This remains a rare book as while it is a narrative from the perspective of young officers, it is a reflection of their wisdom and experience after many years in service shedding light on significant aspects important to win a war. Their points of view were those of young officers taking orders and passing on orders while being in the thick of action themselves. They were not the decision-makers.

Authored by who fought the war with grit and courage in the face of adversity. This is a lucid recount of their triumphs and challenges. The book will serve as an inspiration for the next generations of warriors due to the unique insight it has given into a very important chapter of India's military history. There is no doubt that we as a nation need to salute all those who contributed to the victory and particularly those who made the supreme sacrifice.

rajeshsharma1049@gmail.com









#TECHNOLOGY

# Boosting Touch screen Accessibility

"Our goal is to make that technology accessible to everyone," Liang says





A new smartphone case could soon help people with visual impairments, tremors, and spasms use touchscreens independently. The case, dubbed BrushLens, could let users perceive, locate, and tap buttons and keys on the touchscreen menus now ubiquitous in restaurant kiosks, ATM machines, and other public terminals.

"So many technologies around us require some assumptions about users' abilities, but seemingly intuitive interactions can actually be challenging for people," says study first author Chen Liang, a doctoral student in computer science and engineering at the University of Michigan.

"People must be able to operate these inaccessible touchscreens in the world. Our goal is to make that technology accessible to everyone," Liang says.

Liang works in the lab of Anhong Guo, assistant professor of computer science and engineering. Guo led the development of BrushLens with Alanson Sample, an associate professor in the same department.

Users can comb through a touchscreen interface by holding a phone connected to BrushLens against a touchscreen and dragging the phone across the screen. The phone sees what's on the screen with its camera then reads the options aloud by harnessing the phone's built-in screen readers. Users indicate their menu choice through screen readers or an enlarged, easy-to-tap button in the BrushLens app.

When given a target, BrushLens divides the screen into a grid, then guides the user's hand toward the section of the screen containing their menu choice by saying the coordinates of both the target and device. Once those coordinates overlap, pushbuttons or autoclickers on the underside of the phone case tap the screen for the user, depending on the model.

"The user doesn't have to precisely locate where the button is and perform the touch gesture," Liang says.

Ten study participants, six with visual impairments and four with tremors or spasms, tested the hardware and app.

"As a blind person, touchscreens are pretty much inaccessible to me unless I have some help or I can plug headphones into the kiosk," says study participant Sam Rau. "Somebody else has to order for you, or they have to help you out with it. I don't want to be in a situation where I always have to rely on the kindness of others."


It took some time for Rau to figure BrushLens out, but once he became familiar with the device, he was excited by the tool's potential.

"I thought about myself going into a Panera Bread and being able to order from the kiosk," Rau says. "I could actually see myself accomplishing something that I otherwise thought impossible."

Likewise, BrushLens worked as intended for users whose tremors or spasms cause them to make unwanted selections on touchscreens. For one participant with cerebral palsy, BrushLens improved their accuracy by nearly 74%. The inventors of BrushLens recently applied for a patent with the help of Innovation Partnerships, the University of Michigan's -M's central hub for research commercialization. The team hopes to bring the product to users as an affordable phone accessory. The team plans to further streamline their design so that it easily fits in a pocket. Offloading the battery and processing to the phone, for example, could make the design cheaper and less bulky.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# भाजपा प्रत्याशी मानशंकर निनाना ने रैली के साथ नामांकन दाखिल किया

## 'गुजरात जैसा राजस्थान चाहते हो तो भाजपा को विजयी बनाना होगा'

**बांसवाड़ा,** (निसं)। घाटोल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी मानशंकर निनाना ने अपना नामांकन दाखिल किया। कस्बे के नए बस स्टैंड परिसर में बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता ढोल नगाडों के साथ नाचते गाते हुए एकत्र हुए। प्रत्याशी निनामा भी कार्यकर्ताओं के बीच नाचते हुए नजर आए। यहां से रैली के रूप में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सभा स्थल पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं के बीच खासा उत्साह नजर आया। रैली में बडी संख्या में महिलाओं की भी भाबीदारी रही। रोड शो के बाद जुलूस के साथ निनामा उपखंड कार्यालय पहुंचे और रिटर्निंग अधिकारी विनोद मल्होत्रा के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली करीब 1 किमी लम्बी रही।

नामांकन सभा को संबोधित करते हुए गुजरात के पूर्व उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने कहा कि गुजरात जैसा राजस्थान चाहते हो तो भाजपा को विजयी बनाना होगा। पटेल ने अपने गुजराती भाषा में दिए संबोधन में कहा की गहलोत सरकार के हर विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार है। महिला अपराध में राजस्थान अव्वल हो गया है। राजस्थान की गौरव शाली परंपरा को तार-तार करने वालो को चुनाव में सबक सिखाने तैयार रहने का आव्हान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल ने कहा कि बांसवाडा के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा को जिताएं। जिला प्रवासी मणिनगर विधायक अमूल भट्ट ने कहा कि राजस्थान में ना बिजली है, ना विकास और ना ही कानून व्यवस्था है।

नामांकन सभा को घाटोल विधायक हरेंद्र निनामा, पूर्व राज्य मंत्री भवानी जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम पालीवाल, विस्तारक रवि नेगी, राजेंद्र पंचाल, कांति लाल अहारी, नरेंद्र वैष्णव ने संबोधित किया। सभा में पूंजीलाल गायरी, जगदीश सोनी, लक्ष्मण निनामा, गोपाल निनामा, अमर सिंह संयावत, लोकेंद्र सिंह, राजेंद्र गर्ग, शीतल भंडारी, मनोज सिंह चौहान, वीर बहादुर सिंह, संजय पंड्या, पंकज मालोत, पिंटू चरपोटा, महेंद्र पाटीदार, अभिजीत जैन, महेश तेली, देवेंद्र सिंह, रवि कलाल आदि मौजूद रहे।



भाजपा प्रत्याशी मानशंकर निनामा ने रिटर्निंग अधिकारी विनोद मल्होत्रा के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया।

# पी.डब्ल्यू.डी. के ठेकेदार द्वारा बनाई सड़क दो दिन में उखड़ी

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर के मिया मोटन दरगाह से बाला कॉलोनी जाने वाला सड़क मार्ग दो दिन पूर्व बनाया गया था। लेकिन पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार द्वारा घटिया डामर का उपयोग करने से दो दिन में ही सड़क उधड़ गई।

- **ठेकेदार ने घटिया सामग्री का उपयोग कर डामर की हल्की परत चढ़ाई**

जिससे क्षेत्र के लोगो में रोष देखा जा रहा है।

जालोर शहर में मिया मोटन शाह दरगाह से बाला कॉलोनी जाने मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से जगह-जगह गंदगी पसरी होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र के लोगों द्वारा काफी प्रयास करने तथा कई बार ज्ञापन देने के बाद इस मार्ग पर डामरीकरण करने को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा टेण्डर जारी हुआ। बाला कॉलोनी में अधिकतर मध्यमवर्गीय परिवार के लोग निवास करते हैं। ऐसे में ठेकेदार ने भी इस क्षेत्र में घटिया सामग्री का उपयोग करते हुए केवल मात्र डामर की हल्की परत चढ़ाकर इतिश्री कर दी। जिससे डामरीकरण किये दो दिन होने के बाद ही सड़क उखड़ती नजर आई। ठेकेदार ने सड़क निर्माण में भारी भ्रष्टाचार करते हुए घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने से सड़क कुछ दिन में उखड़ जाने पर क्षेत्र के लोगो में रोष देखा जा रहा है।

क्षेत्रवासी फूलाराम प्रजापत ने बताया कि बड़ी मुश्किल से इस रोड़ पर सड़क निर्माण की स्वीकृति हुई। लेकिन ठेकेदार ने घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने से दो दिन में ही सड़क टूट गई।



जालोर में बाला कॉलोनी में ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर बनाई गई डामर सड़क दो दिन में उखड़ गई।

## आचार संहिता लगते ही अटकी हजारों नियुक्तियां

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा चुनाव आचार संहिता लागू होने के साथ ही नव चयनित तकरीबन सात हजार शिक्षकों की जॉइनिंग अटक गई है। इससे उन्हें वरिष्ठता का नुकसान भी उठाना होगा। साथ ही प्रोबेशन पीरियड भी अब देरी से पूरा होगा। आर्थिक नुकसान तो तय ही है। शिक्षा विभाग में अगस्त से नौ अक्टूबर तक थर्ड ग्रेड से लेकर प्रथम ग्रेड तक के नव चयनित शिक्षकों की काउंसलिंग हुई थी। इस दौरान पहले राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में थर्ड ग्रेड शिक्षकों की काउंसलिंग की गई थी। इनके दस्तावेजों की जांच कर उन्हें नियुक्ति पत्र के साथ स्कूलों में पदस्थापन भी कर दिया गया था। लेकिन स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं पुलिस सत्यापन में समय लग गया। इस दौरान चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। नतीजे में नियुक्ति अटक गई। गौरतलब है कि पूरे राज्य में करीब 35 हजार थर्ड ग्रेड शिक्षकों ने तो आचार संहिता लागू होने से पहले कार्यभार ग्रहण कर लिया था। अब शेष रहे शिक्षकों को नई सरकार के गठन के बाद ही नौकरी मिल सकेगी।

# बिना पट्टे की जमीन को पट्टाशुदा बताकर धोखाधड़ी की

## न्यायालय ने पुलिस की एफ.आर पर प्रसंज्ञान लिया

**बीदासर,** (निसं)। पुलिस थाना सांडवा में वर्ष 2021 में दर्ज प्रकरण में बाद अनुसंधान एफआर प्रस्तुत करने के बावजूद न्यायालय एसीजेएम कोर्ट ने पुलिस द्वारा प्रस्तुत अंतिम प्रतिवेदन अस्वीकार किया तथा परिवादी की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजों, गवाहों के बयानों व पत्रावली पर उपलब्ध इकरारनामा में आरोपी द्वारा बिना पट्टे की भूमि को पट्टेशुदा होना बताकर 3,50,000 रुपये हड़पने का अपराध प्रथम दृष्टया मानते हुए अभियुक्त भागुराम सारण निवासी ग्राम नब्बासर तहसील बिदासर चूरु के खिलाफ प्रसंज्ञान लेकर अभियुक्त को वारंट से तलब किया है।

परिवादी के अधिवक्ता तिलोक पिलानियां ने बताया कि अभियुक्त द्वारा वर्ष 2017 में बिना पट्टे की जमीन को पट्टेशुदा बताकर धोखाधड़ी करने की नियत से बेचान कर परिवादी से 3 लाख 50 हजार रुपये हड़प कर लिये। आरोपी ने बैंक में ख़ुद की सेटिंग होना बताकर परिवादी कानाराम को बैंक से इस जमीन पर लोन दिलवाने का भी लालच दिया। परिवादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला झूठा मानते हुए मामले में एफआर लगा दी थी। पुलिस ने परिवादी को पढ़ा लिखा मानते हुए बताया कि अगर ज़मीन का पट्टा होता तो परिवादी ज़रूर उसी समय पट्टे की मांग करता।

उस ज़मीन के आसपास किसी भी ज़मीन का पट्टा नहीं है। परिवादी ने बहकावे में आकर मुक़दमा दर्ज करवाया है। पुलिस की एफआर को एसीजेम कोर्ट सुजानगढ़ ने अस्वीकार कर मामले में प्रसंज्ञान लिया है कोर्ट ने माना है कि आरोपी द्वारा निष्पादित इकरारनामे की प्रथम पंक्ति में ही ज़मीन पट्टेशुदा होना बताया है। इस प्रकार प्रथमदृष्टया आरोपी ने परिवादी को धोखाधड़ी की नीयत से बिना पट्टे की ज़मीन को पट्टेशुदा होना बताया है। न्यायालय ने आरोपी को वारंट से तलब करवाया है। परिवादी की और से पैरवी एडवोकेट तिलोक पिलानियाँ ने की।

## विवाहिता की मौत

**रतनगढ़,** (निसं)। कीटनाशक के सेवन से 30 वर्षीय विवाहिता की शुक्रवार की शाम मौत हो गई। सूचना पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार तहसील के हुडेरा आथूना की 30 वर्षीय शारदा पत्नी नेमाराम मेघवाल की कीटनाशक के सेवन से उसकी तबियत बिगड़ गई। शारदा को पड़ौसी शुक्रवार की शाम जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर एएसआई गिरधारीलाल जिला अस्पताल पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली।

## भाजपा से नाराज नायक ने निर्दलीय नामाकंन भरा

**सुजानगढ़,** (निसं)। भाजपा में एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे राजेन्द्र कुमार नायक ने भाजपा की टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर शुक्रवार को रिटर्निंग अधिकारी रमेश कुमार के समक्ष निर्दलीय आवेदन प्रस्तुत किया। नायक नामाकंन से पहले गणेश मन्दिर पहुंचे। जहां पर उन्होंने भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना कर समर्थकों के साथ पहुंचे। नायक ने अपनी संपती का ब्यौरा दिया। जिसमें नायक के गुरूग्राम स्थित एक खाते में एक लाख 9 हजार 947 रूपए जमा, गुरूग्राम स्थित एसबीआई शाखा में 1 करोड़ की एफडी, 16 लाख 52 हजार 575 की एफडी होने की जानकारी दी। नायक की पत्नी के खाते में 5 लाख 12 हजार 159 रूपए, पत्नी के खाते में 79 लाख की एफडी होने की जानकारी पेश की है। नायक ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी अंत्योदय की बात करती है। लेकिन अंतिम छोर में बैठे वर्ग की उपेक्षा करती है। उन्होनें कहा कि वे सुजानगढ़ के खोये हुए वैभव को पुनः लौटाने का काम करेंगे। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे।

# भूदोली ने जे.जे.पी. से चुनाव लड़ने का ऐलान किया

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार रघुवीर सिंह तंवर भूदौली ने शुक्रवार को जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) की सदस्यता ग्रहण कर नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का एलान किया है।

जयपुर स्थित जेजेपी कार्यालय में आयोजित बैठक के बाद हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भूदौली को जेजेपी की सदस्यता ग्रहण करवाई। भूदौली ने इस अवसर पर कहा कि जेजेपी का सिंबल चाबी है, नीमकाथाना के लोग मेरे परिवार के सदस्य हैं और मेरे परिवार के विकास की चाबी मेरे को दे दी गई है। अब मेरे परिवार नीमकाथाना का नाम राज्य स्तर पर ही नहीं बल्कि भारत स्तर पर वे रोशन करेंगे। भूदौली ने आगे कहा कि देव तुल्य लोगों के आशीर्वाद से राजस्थान विधानसभा का ताला अबकी बार जेजेपी के चुनाव चिन्ह चाबी से खुलेगा।

भूदौली द्वारा जेजेपी की सदस्यता ग्रहण करने की सूचना पर नीमकाथाना के कई गांव ढाणियों में पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया जा रहा है। भूदौली के अनुसार शनिवार को पूरे दलबदल सहित जेजेपी की ओर से नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र से चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करेंगे।

## अवैध गांजे की खेती करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। कोटड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध गांजे की खेती करने वाले को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पर्वतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वरलाल के सुपरविजन में कोटड़ा थानाधिकारीअशोक कुमारसिंह चंपावत के नेतृत्व में गठित दल ने शुक्रवार को गश्त के दौरान मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर रायसा पुत्र केहरा पारगी निवासी गुरा मामेर तरालों का फला कोटडा के मकान के आंगन में लगे अवैध गांजे के पौधे जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

# पंजाब के राज्यपाल ने खाटूश्यामजी के दर्शन किए



श्रीश्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रतापसिंह चौहान ने राज्यपाल को पूजा-अर्चना करवाकर श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर तथा चांदी का निशान भेंट कर स्वागत किया।

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने शुक्रवार को खाटूश्यामजी पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन कर देश की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर श्रीश्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रतापसिंह चौहान ने राज्यपाल को पूजा-अर्चना करवाकर श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर तथा चांदी का निशान भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात राज्यपाल मंदिर कमेटी कार्यालय में अल्प विश्राम करके रवाना हुए। इससे पूर्व राज्यपाल पुरोहित के खाटूश्यामजी पहुंचने पर जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी तथा पुलिस अधीक्षक परीश अनिल देशमुख ने अगवानी की।

# 'प्रत्याशी नहीं बदला तो बूंदी में चौथी बार हार के कगार पर है कांग्रेस'

## पुनर्विचार की मांग को लेकर आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी, दो की तबीयत बिगड़ी


**बूंदी** (निसं)। बूंदी विधानसभा से लगातार तीन बार कांग्रेस पार्टी हारने के बावजूद 86 वर्षीय हरिमोहन शर्मा को प्रत्याशी बनाये जाने पर कांग्रेस नेतृत्व से पुनर्विचार की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में 21 कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार दूसरे दिन भी आमरण अनशन पर रहे।

अनशन के दूसरे दिन भी लगातार कार्यकर्ताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल, राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान के सह प्रभारी काजी निजामुद्दीन के नाम ज्ञापन भेज कर प्रत्याशी परिवर्तन करने की मांग दोहरायी।

आमरण अनशन पर बैठे नगर परिषद चुनाव में कांग्रेस से वार्ड पार्षद प्रत्याशी रहे राजू गुर्जर ने कहा कि हरिमोहन शर्मा ने सत्ता का दुरुपयोग कर कई कांग्रेसी पार्षदों, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करवाकर उन्हें जेल में पहुंचा दिया। कांग्रेस आलाकमान को प्रत्याशी बदलकर किसी युवा व्यक्ति को बूंदी विधानसभा से प्रत्याशी घोषित करना चाहिये अन्यथा यह सीट लगातार चौथी बार बहुत बड़े अंतर से हारेगी।

कांग्रेस को हानि पहुंचायी अनशन पर बैठे पूर्व छात्रसंघ महासचिव रविंद्र राठौर ने कहा कि हरिमोहन शर्मा और उनके पुत्र ने बूंदी विधानसभा में पिछले पांच सालों में जमकर भ्रष्टाचार किया है और कांग्रेस पार्टी व कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत हानि पहुंचायी है, इसलिए कांग्रेस के कार्यकर्ता उनके साथ नहीं हैं, उनकी हार निश्चित है।

आमरण अनशन में द्वारकालाल मीणा, रविंद्र राठौर,दीपक पंचोली, प्रदीप मीणा, अनमोल शर्मा, रणजीत मीणा, बलवीर सिंह, दिनेश मीणा, चेतन पंचोली, मोहित शर्मा शिव पांचाल, अमित शर्मा, आयुष शर्मा, भोलाशंकर दुबे, ओमेक्स पंचोली, आदित्य शर्मा, प्रकाश भील, विशाल तिवारी, लोकेश शर्मा, शाहदाब मिर्जा, राजू गुर्जर, भूपेंद्र पंचोली, बंटी पंचोली, धीरज सनाढ्य आदि बैठे हैं। इनमें चेतन पंचोली व आदित्य शर्मा तबियत बिगड़ने के बाद कांग्रेस कार्यालय में ही लेटे हुये रहे।



बूंदी में कांग्रेस नेतृत्व से पुनर्विचार की मांग को लेकर कार्यकर्ता दूसरे दिन भी आमरण अनशन पर रहे।

# स्कूटी चोरी का आरोपी गिरफ्तार, वाहन बरामद

**राजसमंद,** (निसं)। राजनगर थाना पुलिस ने लगभग दो महीने पुराने स्कूटी चोरी मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर बाद अनुसंधान न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। साथ ही चोरी में साथी आरोपी के घर से स्कूटी भी बरामद कर ली है।

थानाधिकारी लीलाधर मालवीय ने बताया कि 12 सितम्बर को प्रार्थी दिनेशचन्द्र (57) पुत्र भंवरलाल श्रीमाली निवासी किशोरनगर ने रिपोर्ट की कि 11 सितम्बर को शाम को मैंने अपने निवास के बाहर अपनी स्कूटी खडी की थी। यह वाहन रात सात बजे से नौ बजे के बीच कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर एसपी सुधीर जोशी के निर्देशन में टीम का गठन अज्ञात बदमाश की तलाश की गई। मुखबिर की सूचना पर अपराधी किशनलाल (19) पुत्र मांगीलाल जटिया निवासी मोरठ मोड सनवाड को गिरफ्तार कर अनुसंधान किया गया तो उसने द्वारा अपने साथी पंकज के साथ मिलकर स्कूटी चोरी करना कबूल किया। स्कूटी साथी अपराधी पकंज जाट के जेवाणा स्थित घर से बरामद की गई। अनुसंधान के बाद किशनलाल जाट को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। राजनगर थाना पुलिस ने सूचना पर अपराधी पिन्टू कुमार को 5 लीटर देशी हथकड शराब परिवहन परिवहन करने के अपराध में गिरपतार किया गया।



स्कूटी चोरी मामले में गिरफ्तार आरोपी।

## छात्रा को ब्लेकमेल कर दुष्कर्म किया

**बीकानेर,** (निसं)। नहाते समय की वीडियो क्लिप बना उसको सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हुए छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का मामला नोखा पुलिस थाना क्षेत्र में सामने आया है। पीड़िता के पिता ने इस आशय की रिपोर्ट थाने में दी है। पीड़िता छह माह पहले बीए की परीक्षा देने के लिए नोखा गई थी। जहां वह कमरा लेकर रह रही थी। इसी दौरान आरोपी ने उसकी बेटी की नहाते वक्त की अश्लील वीडियो क्लिप व अश्लील फोटो खींच लिए। आरोप है कि अश्लील वीडियो क्लिप व फोटो को वायरल करने की धमकी देते हुए आरोपी ने उसकी बेटी के साथ दो बार दुष्कर्म किया। किंतु लोकलाज के चलते वह चुप रही। किंतु आरोपी बार-बार वीडियो व फोटो को वायरल करने की धमकी देते हुए उसकी बेटी को गलत संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल करता रहा। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर एक नामजद आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शराब तस्करी मामले में वाइन कंपनी के मालिक व साझेदारों को किया तलब

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। पंजाब सीमा पर साधुवाली नाके पर पिछले दिनों ट्रोला में पकड़ी गई 399 कर्टन अंग्रेजी शराब की जांच के दौरान श्रीगंगानगर पुलिस, आबकारी दल व पंजाब ने संयुक्त कार्रवाई कर लंबी मलोट पंजाब में चंडीगढ़ वाइन कंपनी के कार्यालयों व गोदामों से दस्तावेज जब्त कर सीज किए हैं। इस मामले में वाइन कंपनी के मालिक व साझेदारों को पुलिस ने तलब किया है। इसके अलावा शराब ठेके से संबंधित दस्तावेज भी लेकर बुलाया है।

- **श्रीगंगानगर पुलिस, आबकारी दल व पंजाब ने लंबी मलोट पंजाब में चंडीगढ़ वाइन कंपनी के कार्यालयों व गोदामों से दस्तावेज जब्त कर सीज किए हैं**


सीओ सिटी प्रशांत कौशिक ने बताया कि पंजाब से श्रीगंगानगर जिले से होते हुए गुजरात तक भारी मात्रा में शराब तस्करी के मामले में पुलिस टीमों की ओर से पंजाब में वाइन कंपनी के गोदामों व कार्यालय आदि को बुधवार को सीज किया गया था। यहां भी पुलिस ने कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं। इन दस्तावेजों की गहनता से पड़ताल की जा रही है। कार्रवाई के दौरान कंपनी के ठिकानों से सभी लोग फरार हो गए थे। पुलिस ने लंबी मलोट पंजाब में स्थित चंडीगढ़ टाउन वाइन कंपनी के कार्यालयों व गोदामों पर सर्च किया था। शराब कारोबारी शिवलाल उर्फ सोली निवासी डोडा के एरिया में ठेके हैं। जहां से ट्रक व ट्रोला के जरिए भारी मात्रा में शराब गुजरात सप्लाई किया जाना सामने आया है। पुलिस ने वाइन कंपनी के मालिक, उसके साझेदारों को दस्तावेज सहित पुरानी आबादी थाने में तलब किया है। जिससे मामले की जांच पूरी की जा सके।

डीएसटी प्रभारी रामविलास बिश्नोई ने बताया कि इस तरह की शराब ठेका कंपनियों की ओर से श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, हिसार सहित अन्य रास्तों से शराब से लदे ट्रक आदि वाहनों को गुजरात के लिए भेजा जाता है। इन ट्रकों में लाखों की शराब भरी होती है। तस्कर ट्रक भी इस तरह के काम में लेते हैं, जो पुराने हो चुके होते है और उनकी कीमत कम होती है। ऐसे में यदि ट्रक पकड़े जाए तो तस्करों को नुकसान कम हो। उन्होंने बताया कि श्रीगंगानगर की साधुवाली व पतली चेक पोस्ट की तरफ पिछले दिनों तीन ट्रक ही आए हैं। इसमें से दो श्रीगंगानगर पुलिस ने पकड़े और एक पंजाब ने पकड़ा था।

डीएसटी प्रभारी ने बताया कि पुलिस की ओर से जब्त किए गए दस्तावेजों की जांच तथा कंपनी के मालिक व साझेदारों से पूछताछ तथा उनकी ओर से पेश किए जाने वाले कागजात की गहनता से जांच के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस इस मामले में शराब माफिया तक पहुंच बनाने का प्रयास कर रही है। जिसमें इस अवैध शराब कारोबार से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया जा सके।

# ग्रामीण की हत्या के मामले में परिजनों का धरना तीसरे दिन भी जारी

## मंडली थानाधिकारी पर मिलीभगत का आरोप, दो लोग हिरासत में



धरना प्रदर्शन स्थल पर केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की।

- धरना स्थल पर केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी पहुंचे, कार्रवाई की मांग की

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर संभाग के बालोतरा जिले में नेवरी गांव में गत 30 अक्टूबर को ग्रामीण की हत्या किए जाने के मामले में अब तक हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगा है। परिजनों की तरफ से जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में आज तीन दिन से धरपा प्रदर्शन जारी है।

शुक्रवार को धरना प्रदर्शन स्थल पर केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी पहुंचे। मंत्री चौधरी ने कहा कि राजस्थान में जंगलराज बना हुआ है। परिजन तीन दिन से अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, मगर अब तक उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। राज्य सरकार तुष्टिकरण की नीति अपनाए हुए है। मृतक के परिजनों की मांगों का तुरंत निस्तारण होना चाहिए। सरकारी नौकरी, उचित मुआवजा और आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।

मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि यह घटना निदंनीय है। आज सरेआम किसी का भी सर कलम कर दिया जाता है, सरकार तुष्टिकरण की नीति अपना आरोपियों को बचाने में लगी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आज मृतक परिवार और समाज के लोगों की मांगें नहीं मानी जाती है तो कल शनिवार को पूरे बालोतरा जिले में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। केंदीय मंत्री चौधरी ने कहा कि पुलिस ने आरोपियों को बचाने के इरादे से घायल को कल्याणपुर अस्पताल ले जाने की इमदाद बताई जबकि वास्तव में घायल को मंडली के सरकारी चिकित्सालय ले जाया गया था, इससे साफ होता है कि पुलिस की इसमें मिलीभगत है।

इधर घटना के तीसरे दिन भी मथुरादास माथुर अस्पताल की मोर्चरी के बाहर परिजन का धरना प्रदर्शन जारी है। कई ग्रामीण एकत्र हो रखे हैं। वे बालोतरा जिला प्रशासन से उचित मुआवजा, सरकारी नौकरी, दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई एवं सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े है। अन्यथा शनिवार से पूरे बालोतरा जिले में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

मामले के अनुसार बालोतरा जिले में मंडली क्षेत्र में भंवरसिंह राजपुरोहित के खेत में पशुओं के घुसने को लेकर उसने आपत्ति उठाई थी तब आरोपियों द्वारा झगड़ा किया गया था। पड़ौसी होने के नाते ओमाराम उर्फ ओमप्रकाश पुत्र मूलाराम जाट ने बीच बचाव किया था। इस पर बाद में आरोपियों ने नेवरी गांव 30 अक्टूबर की शाम को ओमाराम उर्फ ओमप्रकाश पर बाइक से लौटते समय सरिया और लाठियों से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया था।

बाद में पता चलने पर उन्हें उपचार के लिए पहले मंडली के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से जोधपुर रैफर कर दिया गया था। मगर 31 अक्टूबर की रात को उनकी मौत हो गई। उनके भाई नारायणराम ने गांव के मठार खां, फूसे खां, यारू खां, गनी खां, सोमू खां आदि के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करवाया था। पुलिस ने प्रकरण से जुड़े मठार खां और फूसे खां को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। मगर उनकी अब तक गिरफ्तारी नहीं बताई गई।

# माकपा नेता निर्मल प्रजापत को न्यायालय ने जेल भेजा

## चार साल पुराने मामले में कॉमरेड निर्मल प्रजापत ने न्यायालय में सरेंडर किया



निर्मल कुमार कॉमरेड को ले जाती पुलिस।

- कॉमरेड निर्मल कुमार प्रजापत तारानगर से माकपा से विधायक उम्मीदवार हैं

**तारानगर/सुजानगढ़/बीदासर, (निसं)।** वर्ष 2019 के एक पुराने मामले में स्थाई वारंटी कॉमरेड निर्मल कुमार प्रजापत ने शुक्रवार को बीदासर न्यायालय में सरेंडर कर दिया। जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में कस्बे के राजकीय गोवर्धन प्रसाद टांटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर लगाने तथा अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर चले धरना-प्रदर्शन, महापड़ाव और थाना घेराव मामले में दर्ज प्रकरण में आरोपी निर्मल प्रजापत ने सरेंडर किया।

गौरतलब है कि आरोपी निर्मल तारानगर से माकपा से विधायक उम्मीदवार है। निर्मल कुमार कॉमरेड के अधिवक्ता बनवारी लाल बिजारणिया, रामकुमार ढाका ने बताया कि न्यायालय ने मामले में आरोपी बनाए गए निर्मल कुमार को स्थायी वारण्ट से तलब कर रखा था। जिस पर आज निर्मल कुमार ने न्यायालय के समक्ष सरेंडर कर अपना जमानत प्रार्थना-पत्र पेश किया था। लेकिन न्यायालय ने सुनवाई की तारीख शनिवार के दिन देकर निर्मल कुमार को जेसी कर दिया। वहीं कॉमरेड निर्मल कुमार के समर्थक कॉमरेड रामनारायण रूलानिया ने कहा कि कॉमरेड निर्मल कुमार तारानगर से एक मजबूत दावेदार है जिसको राजनैतिक आशय से क्षति पहुंचाने के लिए जानबूझकर मामले में चार साल बीत जाने पर भी कभी वारण्ट नहीं दिया गया और पर्चा दाखिल करने पर जब महज दो दिन रह गये हैं तो पुलिस ने उन्हें वारण्ट से तलब करवाया है ताकि वह चुनाव नहीं लड़ सके, लेकिन हम हमारे राजनैतिक विरोधियों की चाल को सफल नहीं होने देंगे।

बीदासर की सिविल कोर्ट ने तारानगर से माकपा प्रत्याशी निर्मल प्रजापत को 2019 के लम्बित प्रकरण में न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए है। प्रजापत के खिलाफ वर्ष 2019 में बीदासर में हुए आंदोलन में उनके खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तारी वांरट जारी हुआ था। जिस प्रकरण में प्रजापत के खिलाफ गिरफ्तारी वांरट जारी किया था। प्रजापत के न्यायालय में पेश होने के बाद सिविल जज ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए। निर्मल प्रजापत ने कहा कि उनके द्वारा तारानगर से नामाकंन पेश करने की तिथि का एलान किया गया था। जिसके बाद उनके खिलाफ षडयंत्र रचा गया है। एडवोकेट बनवारी बिजारणियां ने कहा कि प्रकरण में बहस अधूरी रही है। कल न्यायालय में जमानत आवेदन प्रस्तुत किया है। माकपा नेता प्रजापत ने मीडिया से कहा कि वे 6 नवम्बर को तारानगर में नामाकंन दाखिल करेंगे।

# एफ.एस.टी. एवं डी.एस.टी. द्वारा जांच के दौरान नगदी जब्त करने से नाराजगी

## व्यापारियों ने जांच टीमों पर नाजायज परेशान करने का आरोप लगाया

**देवली, (निसं)।** राष्ट्रीय एवं स्टेट राजमार्गों पर एफ.एस.टी. एवं डी.एस.टी. के द्वारा वाहनों की जांच के दौरान नगदी रकम जब्त किए जाने की कार्रवाई से आमजन और व्यापारियों में नाराजगी व्याप्त हो रही है। इसी नाराजगी को लेकर शहर के व्यापार महासंघ ने भारत सरकार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

- ‘वाहनों की जांच में किसी न किसी कार्य की नगदी के मिलने पर उसे जब्त करने की कार्रवाई से कार्यों में परेशानियां उत्पन्न हो रही है’



व्यापारियों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया।

शहर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष चांदमल जैन ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान विधानसभा चुनाव के दौरान एफ एस टी व डी एस टी टीमों के द्वारा राष्ट्रीय एवं स्टेट राजमार्गों पर राहगीरों के वाहनों की जांच में किसी न किसी कार्य की नगदी के मिलने पर उसे जब्त करने की कार्रवाई से रोजमर्रा के कार्यों में परेशानियां उत्पन्न हो रही है। चांदमल जैन ने यह भी बताया कि उक्त कार्रवाई में जांच टीम द्वारा आमजन एवं व्यापारियों को नाजायज परेशान किया जा रहा है जिससे आम जनता में भारी नाराजगी उत्पन्न हो रही है।

जैन ने बताया कि शहर कि कृषि मंडी में प्रत्येक दिन आसपास क्षेत्र के किसान अपना अपना जिंस बेचने आ रहे हैं। जिंस की खरीद के लिए दिए जाने वाले भुगतान हेतु कृषि मंडी आड़तियों को शहर में स्थित बैंकों में नगद राशि की निकासी जाती है। तो वहीं दीपावली त्यौहार सीजन होने की वजह से व्यापारियों को बडे शहरों में जाकर सामग्रियों की खरीदारी करने के लिए भी नगद राशि आवश्यकता रहती है। ऐसे में लिए शहर से बाहर जाना के दौरान खरीदारी के लिए रखी गई नगद राशि को टीमों द्वारा जब्त किया जा रहा है।

चांदमल जैन ने यह भी ज्ञापन में बताया कि कुछ दिनों बाद शादी विवाह का सीजन शुरू होने जा रहा है। आमजन एवं शहर के व्यापारियों के द्वारा बाहर से सोने चांदी के जेवर इत्यादि उत्पाद खरीदने के लिए बाहर बाहर जाने की आवश्यकता बनी रहती है। वर्तमान में हो रही उक्त परेशानी में समस्या को लेकर व्यापार महासंघ ने जरिए ज्ञापन निर्वाचन निर्माण से आग्रह किया है कि जांच टीमों के द्वारा करवाई के नाम पर व्यापारी, किसान और आम जन को बेवजह राशि जब्त कर परेशान नहीं किया जाए। इस मौके पर व्यापार संघ के अध्यक्ष चांदमल जैन, चंद्रभान गोयल, मुकेश गोयल, रामेश्वर सोनी, अनिल गोयल सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**बौंली, (निसं)।** सवाई माधोपुर परिवार व पोक्सो न्यायालय ने एक 10 वर्षीय नाबालिग पीड़िता का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी मुकेश गुर्जर को दोषसिद्ध हो जाने पर 20 वर्ष का कठोर कारावास व 50 हजार के अर्थ दंड से दंडित किया है। पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने सवाई माधोपुर परिवार व पोक्सो न्यायालय को अवगत कराया कि जिले के एक थाने में पीड़ित मामा ने मामला दर्ज कर बताया था कि मेरी बहन की पुत्री बचपन से ही मेरे पास रह रही थी एवं उसका लालन-पालन मैं ही कर रहा था। उसकी उम्र 10 वर्ष है 13 जून 2020 को आरोपी मुकेश गुर्जर आया और उसके मुंह पर कपड़ा ठूंस कर जबरन उठाकर पास के नाले में ले गया एवं उसके साथ बुरा काम किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को अनुसंधान के बाद 16 जून 2020 को गिरफ्तार न्यायालय में चालान पेश किया तब से ही आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में है।

# हत्या की आरोपी महिला रिमांड पर

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के डायमंड कॉलोनी में बोहरा समाज की दो वृद्धाओं की हत्या करने के मामले में गिरफ्तार मृतका के बहन के बेटे की बहु मारिया को पुलिस ने रिमाण्ड पर लिया है। अम्बामाता थानाधिकारी डॉ.हनवंतसिंह ने 26 अक्टूबर को शहर के डायमंड कॉलोनी में रहने वाली हुसैना बाई व उसकी बहन सारा बाई की हत्या करने के मामले में गिरफ्तार मृतका की बहन के बेटे की बहू मारिया पत्नी मुस्तनसिर बोहरा निवासी सैफी मस्जिद सलूम्बर हॉल मातवाड़ी मेवाड़ हॉस्पीटल के पास सुखेर को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे सात नवंबर तक के लिए रिमांड पर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी महिला से मौके से चोरी किए गए जेवरात के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# युवक ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** फूलिया कला भीलवाड़ा हॉल जोगीवाड़ा सूरजपोल निवासी भानुप्रतापसिंह ने सेल्फोस की गोलियां खा ली जिससे उसकी मौत हो गई। भानुप्रताप सोफ्टवेयर का काम करता था एवं किराए के मकान पर रहता था। प्रेम प्रसंग के चलते उसने सेल्फोस की गोलियां खाने के बाद अपने परिचितों को वाट्सएप पर आत्महत्या करने की मैसेज भेज दिया था। सूचना मिलने पर चेतक पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया।

# मारपीट मामले अवैध नशामुक्ति केन्द्र संचालक व सहयोगी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर पुलिस ने अवैध नशा मुक्ति केंद्र संचालक व सहयोगी को मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित गोवर्धनलाल पुत्र जेतराम मेघवाल निवासी नाहरा मगरा नांदवेल मेघवाल बस्ती मावली ने प्रताप नगर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मैं शराब पीने का आदी होने से कायाकल्प सेवा संस्थान नशा मुक्ति एवं मनोरोग केन्द्र उदयपुर में 14 मई को मेरी पत्नी दुर्गा ने मुझे वहां पर भर्ती करवाया तथा 14 हजार रूपये जमा करवाए। तीन माह बाद परिजन लेने आए तो उपचार में तीन माह का समय लगने की बात कही। 24 अक्टूबर को उक्त नशा मुक्ति केन्द्र पर मेरी पत्नी दुर्गा व परिवारजन आए तो केन्द्र वालों ने 23 हजार रूपये की मांग की। इस पर आग्रह करने पर 16 हजार रूपये लेने के लिए संचालक राजी हो गया तथा दबाव डाल दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा मुझे घर ले जाते समय मारपीट की।

मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल के सुपरविजन में पुलिस उपअधीक्षक शिप्रा राजावत मय टीम ने जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर मनोज जोशी पुत्र गिरीश निवासी ब्रह्मपुरी मंगलवाड़ चित्तौडगढ़ हाल विद्युत नगर पुरोहितों की मादडी प्रतापनगर व विष्णु डांगी पुत्र भैरूलाल डांगरी निवासी केसरपुरा एकलिंगपुरा को गिरफ्तार किया।

# कीमतों में बढ़ोतरी से आम आदमी की थाली से दूर हुआ प्याज

- बाजार में प्याज की फुटकर कीमत 60 से 70 रुपए किलो तक पहुंची
- आगामी सप्ताह में प्याज की कीमतें ओर बढने की संम्भावना जताई

**रायसिंहनगर, (निसं)।** गत दिनों से प्याज के दामों आई प्रत्याशित बढोतरी से आम आदमी की थाली से प्याज की पहुंच दूर होने लगी है। वहीं टमाटरों ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। वर्तमान में बाजार में प्याज की फुटकर कीमत 60 से 70 रुपए किलो तक पहुंच चुकी है।

प्याज के थोक विक्रेता साहिल सेठी ने बताया है कि वर्तमान में अच्छी क्वालिटी के प्याज के थोक भाव 50 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए है। आगामी सप्ताह में प्याज की कीमतें ओर बढने की संम्भावना जताई जा रही है। वहीं क्वालिटी में थोड़ा हल्का प्याज 45 रुपए तक बिक रहा है। जानकारों के अनुसार प्रदेश में प्याज की सबसे ज्यादा आपूर्ति करने वाले सीकर में अभी प्याज की बिजाई शुरू होनी है। इस कारण फिलहाल प्रदेश मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से प्याज की आपूर्ति हो रही है। थोक के विक्रेताओं ने बताया कि व्यापारियों के पास प्याज का स्टॉक धीरे-धीरे कम होने लगा है। जिसके कारण कीमतें बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि मार्च अंत या अप्रैल प्रथम सप्ताह तक सीकर के प्याज की नई फसल बाजार में पहुंचने तक कीमतों में बढ़ोतरी जारी रहने की आशंका है। उधर, टमाटर किमतों ने रफ्तार पकड़ ली है। वर्तमान में बाजार में 40 से 50 रुपए किलो बिक रहे हैं।

रायसिहनगर मंडी में 10 दिन पहले तक प्याज का थोक भाव 30 से लेकर 25 तक था जो अब 50 से 60 रुपए तक पहुंच गई है वहीं प्याज के साथ हरी सब्जियों के दाम भी बढ़ गए हैं जिससे वह गरीब की थाली से दूर होने लगी है दस 10 दिन पहले तक खुदरा बाजार में भिंडी 15 से 20 रुपए प्रति किलो बिक रही थी जो अब 40 से 45 रुपए तक बिक रही है वही आलू पुराना 20 तो तुरई 50 से 60 रुपए अरबी बाजार में 50 से 55 रुपए मिर्च 40 से 50 हरा धनिया डेढ़ सौ रुपए किलो, लोकी 15 से 20 रुपए, शिमला मिर्च 80 से100 रुपए और मटर 90 से 100 रुपए प्रति किलो बिक रही है।

# सांचोर के पूर्व प्रधान शमेशर अली ने बसपा से चुनाव लड़ने का एलान किया

## मुस्लिम समाज की बैठक में विधानसभा चुनाव में राजनीति और समाज के हितों के बारे में चर्चा की गई



सांचोर के निकट पीरों की जाल में मुस्लिम समाज की बैठक आयोजित हुई।

**सांचोर, (निसं)।** सांचोर के निकट पीरों की जाल दरगाह पर शुक्रवार को मुस्लिम समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुस्लिम समाज के विधानसभा चुनाव में अपनी राजनीति और समाज के हितों के बारे में चर्चा की गई। बैठक में मुस्लिम समाज ने सांचोर के पूर्व प्रधान डॉ. शमशेर अली को बसपा से चुनाव लड़ने पर सहमति बनी।

सांचोर के निकट पीरों की जाल में मुस्लिम समाज की आम बैठक मौलाना इरशाद खान सूराचंद, वचन शाह बालेरा, मौलाना ओवैस पीर की जाल, मौलाना ईशाद खान, इब्राहिम शाह पीर की जाल, पूर्व प्रधान व कांग्रेस के पीसीसी सदस्य डॉक्टर शमशेर अली की मौजूदगी में आयोजित हुई। जिसमें विधानसभा चुनाव को लेकर समाज को किस पार्टी के साथ में रहना है या समाज की तरफ से कोई उम्मीदवार खड़ा कर उसको समर्थन देना है इसको लेकर चर्चा हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने इस समाज को वोट बैंक के तौर काम में लिया है, न कि कोई समाज के लिए राजनीतिक पद या शिक्षा के बारे में कोई भवन यदि जमीन नहीं दी गई है। जिसको लेकर आम लोगों में यह सहमति बनी कि बहुजन समाजवादी पार्टी से पूर्व प्रधान डॉक्टर शमशेर अली को चुनाव में मैदान में उतरना चाह रही है। उसमें समाज ने एक मत होकर उनके सहमति जताई। समाज की ओर से इसका समर्थन देने की बात कही। इस पर मंच में सामने बैठे लोगों ने हाथ ऊपर कर सहमति जताई। मौलाना इंशाद खान पीर ओवेश मौलाना के समक्ष समाज ने समर्थन किया। आम राय के बाद में डॉक्टर शमशेर अली को चुनाव मैदान में उतारने और 6 नवम्बर का नामांकन भरने की सहमति बनी।

डॉ. शमशेर अली ने कहा कि मैं पिछले कई समय से कांग्रेस के विभिन्न अच्छे पदों पर पी रहा हूं और प्रधान भी रहा हूँ। मैं मेरी ईमानदारी से कार्य किया है और अभी पिछले कुछ 5 वर्षों में पार्टी ने अपने समाज सभी समाजों की जमीन का आवंटन होने पर अपनी समाज की जमीन की मांग की गई थी। इसमें इस सरकार ने कोई जमीन नहीं दी और समाज का दरकिनार किया गया। इसको लेकर समाज सर्वोपरि है और सभी समाजों का सहयोग और मेरी वार्ता के अनुसार मेरे को कहा है। समाज का सहयोग मिलेगा।

एडवोकेट इब्राहिम शाह बताया कि दो बड़ी समाज चुनाव लड़ रही है। बाकी सभी छोटी कॉम अपने साथ में रहेगी और चुनाव हम जीतेंगे। दोनों ही पार्टी अपनों से वोट लेकर मुंह मोड़ देती है। अभी सही समय है। वोट हमारी ताकत है। इस ताकत से हम सही नेतृत्व चुनकर सांचौर में सौहार्द की भावना व कौमी एकता की भावना से कार्य करेंगे। इस दौरान मुबारक खान, भूरे खान, रहमान खान, रमजान खान, फूटे खान, रहमत खान, हाजी खान गरढाली लोग रहे।

वहीं सांचोर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा व कांग्रेस को बागी उम्मीदवारों से खतरा मंड़राता नजर आ रहा है। भाजपा से सांसद देवजी पटेल को टिकट देने पर पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी व पूर्व प्रत्याशी दानाराम चौधरी ने भी विरोध प्रकट कर टिकट नहीं बदलने पर जीवाराम ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान कर दिया। जिससे भाजपा की परेशानी बढ़ गई है। वहीं कांग्रेस द्वारा सुखराम विश्नोई को टिकट देने के बाद सुखराम विश्नोई के सबसे करीबी माने जाने वाले पूर्व प्रधान शमेशर अली ने भी विरोध करते हुए बसपा से चुनाव लड़ने का एलान कर दिया। ऐसे में भाजपा व कांग्रेस दोनों को बागी प्रत्याशियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। सांचोर में इस बार चतुष्कोणीय मुकाबला होने से स्थिति रोचक बन जायेगी।

# राजस्थान के सम्मान और स्वाभिमान के लिये भाजपा की सरकार बनाएं : डॉ. पूनिया

**जयपुर, 3 नवम्बर।** विधानसभा चुनाव में प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में

- **उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया ने भाजपा प्रत्याशी प्रेमचंद बैरवा, चंद्रमोहन मीणा और कैलाश वर्मा के समर्थन में नामांकन सभाओं को संबोधित किया**
- **आज चौमूं में विधायक रामलाल शर्मा की नामांकन सभा में शामिल होंगे**



**विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने दूदू, बस्सी, बगरू में भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभाओं को संबोधित किया।**

विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां नामांकन सभाओं में शामिल होकर भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनाने का आव्हान कर रहे हैं।

सतीश पूनियां ने आज दूदू, बस्सी, बगरू की नामांकन सभाओं में सम्मिलित होकर भाजपा प्रत्याशी प्रेमचंद बैरवा, चंद्रमोहन मीणा और कैलाश वर्मा को प्रचंड बहुमत से विजय बनाने की अपील कर राजस्थान में तीन चौथाई बहुमत की भाजपा सरकार बनाने और 2024 में लोकसभा की सभी 25 सीटें एक बार फिर भाजपा को जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया।

सतीश पूनियां ने कहा कि भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन सभाओं में उमड़ रहा विशाल जनसैलाब बता रहा है कि दूदू, बगरू और बस्सी से लेकर पूरे राजस्थान में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी, जन विरोधी कांग्रेस सरकार के रावण राज का अंत होगा और भाजपा के रामराज्य की स्थापना होगी।

कांग्रेस सरकार ने रीट सहित तमाम परीक्षाओं के पेपर लीक से प्रदेश के युवाओं के सपनों को तोड़ा, कर्जमाफी के नाम पर वादाखिलाफी कर किसानों के साथ धोखा किया और पांच सालों से कानून व्यवस्था की हालत इतनी बिगड़ी हुई है कि प्रदेश में कहीं भी आमजन और बहन बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, जंगल राज जैसे हालात बने हुए हैं, ऐसे में राजस्थान के सम्मान और स्वाभिमान के लिये हम सब मिलकर प्रत्येक बूथ पर नरेंद्र मोदी बनकर काम करें और मजबूती से भाजपा की सरकार बनाएं, जो विकसित और समृद्ध राजस्थान बनाने के लिये मजबूती से कार्य करेगी।

# विराटनगर से कांग्रेस प्रत्याशी इंद्राज गुर्जर ने नामांकन भरा

**पावटा, (निसं)।** शुक्रवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी इंद्राज गुर्जर ने हजारों समर्थकों के साथ विशाल रैली निकाली।

कांग्रेस प्रत्याशी इंद्राज गुर्जर के साथ सैकड़ों समर्थकों एवं कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता सुबह से ही विराटनगर कस्बे में एकत्रित होने लगे और दोपहर 12 बजे तक सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई तथा हाथों में पार्टी का झंडा लिए, सिर पर पगडी

- **हजारों समर्थकों के साथ विशाल रैली निकाली व सघन जनसंपर्क किया**

लगाकर विशाल रैली शहर में निकाली और विराटनगर उपखण्ड कार्यालय पहुंचे जहां गणेश मंदिर में भगवान का आशीर्वाद लेकर पूजा अर्चना कर नामांकन भरते हुए विराटनगर उपखण्ड कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी मूलचंद लुनिया के समक्ष पावटा उपखंड अधिकारी बीएल स्वामी की उपस्थिति में जमा करवाया। इस अवसर पर उनकों रिटर्निंग अधिकारी शपथ भी दिलाई गई। नामांकन जमा करने के पश्चात कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा विराटनगर कस्बे में सघन जनसंपर्क किया गया।



**इंद्राज गुर्जर रैली निकाल विराटनगर उपखण्ड कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने नामांकन दाखिल किया।**

इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद सैकड़ों समर्थक एवं कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर व माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। नामांकन के बाद इंद्राज गुर्जर ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि विराटनगर क्षेत्र के जो विकास 5 साल में कांग्रेस राज में हुआ वो आज तक कभी नहीं हुआ। उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बार प्रदेश की जनता का मूड सरकार बदलने की परिपाटी और धारणा को बदलने का है।

# कांग्रेस प्रत्याशी परसादी लाल आज नामांकन दाखिल करेंगे

**लालसोट, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र लालसोट से विधायक पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी परसादी लाल मीणा आज शनिवार को नामांकन दाखिल करेंगे।

कांग्रेस प्रत्याशी परिषद लाल मीणा आज 4 नवंबर को शनिवार सुबह 9 बजे उपखंड मुख्यालय स्थित निज निवास जगदंबा कॉलोनी के सामने कोथून रोड पर खुद के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे एवं चुनावी कार्यालय के शुभारंभ के बाद प्रत्याशी मीना सुबह साढ़े 11 बजे एसडीएम कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष खुद का चुनावी नामांकन दाखिल करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने के बाद एसडीएम कार्यालय के समीप ही दोपहर साढ़े 12 बजे नामांकन सभा को भी संबोधित करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी ने शनिवार को लालसोट नगर पालिका शहरी क्षेत्र में पहुंचकर जनसंपर्क किया गया। प्रत्याशी मीणा द्वारा कृषि उपज मंडी एवं नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों मोहल्ले एवं बाजार

- **नामांकन सभा भी होगी आयोजित**

में आम मतदाताओं व्यापारियों सहित विभिन्न तबके के लोगों से जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। वहीं दूसरी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य दिनेश मिश्रा एवं कमल मीणा द्वारा कई जगहों पर जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के लिए आ ान किया गया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी मीणा द्वारा युवा कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित कर बैठक के दौरान चुनावी एजेंट को सर्वश्रेष्ठ करते हुए संयमता के के साथ कांग्रेस पार्टी को लालसोट विधानसभा क्षेत्र से बहुमत दिलाने की ओर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। जनसंपर्क के दौरान लालसोट नगर पालिका की अध्यक्ष रक्षा मिश्र पूर्व पीसीसी सदस्य रामविलास खेमावास पूर्व सरपंच ईश्वर लाल मीणा सुदीप मिश्रा सहित कई वार्ड पार्षद एवं कांग्रेस पदाधिकारी में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्यासी धनकड़ के स्वागत में उमड़ा कार्यकर्ताओं का सैलाब

**पावटा, (निसं)।** विधानसभा चुनावों में महज चंद दिन ही बचे हैं। ऐसे में विराटनगर विधानसभा से भाजपा कुलदीप धनकड विधानसभा नाम घोषित कर चुकी है। पूर्व प्रदेश महामंत्री, भाजपा नेता एवं विराटनगर विधानसभा से भाजपा प्रत्यासी कुलदीप धनकड के विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर जगह जगह पुष्प वर्षा व माला साफा पहनाकर व आतिशबाजी कर समर्थकों व कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य व जोशीला स्वागत किया गया।

वहीं भाजपा प्रत्यासी कुलदीप धनकड ने देवदर्शन एवं जनआशीर्वाद कार्यक्रम के तहत सबसे पहले बाबा बालनाथ आश्रम, लुणीयावास, त्रिवेणी धाम मंदिर, श्री गणेश मंदिर-विराटनगर, श्री खेमसाहब मंदिर-राजनौता, श्री बजरंगदास जी महाराज कारौली, पैतृक गाँव भाँकरी देवदर्शन व पूजा अर्चना कर व साधु संतों के आशीर्वाद के साथ देवदर्शन कर अपनी



**भाजपा प्रत्यासी कुलदीप धनकड़ के विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर जगह-जगह पुष्प वर्षा व माला साफा पहनाकर स्वागत किया।**

यात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद मनोहरपुर टोल प्लाजा, पीपली स्टैण्ड-शाहपुरा, अलवर तिराहा मुख्य बस स्टैण्ड विराटनगर, पावटा मुख्य बस स्टैण्ड, हिरामल बाबा मंदिर मण्ढा मे पुष्प वर्षा कर समर्थको व कार्यकर्ताओ द्वारा माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद उनके

- **देव दर्शन कर जन संपर्क अभियान शुरू किया**

द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर पावटा प्रतिमा व प्रागपुरा नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद उन्होंने अपने निज निवास भाँकरी पर कार्यकर्त्ताओं से भेंट कर एकजुट होकर भाजपा को विजयी बनाने की बात कहीं। स्वागत कार्य क्रम के दौरान भाजपा प्रत्यासी कुलदीप धनकड ने संबोधित करते हुए कहाँ कि विराटनगर विधानसभा से भाजपा के ना जीत पाने का भ्रम तोड़े। विराटनगर की जनता से कई वर्षो का रिश्ता है, जिसे आगे भी निभायेगें। यहां की जनता के सामने जो भी समस्या होगी उसे प्राथमिकता के आधार पर बिना किसी जाति वर्ग के भेदभाव के हल किया जायेगा।

# विद्याधर चौधरी की नामांकन सभा में उमड़े समर्थक

**सांभरझील/फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी पूर्व सांसद स्वर्गीय डॉ हरि सिंह के पुत्र विद्याधर सिंह चौधरी ने आज दूसरी दफा विधायक पद के उम्मीदवार के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी सांभर के कार्यालय में शुभ मुहूर्त में नामांकन पत्र दाखिल किया।

कांग्रेस उम्मीदवार चौधरी ने देवयानी सरोवर स्थित प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश के मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की और जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। मेला ग्राउंड पर नामांकन सभा के लिए आयोजकों की ओर से अच्छा खासा प्रबंध किया गया। क्षेत्र के लोगों को जब यह मालूम हुआ की नामांकन सभा में हेलीकॉप्टर के जरिए प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश चुनाव प्रभारी सुखजिंदर सिंह, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सहित दिग्गज नेता पहुंच रहे तो हजारों कार्यकर्ताओं का जोश परवान चढ़ने लगा। शाम 4 बजे के बाद जैसे हेलीकॉप्टर उतरा तो राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, हमारा नेता कैसा हो विद्याधर चौधरी जैसा हो के नारों से सभा स्थल गूंज उठा। नामांकन सभा को संबोधित करते हुए गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस ने विगत 5 साल में जनकल्याणकारी योजनाएं लोगों तक पहुंचा कर कल्याणकारी काम किया है। हम काम भी करते हैं, दिल की बात भी करते हैं लेकिन हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी केवल मन की बात करते हैं। मन का कोई भरोसा नहीं कब डगमगा जाए, इसलिए आप मन की बात पर मत जाओ। आप इस बार फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से हमारे बड़े भाई विद्याधर चौधरी को भारी मतों से जीत दिलवा कर विधानसभा पहुंचाएं आप जिला मांगोगे जिला मिलेगा। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरिया ने कहा कि आप इस बार दमदार नेता को विधानसभा भेजो। हम विश्वास दिलाते हैं एक बार आजमा कर देख लो फुलेरा विधानसभा क्षेत्र का आपको चहुंमुखी विकास आने वाले कुछ सालों में ही देखने को मिलेगा।

# राजेन्द्र सिंह यादव आज नामांकन दाखिल करेंगे

**कोटपूतली, (निसं)।** विधानसभा चुनाव को लेकर कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह यादव शनिवार 04 नवम्बर को अपना नामांकन दाखिल करेगें। निजी सहायक सतीश शर्मा ने बताया कि इस मौके पर शनिवार को प्रात: 09 बजे से कस्बे के डाबला रोड़ स्थित बी एम गार्डन में विशाल जनसभा का आयोजन होगा।

जिसके बाद नामांकन रैली कस्बे के आजाद चौक स्थित उप निर्वाचन कार्यालय पहुँचेगी। जहाँ कांग्रेस प्रत्याशी यादव अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन दाखिल करेगें। उल्लेखनीय है कि कोटपूतली से यादव को कांग्रेस पार्टी ने लगातार चौथी बार अपना प्रत्याशी बनाया है।

# भाजपा प्रत्याशी रामविलास मीणा ने रैली निकाल नामांकन दाखिल

**लालसोट, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र लालसोट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रामविलास मीणा द्वारा शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष खुद का चुनावी नामांकन प्रस्तुत किया गया।

भाजपा प्रत्याशी रामविलास मीणा द्वारा सांसद जसकोर मीणा की मौजूदगी में प्रस्तावकों के साथ चुनावी नामांकन सौंपा गया इसके बाद एसडीएम कल के समीप भाजपा कार्यकर्ता के पक्ष में नामांकन रैली सभा का आयोजन भी किया गया। इस नामांकन रैली सभा को दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी एवं प्रत्यासी रामविलास मीणा सहित विभिन्न वक्ताओं द्वारा संबोधित किया गया। इस सभा के दौरान विभिन्न मुद्दों पर वक्ताओं द्वारा



**लालसोट उपखंड मुख्यालय पर भाजपा प्रत्याशी रामविलास मीणा ने नामांकन रैली सभा को संबोधित किया।**

मौजूद जन समुदाय को संबोधित किया गया। इस जनसभा के दौरान वक्ताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी एवं प्रदेश में रही कांग्रेस सरकार को विभिन्न मुद्दों को लेकर घेरा गया। वही नामांकन दाखिल करते समय संसद जयपुर मीणा ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार घोटाले एवं भ्रष्टाचार की सरकार रही है इस सरकार में पेपर लीक कांड ने युवाओं को बेरोजगार करने में अहम रोल किया है। सांसद मीणा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने शासन में आते ही किसानों के संपूर्ण कर्ज का वादा किया था जो आज तक पूरा नहीं हुआ है। नामांकन के दौरान एडवोकेट रवि हाडा नवल झालानी सतपाल मीणा अशोक चौधरी सोनू बिनोरी आदि कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिलाओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया

**खैरथल, (निसं) ।** विधानसभा चुनाव 2023 के तहत आमजन को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप अभियान के तहत बैनर व नारा लिखित तख्तियों के साथ जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने जिला सचिवालय खैरथल तिजारा से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला कलेक्टर ढाका ने रैली में शामिल 18 वर्ष से अधिक के छात्रों और महिलाओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2023 में 25 नवंबर को होने वाले मतदान दिवस के दिन अधिक से अधिक नागरिक अपने घरों से निकलकर मतदान करें इसको लेकर

- **खैरथल में मतदाता जागरूकता रैली निकाली जिला कलेक्टर ने झंडी दिखाकर किया रवाना**

जिले में विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

इस दौरान उन्होंने हैल्पलाइन एप्प, सी-विजिल एप्प, सक्षम एप्प, केवाईसी एप्प की जानकारी दी तथा आमजन से एप्स को मोबाइल में डाउनलोड करने की अपील की। मतदाता जागरूकता रैली में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल के छात्रों एवं नरेगा में कार्यरत महिलाएं ने भाग लेकर खैरथल में भ्रमण कर जन-जन को मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। रैली में भाग लेने वाले छात्रों व महिलाओं को लड्डू भी वितरित किए गए।

इस दौरान नगर परिषद आयुक्त श्याम बिहारी गोयल, कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, वाइस प्रिंसिपल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल अशोक बसवाल सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे। दूसरी ओर इंदिरा हैप्पी स्कूल की ओर से खैरथल में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

# गोपाल गुर्जर ने कांग्रेस व निर्दलीय, दो नामांकन दाखिल किये

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा व लम्बे समय से उठ रही स्थानीय की मांग के बावजूद कांग्रेस आलाकमान द्वारा मालपुरा विधानसभा सीट से अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा में

- **कांग्रेस द्वारा मालपुरा विधानसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा में हो रही देरी व सीट को गठबंधन तथा बाहरी को देने की शुरू हुई सुगबुगाहट के विरोध में नामांकन दाखिल किया**

हो रही देरी तथा इस बार भी मालपुरा सीट को गठबंधन तथा बाहरी को देने की शुरू हुई सुगबुगाहट के विरोध में कांग्रेस टिकट के स्थानीय व युवा दावेदार गोपाल गुर्जर ने शुक्रवार को गणगौरी मैदान में विशाल जनसभा कर सर्व समाज व हजारों की तादात में उमड़े जनसैलाब की मौजूदगी में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष कांग्रेस पार्टी व निर्दलीय के दो नामांकन दाखिल किये हैं।

नामांकन से पूर्व गणगौरी मैदान में



**नामांकन से पूर्व सर्व समाज के कार्यकर्ता व समर्थकों ने गोपाल गुर्जर को 101 किलो की माला व 511 फीट लम्बी पगड़ी पहना स्वागत किया।**

जुटे सर्व समाज व छत्तीस कोम के कार्यकर्ता व समर्थकों ने गोपाल गुर्जर को 101 किलो की माला व 511 फीट लम्बी पगड़ी पहना पार्टी का टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में समर्थन का विश्वास दिलाया। गोपाल गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मेरा परिवार व मेरी मां है। मेरा परिवार पीढ़ियों से कांग्रेस पार्टी की सेवा कर रहा है। गोपाल ने कहा कि संगठन द्वारा इस बार आमजन की राय से कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुरूप टिकट वितरण के लिए सर्वे करवाये थे। जिनमें टिकट वितरण के सभी मापदण्डों पर आमजन ने गोपाल गुर्जर को अन्य दावेदारों की अपेक्षा मजबूत प्रत्याशी बताया था साथ ही मुख्यमंत्री ने मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा कर स्थानीय को ही मौका देने की बात कही थी लेकिन नामांकन दाखिले की अन्तिम तिथि से दो दिन पूर्व भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की जा रही है। यहां तक की मालपुरा सीट को इस बार भी अन्य दल से गठबंधन में देने अथवा बाहरी व्यक्ति को प्रत्याशी बनाने के मिले संकेतों के बाद विधानसभा क्षेत्र की जनता से की गई रायशुमारी में मिले समर्थन के बाद अपना नामांकन दाखिल करने का निर्णय लिया है। जनसभा में राजपूत समाज के प्रभावशाली नेता समाजसेवी भामाशाह मेघराज सिंह रॉयल व गजेन्द्र सिंह लदाना ने भी सभा को सम्बोधित किया। नीलकण्ठ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर अपार जनसमुह व समर्थकों की भीड के साथ नामांकन दाखिले के लिए रैली के रूप में निकले गोपाल गुर्जर का शहर मे जगह-जगह व्यापारियो व विभिन्न सामाजिक संगठनो सहित सर्वसमाज के लोगो ने पगडी व माला पहना स्वागत किया।

# फुलेरा भाजपा प्रत्याशी निर्मल कुमावत आज भरेंगे पर्चा

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान विधायक निर्मल कुमावत शनिवार प्रात:10.15बजे उपखण्ड अधिकारी कार्यालय सांभर लेक में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। गौरतलब है कि इस दौरान उनके साथ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान भाजपा प्रभारी अरुण सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

साथ हीनामांकन के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा आमजनता के साथ कस्बे के मुख्य बाजार एवं मुख्य मार्गों से होते हुए सांभरलेक के लिए प्रस्थान करेंगे।

जानकारी के अनुसार विधायक निर्मल कुमावत लगातार जीत के साथ 2008 से तीन बार विधायक है तथा चौथी बार भी पार्टी ने इन्हीं पर दांव लगाया है।

वहीं आगे बताया कि वर्ष 2008 में निर्मल कुमावत ने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.हरिसिंह को वर्ष2013 में कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग ककरालिया को तथा 2018 में कांग्रेस प्रत्याशी विद्याधर सिंह चौधरी को शिकस्त देकर भाजपा का परचम लगातार फहराया है। इसीमेंइस बार भी वर्तमान विधायक एवं उनके समर्थकों को पूरी उम्मीद है कि जीत का चौका लगाकर मंत्री पद की कतार में शामिल होंगे।






हम सेमीफाइनल में जगह बनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। अगर हम ऐसा कर पाते हैं तो यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। मैंने तीन महीने पहले अपनी मां को खो दिया था, इसलिए मेरा परिवार दुख में है, इसलिए यह पहले हमारे देश के लिए और फिर मेरे लिए भी एक बड़ी उपलब्धि होगी। -हशमतुल्लाह शाहिदी

अफगान के कप्तान, सेमीफाइनल की संभावनाओं को लेकर।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी



### रोहित शर्मा

टीम इंडिया गुरुवार (2 नवंबर) को श्रीलंका को 302 रन से हराकर वर्ल्ड कप में अपनी सबसे बड़ी जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम लगातार सात जीत के साथ इस वर्ल्ड कप के टॉप-4 में जगह पक्की करने वाली पहली टीम बनी है। मैच के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, टीम ने पहला लक्ष्य हासिल कर लिया है। पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में रोहित ने कहा, मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि हमने आधिकारिक तौर पर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है, यह पूरी टीम का अच्छा एफर्ट है।

**क्या आप जानते हैं ?...** ब्राजील (1950) में खेले गये विश्वकप फुटबाल के वजिेता का लीग आधार पर खेले गए मैचों से हुआ, उरूग्वे विजेता रहा।

# अफगानिस्तान ने नीदरलैंड्स को हरा सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा




लखनऊ, 3 नवंबर। अफगानिस्तान ने आज ऑलराउंडर मोहम्मद नबी की बेहतरीन गेंदबाजी और कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी के नाबाद 56 रन तथा रहमत शाह 52 रन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत एकतरफा अंदाज में नीदरलैंड्स को सात विकेट से हराते हुए सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा।

इस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान की यह चौथी जीत है। इस जीत के साथ ही अफगानिस्तान अंक तालिका में पाकिस्तान से ऊपर पहुंच गया है। 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने 27 रन पर गुरबाज के रूप में पहला विकेट गंवाया। इसके बाद 11वें ओवर की पहली गेंद पर अफगानिस्तान का दूसरा विकेट इब्राहिम जादरान 20 रन के रूप में गिरा है। उन्हें वन डर मर्वे बोल्ड आउट किया। 25वें ओवर की दूसरी गेंद पर रहमत शाह 52 रन को साकिब जुल्फिकार ने अपनी गेंद पर कैच आउट कर पवेलिय भेज दिया। इसके बाद अफगानिस्तान के बल्लेबाजों कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी नाबाद 56 रन और अज़मतउल्लाह उमरजई नाबाद 31 रनों की मदद से 31.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 181 रन बनाकर मैच जीत लिया। नीदरलैंड्स की ओर से लोगन वन बीक, वन डर मर्वे और साकिब जुलफिकर ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले कसी हुयी गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण की बदौलत अफगानिस्तान ने विश्वकप मुकाबले में नीदरलैंड्स की पारी को 46.3 ओवर में 179 रन पर समेट दिया। इकाना स्टेडियम पर अफगानिस्तान ने नीदरलैड्स के शीर्ष क्रम को बेहतरीन क्षेत्ररक्षण से तहस नहस कर दिया। वेस्ली बरेसी मुजीब उर्रहमान के पहले ओवर में ही अपना विकेट गंवा कर चलते बने मगर इसके बाद मैक्स ओडाउड (42), कॉलिन ऐकरमैन (29),साइब्रैंड एंगलब्रेख्त (52) और कप्तान स्कॉट एडवड्र्स (0) रन चुराने के प्रयास में अफगान क्षेत्ररक्षकों का शिकार बने। दवाब में आये नीदरलैंड्स के बाकी बचे पांच खिलाडियों को गेंदबाजों ने अपना ग्रास बना लिया।

पहला विकेट जल्दी गिरने के बाद ओडाउड और ऐकरमैन ने संभल कर खेलते हुये स्कोरबोर्ड को 73 रन पर पहुंचा दिया था मगर इस बीच एकरमैन रन चुराने के प्रयास में आउट हो गये। स्कॉट एडवर्डस ने भी आते ही रन चुराने की गलती दोहरायी और चुस्त क्षेत्ररक्षकों ने उनकी भी गुल्लियां बिखेर दीं। मात्र 19 रन के अंतर पर तीन अहम विकेट रन आउट होकर वापस जाता देख नीदरलैंड्स के खेमे में हलचल मच गयी। नीदरलैंड्स के कमजोर पड़े मनोबल का फायदा उठाते हुये मोहम्मद नबी ने एक के बाद तीन विकेट झटक कर अपनी टीम को ड्राइविंग सीट पर बैठा दिया। इस बीच एक छोर पर जमे साइब्रैंड एंगलब्रेख्त (58) भी रनआउट का शिकार बने। दूसरे छोर पर नूर मोहम्मद ने दो विकेट चटका कर नीदरलैड्स की टीम के 50 ओवर खेलने के मंसूबे पर पानी फेर दिया।

## जेसिका पेगुला ने मारिया सककारी को 3-0 से हराया

कैनकुन, 3 नवंबर। अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) फाइनल राउंड-रॉबिन एकल मुकाबले में यूनान की मारिया सककारी को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। गुरुवार की रात हुए मुकाबले में जेसिका पेगुला ने मारिया सककारी पर 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की। पांचवीं वरीयता प्राप्त पेगुला ने कैनकुन में अब तक खेले सभी छह सेट जीते हैं और वह शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबला खेलेंगी। दूसरे एकल समूह के दो सेमीफाइनलिस्टों का फैसला शुक्रवार को होगा। इस मुकाबले में अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा से मुकाबला करेंगी और चार बार की प्रमुख चैंपियन इगा स्विएटेक तीन बार की स्लैम उपविजेता ओन्स जाबेउर से भिड़ेंगी।

## शानदार जीत से गढ़वाल खिताब के करीब

नयी दिल्ली, 3 नवंबर। गढ़ वाल यूनाइटेड ने रेंजर्स एफसी को 2- 1 से हरा कर दूसरी महिला प्रीमियर लीग में खिताबी जीत का दावा ठोक दिया। हालांकि दोनों टीमों को अभी कुछ और मैच खेलने हैं लेकिन आगे कोई उठा पटक नहीं होती तो गढ़ वाल का चैंपियन बनना तय है। आज यहां नेहरू स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में गढ़ वाल की जीत का आकर्षण उसकी गोल कीपर रिवांसी जामू का शानदार प्रदर्शन रहा। उन्होंने कई अच्छे बचाव किए। ममता के गोल से रेंजर्स ने बढ़ त बनाई, जिसे संफीदा मोंगरूम ने पहले हाफ में बराबर कर दिखाया। लेकिन इंजरी टाइम में एक बेहतरीन मूव के चलते मोनिशा सिंघा ने शानदार गोल कर गढ़ वाल को जीत दिला दी। दूसरे हाफ में गढ़ वाल का पूरी तरह दबदबा रहा लेकिन वह गोल नहीं कर पायी। वहीं हॉप्स और अहबाब के बीच खेला गया मुकाबला ड्रा रहा। अंबेडकर स्टेडियम में खेले जा रहे शहीद भगत सिंह टूर्नामेंट में दिल्ली की चैंपियन वाटिका ने रॉयल रेंजर्स को अमित बिष्ट के गोल से हरा कर रोमांचक जीत दर्ज की। दिन के दूसरे मुकाबले में दिल्ली एफसी ने अहबाब को परास्त किया।

## शीतल और राकेश को दी बधाई

जम्मू, 3 नवंबर। मंडलायुक्त जम्मू रमेश कुमार ने शुक्रवार को पैरा एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली शीतल देवी और राकेश कुमार का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। मंडलायुक्त ने शीतल देवी के धैर्य, दृढ़ संकल्प और अजेय भावना को सलाम किया, जिसने उन्हें बिना हथियारों के दुनिया की पहली पैरा तीरंदाज बनाया। उन्होंने राकेश कुमार की मेहनत और उपलब्धियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और राष्ट्र को पैरा एथलीटों की उपलब्धियों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के मार्गदर्शन में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रयास कर रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों के पोषण और सुविधाएं प्रदान करने के लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की भूमिका की भी सराहना की। उल्लेखनीय है कि हाल ही में चीन के हांगझू में आयोजित पैरा एशियाई खेलों में जम्मू कश्मीर की शीतल देवी ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक और राकेश कुमार ने रजत पदक जीता है।

## पीएम मोदी ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैम्पिनयशिप में भारतीय टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की

नयी दिल्ली, 3 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को हाल ही में आयोजित अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय टीम के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की। प्रधानमंत्री ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, हाल ही में आयोजित अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भारत की कुश्ती प्रतिभा और भी निखर गई है, क्योंकि हमने उत्कृष्ट नौ पदक हासिल किए हैं, जिनमें से छह हमारी नारी शक्ति ने जीते हैं। विश्व चैंपियनशिप में हमारे उभरते पहलवानों का यह उल्लेखनीय प्रदर्शन उनकी अथक लगन और दृढ़ ता का एक प्रमाण है। उन्हें बधाई और उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भारत ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नौ पदक जीते है।

## नेपाल ने यूएई और ओमान ने बहरीन को हराया

कीर्तिपुर, 3 नवम्बर। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप एशिया क्वालीफायर के गुरुवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबलों में ओमान ने बेहरीन को 10 विकेट से और नेपाल ने यूएई को आठ विकेट से हराया। आज यहां खेले गये पहले सेमीफाइनल ओमान ने बहरीन को कश्यप प्रजापति 44 गेंदों में नाबाद 57 रन और प्रतीक अठावले 42 गेंदों में नाबाद 52 रनों की बदौलत 14.2 ओवर में 109 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। मुकाबले में बहरीन ने सात गेंदाबाजों को मैदान में उतरा लेकिन वे ओमान की सलामी जोड़ी को तनिक भी प्रभावित नहीं कर सके। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बहरीन की ओर से इमरान अली 30 रन, अहमर बिन निसार 26 रन और सर्फराज 23 रन बनाये। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच सका। बहरीन ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट गवां कर 106 का स्कोर बनाया। ओमान की ओर से आक्बि इलियास ने चार विकेट, शखिल अहमद ने दो विकेट, बिलाल खान, फयाज भट्ट,जिशान मकसूद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में नेपाल ने आसिफ शेख नाबाद 64 रन और रोहित पुडेल 34 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत यूएई को आठ विकेट से हरा दिया। गुलशन झा ने 22 रन और कुसल भुंटल ने 11 रन का योगदान दिया। इससे पहले यूएई ने वी अरविंद 64 रन की अर्धशतकीय पारी, कप्तान मोहम्मद वसिम 26 रन, अलीशान सराफू 16रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 134 रन बनाये। नेपाल की ओर से कुशल मल्ला ने तीन विकेट लिये। संदीप को दो विकेट मिले। रोहित और सोमपाल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की टीम ने सलामी बल्लेबाज वी अरिवंद 51 गेंदों में नाबाद 64 रन और रोहित 20 गेंदों में 30 रनों की बदौलत 17.1 में दो विकेट खोकर 135 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। यूएई की ओर से बसिल अहमद और निलांस केशवनी ने एक-एक विकेट लिया। फाइनल मुकाबला नेपाल और ओमान के बीच खेला जायेगा।

## आईसीसी विश्व कप का 40 करोड़ से अधिक दर्शक कर चुके हैं दीदार

मुबंई, 3 नवंबर। भारत में जारी एक दिवसीय आईसीसी क्रिकेट विश्व कप का लुफ्त उठाने वाले दर्शकों की संख्या 40 करोड़ को पार कर गयी है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि विश्व कप के पहले 26 मैचों का दीदार 40 करोड़ से अधिक दर्शकों ने मैदान पर अथवा टीवी एवं मोबाइल फोन पर किया है। दर्शकों के विशेष आकर्षण के चलते 2019 के विश्व कप की तुलना में कुल देखे जाने के समय (182 बिलियन मिनट) में 22 फीसदी की वृद्धि हुयी है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 22 अक्टूबर को खेले गये मैच में विराट कोहली की 95 रन की मैच जिताऊ पारी को देखने के लिए टीवी पर 80 मिलियन से अधिक दर्शक मौजूद थे। यह इस विश्व कप की अधिकतम दर्शक संख्या है। इसके बाद भारत बनाम पाकिस्तान मैच को 75.5 मिलियन दर्शकों ने देखा। भारत में प्रशंसकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की अपार लोकप्रियता और मैदान पर विराट कोहली की असाधारण उपलब्धियों को लेकर अद्वितीय उत्साह को उजागर करती है। सचिन के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए किंग कोहली के 49वें और 50वें वनडे शतक का बेसब्री से इंतजार कर रहे प्रशंसकों के बीच उत्साह और भी बढ़ ने वाला है।

## हरियाणा ने एथलीट, शूटिंग, कुश्ती में जीते स्वर्ण पदक

चंडीगढ़, 3 नवम्बर। गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में निशानेबाजी स्पर्धा के पहले ही दिन हरियाणा ने खिलाड़ियों ने जहां स्वर्ण और रजत पदक जीते, वहीं एथलेटिक और कुश्ती में उसके खिलाड़ियों ने अनेक पदक झटक लिये। राज्य की गतका टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार राष्ट्रीय खेलों में दो कांस्य पदक प्रदेश की झोली में डालने का काम किया। राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रदेश की ओर से राष्ट्रीय खेलों में पदक जीत रहे खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी हैं। शूटिंग के पहले के मुकाबले में सागर भार्गव ने प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जबकि ओलम्पिक कोटा प्राप्त कर चुके सरबजोत सिंह ने रजत पदक जीता। गतका टीम के पुरूष वर्ग में जसविंदर सिंह ने कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में सुनिधि चौहान पहले ही कांस्य पदक जीत चुकी हैं। राज्य की सेपक टाकरा महिला टीम ने प्रदेश की झोली में रजत पदक डाला। हरियाणा की महिला हॉकी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये उड़ीसा को 7-2 के गोल अंतर से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। हरियाणा की तीरंदाजी की तीनों टीमें फाइनल में पहुंच गई हैं जहां लड़कियों का मुकाबला चार, मिश्रित मुकाबला पांच नवम्बर और लड़कों की टीम छह नवम्बर को स्वर्ण पदक के लिये खेलेगी। राष्ट्रीय खेलों के कुश्ती के मुकाबलों में 97 किलोग्राम भार वर्ग में नितेश ने स्वर्ण, 77 किलोग्राम भार वर्ग में विकास और 68 किलोग्राम भार वर्ग में आरजू ने स्वर्ण पदक जीते। 125 किलोग्राम भार वर्ग में सुमित मलिक ने राज्य को रजत पदक दिलाया। इनके अलावा 97 किलोग्राम भार वर्ग में रोहित बूरा, 86 किलोग्राम भार वर्ग में राकेश, 76 किलोग्राम भार वर्ग में दीपक पूनिया, 68 किलोग्राम भार वर्ग में स्वाति बेरवाल और 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वीटी ने प्रदेश के लिए कांस्य पदक जीते।

# सनातोम्बी ने वुशु में जीता एक और स्वर्ण पदक

पणजी, 3 नवंबर। मणिपुर की लीमापोकपम सनातोम्बी चानू ने गोवा में जारी 37वें राष्ट्रीय खेलों में चौथा स्वर्ण पदक जीता, जोकि इन खेलों में उनका पांचवां पदक है। उन्होंने ताओलू डिवीजन की ताई ची स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। मां बनने के बाद से राष्ट्रीय खेलों में उनका यह पहला स्वर्ण पदक है। सनातोम्बी चानू की अभी डेढ़ साल की बेटी भी है। सनातोम्बी ने छह महीने के भीतर ही मैट पर वापसी की और उन्होंने पटियाला में राष्ट्रीय शिविर में वापसी करते हुए पिछले साल नवंबर में सीनियर नेशनल में स्वर्ण पदक जीता।

उनकी उपलब्धि हांग्झोऊ एशियाई खेलों में जगह बनाने में भी उनके लिए बाधा बनी और उन्हें चीन नहीं भेजा गया क्योंकि उन्होंने 2019 के बाद से किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया था।

सनातोम्बी ने कहा, मैंने पहले तीन स्वर्ण (2007 में एक रजत, 2011 में दो स्वर्ण, 2015 में एक स्वर्ण) जीते थे, लेकिन यह मेरे लिए काफी खास है क्योंकि मैं अपनी डेढ़ साल की बेटी को उसके पिता के पास मणिपुर में घर पर छोड़कर राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए टीम के साथ आई थी।

उन्होंने कहा, मां बनने के बाद फिर से ट्रेनिंग शुरू करना बहुत मुश्किल था क्योंकि बॉडी का मूवमेंट आसान नहीं था। इसके बाद मुझे धीरे-धीरे ट्रेनिंग शुरू करने से पहले हल्की जॉगिंग करनी पड़ी। तीन महीने बाद मुझे सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप (नवंबर 2022) में भाग लेनी थी और अपने खोए हुए आत्मविश्वास को वापस पाने के लिए मैं हर कीमत पर इसे जीतना चाहती थी। आखिरकार मैंने राष्ट्रीय शिविर में अपनी वापसी करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

इम्फाल में एक किसान के घर जन्मी सनातोम्बी पांच बहनों में तीसरे नंबर पर हैं और 2004 में खेल में आने के बाद से उन्होंने कई वित्तीय बाधाओं को पार किया है। उन्होंने कहा, ऐसे कई मौके आए जब पैसों की कमी के कारण मैं टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकी। लेकिन मुझे हमेशा यह विश्वास था कि एक दिन चीजें बेहतर होंगी। वह पल 2007 में आया जब मुझे 1.70 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिला। इससे मुझे कर्ज चुकाने में मदद मिली और 2011 में जीते गए स्वर्ण पदक का मतलब था कि मैं अब अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकती हूं।

साल 2007 में स्वर्ण पदक के साथ डेब्यू करने के बाद से सनातोम्बी ने राष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया और वह 2009 तक स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाने में सफल रहीं। लेकिन 2011 में उनके प्रदर्शन में गिरावट देखने को मिली और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। लेकिन उसके बाद से 34 वर्षीय खिलाड़ी का स्वर्णिम दौड़ जारी है और वह 2022 तक राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सभी संस्करणों में शीर्ष स्थान पर रही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में, सनातोम्बी ने दक्षिण एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और 2016 विश्व कप में कांस्य के अलावा ब्रिक्स चैंपियनशिप में 2017 में कांस्य पदक जीते हैं। मणिपुर पुलिस में एएसआई के तौर पर कार्यरत सनातोम्बी को अगले कुछ वर्षों तक अपने खेल को जारी रखने की उम्मीद है। खेलों से संन्यास लेने के बाद उनकी नजरें कोचिंग पर हैं, लेकिन फिलहाल, उनके अंदर स्वर्ण पदक जीतने की भूख बरकरार है।

## टॉप इंडियन गेंदबाज बने मो. शमी

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। भारत ने वनडे वर्ल्ड कप में लगातार 7वां मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। टीम ने श्रीलंका को 302 रन से हराया। ये वर्ल्ड कप में भारत की सबसे बड़ी जीत रही। मोहम्मद शमी ने महज 18 रन देकर 5 विकेट लिए। वे टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने मोहम्मद शमी ने श्रीलंका के खिलाफ 18 रन देकर 5 विकेट लिए। इसी के साथ उनके नाम वनडे करियर में 4 बार पारी में 5-विकेट हो गए। वह सबसे ज्यादा बार पारी में 5 विकेट लेने वाले भारतीय बने, उन्होंने स्पिनर हरभजन सिंह और तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ का रिकॉर्ड तोड़ा।

## न्यूजीलैंड के 15 में सिर्फ 10 खिलाड़ी ही फिट

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में सेमीफाइनल की जंग काफी रोमांचक होती जा रही है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत में कई दिनों तक प्वाइंट्स टेबल के टॉप पर रहने वाली टीम न्यूज़ीलैंड इस वक्त चौथे स्थान पर मौजूद है, और अब उनकी एक और हार उन्हें सेमीफाइनल के रास्ते से बाहर भी कर सकती है। उनके रास्ते में पाकिस्तान और अफगानिस्तान की टीम मौजूद है। न्यूज़ीलैंड का अगला वर्ल्ड कप मैच भी 4 नवंबर को पाकिस्तान के खिलाफ ही खेला जाएगा। इसका मतलब है कि ये मैच इन दोनों टीमों के लिए काफी महत्वपूर्ण मैच होने वाला है। इस मैच में जो टीम जीतेगी, उसका सेमीफाइनल में जाने का मौका बढ़ेगा।

न्यूज़ीलैंड टीम की बात करें तो उन्होंने शुरुआत के 4 मैच जीतने के बाद लगातार तीन मैच हारे हैं। इन हार की वजह से न्यूज़ीलैंड टीम का मूमेंटम खत्म हो गया है, और उनके लिए इससे भी बड़ी समस्या चोट की है। उनके कई खिलाड़ी चोटिल हैं, जिसके कारण पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच के लिए 11 खिलाड़ी चुनना भी मुश्किल हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस वक्त न्यूज़ीलैंड के पास सिर्फ 10 फिट खिलाड़ी मौजूद हैं, और इसलिए पाकिस्तान के खिलाफ उन्हें मजबूरी में किसी एक आधे फिट खिलाड़ी के साथ मैदान पर उतरना होगा। आइए हम आपको बताते हैं कि इस वक्त न्यूज़ीलैंड के कौन-कौन से खिलाड़ी चोट की समस्या से जूझ रहे हैं।

तेज गेंदबाज मैट हेनरी पुणे में न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका मैच के दौरान राइट हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण विश्व कप से बाहर हो गए हैं। उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर काइल जैमीसन को टीम में शामिल किया गया है।

## हर कामयाबी के पीछे एक कहानी : इकराम

अंतरराष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष तैयब इकराम ने शुक्रवार को डॉ शाहनवाज क़ुरैशी की लिखी पुस्तक झारखंड में महिला हॉकी का विमोचन किया।

रांची, 3 नवंबर। अंतरराष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष तैयब इकराम ने शुक्रवार को डॉ शाहनवाज क़ुरैशी की लिखी पुस्तक झारखंड में महिला हॉकी का विमोचन किया। एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हर कामयाबी के पीछे एक कहानी होती है। पुस्तक के रूप में इसे लाना सराहनीय है। खिलाड़ियों की समस्याओं से उबरने और सफल होने की दास्तान को बताना जरूरी है। उन्होंने लेखक को बधाई देते हुए पुस्तक को डिजिटल फॉर्मेट में लाने का सुझाव दिया ताकि इसकी उपलब्धता सभी को हो सके और युवा पीढ़ी इससे प्रेरणा ले सके।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पदमश्री डॉ दिलीप तिर्का ने कहा कि पहले झारखंड में पुरुष हॉकी का वर्चस्व था, लेकिन महिला हॉकी खिलाड़ियों ने सफलता की नयी इबारत लिखी डाली है। उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों पर लिखी गई पुस्तक उन्हें और प्रोत्साहित करेगा। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के संघर्ष और उपलब्धियां को सहेज कर लेखक ने सराहनीय काम किया है।

## बाबर आजम के सिर से छिनेगा नंबर एक का ताज

नइ दिल्ली, 3 नवम्बर। इस वक्त भारत में वनडे विश्व कप चल रहा है। पूरी दुनिया की नजरें इस पर बनी हुई हैं। अब तक दस में से केवल टीम इंडिया ही ऐसी है, जिसने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है, वहीं बांग्लादेश की टीम अब इस रेस से बाहर हो गई है। अब सेमीफाइनल की बची तीन स्पॉट के लिए आठ टीमों के बीच मुकाबला है। इस बीच सभी टीमें और खिलाड़ी एक से बढ़कर एक प्रदर्शन करने की कोशिश में जुटे हैं। वहीं आईसीसी की ओर से जारी की जाने वाली वनडे रैंकिंग में भी हर सप्ताह उलटफेर देखने के लिए मिल रहा है। अभी तो पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम नंबर एक की कुर्सी पर काबिज हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि जल्द ही उन्हें यहां से हटना पड़ेगा। टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी ने उनके सामने बहुत बड़ी चुनौती पेश कर दी है। आईसीसी की वनडे रैंकिंग में इस वक्त बाबर आजम नंबर एक खिलाड़ी हैं, उनकी रेटिंग 818 की है। वहीं दूसरे नंबर पर भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल हैं। उनकी रेटिंग इस वक्त 816 है। यानी बाबर आजम और शुभमन गिल के बीच महज दो ही अंकों का फासला है, जो कभी भी टूट सकता है।

### एशियन राफ्टिंग चैम्पियनशिप का शुभारम्भ

## हिमाचल : ब्यास की लहरों पर राफ्टिंग का रोमांच

हमीरपुर, 3 नवंबर। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के नादौन में एशियन राफ्टिंग चौंपियनशिप का शुक्रवार सुबह एचपीटीडीसी के चेयरमैन एवं नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली ने शुभारंभ किया। बाली ने आयोजकों को इसके लिए बधाई दी और कहा कि नादौन विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे हिमाचल प्रदेश में पर्यटन की आपार संभावनाएं हैं। इस प्रतियोगिता में नेपाल, भूटान, कजाखस्तान, भारतीय सेना, बीएसएफ, कर्नाटक व सिक्कम समेत कुल 24 विभिन्न टीमें भाग ले रही हैं।

नादौन से लेकर चंबापत्तन तक कुल 25 किलोमीटर का सफर बहती लहरों के साथ तय होगा। राज्य आपदा दल, पुलिस बल समेत बचाव के लिए भारतीय सेना के एक हेलिकॉप्टर की व्यवस्था रहेगी। विजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक से नवाजा जाएगा। इस आयोजन के लिए 70 लाख रुपये का बजट रखा गया है। आगामी पांच नवंबर को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री प्रतियोगिता का समापन करेंगे। पुरुष, महिला और मिश्रित रॉफ्टिंग में तीन श्रेणियों में यह प्रतियोगिता होगी।

नादौन शहर में यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला दंडाधिकारी हेमराज बैरवा ने विशेष आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार नादौन शहर में तीन से पांच नवंबर तक की अवधि के दौरान नेशनल हाईवे 70 पर लेबर चौक से कोहला कलूर बिलकलेश्वर महादेव सड़क पर वन-वे ट्रैफिक की व्यवस्था लागू रहेगी। इस दौरान रामलीला ग्राउंड नो पार्किंग जोन रहेगा। इसके अलावा जैन मोहल्ला से पत्तन बाजार मार्ग, पेट्रोल पंप से सेरी स्कूल मार्ग और मेन बाजार से चुगाला चौक मार्ग को नो एंट्री जोन घोषित किया गया है।

fincare Small Finance Bank

**Registered Office:** 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. **www.fincarebank.com**

**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **10 November 2023 between 11:00 AM - 03:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.

**E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblink https://gold.samil.in)**

**BANSWARA** - 23660000101370 | **BHILWARA** - 23660000064818 23660000359713 | **CHITTORGARGH** - 23660001021143 | **DUNGARPUR** - 23660001081618 | **JAIPUR - QUEENS ROAD** - 22660001221088 23660000051323 23660000051463 23660000058370 23660000070536 23660000266818 23660000469296 | **JHALAWAR** - 23660000481633 23660000490815 23660000793275 23660000992091 23660000998060 | **JODHPUR** - 23660000910887 | **KOTA** - 23660000729568 23660000996783 23660001180382 | **KOTA - GHODE WALE BABA CROSS ROAD** - 23660000072243 23660000106061 23660000121532 23660000276179 23660000431148 23660000449724 23660000457269 23660000568780 23660000569088 23660000609364 23660000614344 23660000624745 23660000703827 23660000922434 23660000995865 | **SAGWARA** - 23660000772985 23660001357860 | **UDAIPUR - MADHUBAN BANK STREET** - 23660000957378 |

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

Sd/-
Manager
Fincare Small Finance Bank

# भाजपा ने चौथी सूची में नए चेहरों पर दांव खेला

- टोडाभीम से रामनिवास मीणा को टिकट दिया गया, जो एक दिन पहले, गुरूवार देर शाम को ही भाजपा में शामिल हुए थे।
- रामनिवास मीणा को पानी वाले बाबा के नाम से जाना जाता है। उन्होंने ई.आर.सी.पी. के लिए आंदोलन किया था।
- शिव सीट से स्वरूप सिंह खारा को टिकट दिया गया है, जो बाड़मेर जिलाध्यक्ष हैं।

जयपुर, 3 नवम्बर (का.सं.)। विधानसभा चुनाव 2023 के लिए भाजपा ने अपनी चौथी सूची जारी कर दी है। इस सूची में मात्र दो विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। टोडाभीम से रामनिवास मीणा को उम्मीदवार बनाया गया है और शिव विधानसभा सीट से स्वरूप सिंह खारा पर पार्टी ने दांव खेला है।

खास बात यह है कि, रामनिवास मीणा ने गुरुवार देर शाम को ही दिल्ली में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कैलाश चौधरी की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। रामनिवास मीणा पूर्वी राजस्थान में पानी वाले बाबा के नाम से जाने जाते हैं। मीणा ने ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ई.आर.सी.पी.) के मुद्दे को पूर्वी राजस्थान में पुरजोर तरीके से उठा रखा था। ई.आर.सी.पी. को केंद्र से राष्ट्रीय परियोजना घोषित करवाने की मांग को लेकर वो लगातार आंदोलन कर रहे थे। इसीलिए कहा जा रहा है कि, भाजपा ने रामनिवास मीणा को प्रत्याशी घोषित कर बड़ा दांव खेला है।

शिव विधानसभा सीट पर भाजपा ने स्वरूप सिंह खारा को उम्मीदवार बनाया है। स्वरूप सिंह खारा बाड़मेर से भाजपा के जिला अध्यक्ष हैं। पार्टी ने नए चेहरे पर दांव खेला है। हालांकि, शिव विधानसभा सीट के लिए, हाल ही में भाजपा में शामिल हुए छात्र नेता रविंद्र भाटी का भी नाम चर्चाओं में था। पिछले दिनों ही जयपुर में रविंद्र भाटी ने भाजपा का दामन थामा था। उस समय यह कयास लगाए जा रहे थे कि, युवा चेहरे के लिहाज से भाजपा शिव विधानसभा सीट पर रविंद्र भाटी को उतार सकती है, लेकिन लगता है पार्टी ने अपनी रणनीति बदल ली है। स्वरूप सिंह खारा को शिव विधानसभा सीट पर प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद से उनके समर्थकों में जहां खुशी की लहर है, तो वहीं, दूसरी ओर टिकट की मांग कर रहे खंगार सिंह ने बगावती रूख अख्तियार कर लिया है। टिकट नहीं मिलने से नाराज खंगार सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरने के संकेत दिए हैं।



*नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ शुक्रवार को समर्थकों की भारी भीड़ के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल करने तारानगर निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुँचे। नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने चूरू में रामगढ़ी गौशाला जाकर पूजा -अर्चना की। नामांकन दाखिल करने के बाद राठौड़ की जनसभा भी हुई, जिसमें 35 हजार लोगों एवं कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी। जनसभा के दौरान सौ से ज्यादा कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।*

# राजेन्द्र राठौड़ की नामांकन सभा में पैंतीस हजार लोगों की भारी भीड़

- चन्दन विहार में आयोजित सभा में पंडाल भरने के बाद लोग बाहर खड़े रहे।
- सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसी भी सभा में नज़र आए।

तारानगर, 3 नवम्बर (निसं)। तारानगर से भाजपा के उम्मीदवार राजेन्द्र सिंह राठौड़ की चन्दन विहार में हुई नामांकन सभा में करीब 35 हजार की भीड़ ने राठौड़ को अपना समर्थन दिया। राजेन्द्र सिंह राठौड़ चूरू में रामगढ़ी गौशाला में पूजा-अर्चना के बाद तारानगर पहुंचे तथा निर्वाचन अधिकारी सन्दीप पूनीया के समक्ष निर्वाचन कार्यालय में दोपहर 12.15 बजे अपना नामांकन प्रस्तुत किया। इसके बाद अपनी विशाल रैली व जुलूस के साथ वे चन्दन विहार पहुंचे। नामांकन रैली में उनकी धर्मपत्नी चांद कंवर भी उपस्थित थीं।

राठौड़ ने रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि, कांग्रेस ने किसानों पर नहर के नाम पर दर्जनों मुकदमे करवाने का काम किया। नरेन्द्र बुडानियां पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि, तारानगर में जम कर लूट हुई है, मैं यहां जाति की राजनीति करने नहीं आया हूं।

नामांकन रैली में पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण अपने सम्बोधन में बोले कि, राजेन्द्र राठौड़ व हरलाल सहारण दोनों भाई हैं, मैं जाट हूं फिर भी राठौड़ ने मुझे जिला प्रमुख बनाया। इस चुनावी समय में मैं अपनी जाति के लोगों के आग्रह करता हूं कि, राजेन्द्र राठौड़ 36 कौमों को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति हैं, इनको भारी बहुमत से विजयी बनाएं, मेरा वजूद भी इनके कारण--, यह कहते हुए हरलाल सहारण भावुक हो गये।

तारानगर से कांग्रेस के पूर्व विधायक व भाजपा का दामन थामने वाले डॉ. चन्द्रशेखर बैद ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि, तारानगर में जो लूट हो रही थी उसको मिटाने के लिये मैं भाजपा में शामिल हुआ हूं। तारानगर के विकास के लिये मैने राजेन्द्र राठौड़ का हाथ पकड़ा है। बैद ने कहा, राजस्थान में दो तिहाई बहुमत से भाजपा का राज आयेगा।

नामांकन सभा में तारानगर के पूर्व प्रधान जयसिंह इन्दलिया, पूर्व पालिका अध्यक्ष पप्पू सोनी, काशीराम सोलंकी, पूर्व बी.डी.सी. मंगलाराम चान्देल बनियाला, हरदत्त सहारण, पूनम चन्द सरावगी, ओम हलवाई, मनोज सरावगी, मधु सरावगी, एडवोकेट पंकज स्वामी, दीनदयाल स्वामी सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों ने भाजपा का दामन थामा।

सभा को पूर्व केन्द्रिय मंत्री सुभाष महरिया, रतनगढ़ विधायक अभिनेष महर्षि, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे राकेश जांगीड़, डॉ. वासुदेव चावला, पराक्रम सिंह, महावीर पूनिया, पूर्व प्रधान कुन्दनमल बाबल, जमरदीन तेली, नरेश सहारण, श्यामलाल शर्मा जैतसीसर सहित कई भाजपा नेताओं ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र जोईया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चन्द्राराम गुरी ने किया।

## दिल्ली-एन.सी.आर. समेत उत्तर भारत में भूकम्प के तेज झटके

- नेपाल था भूकम्प का केंद्र; रिएक्टर स्केल पर तीव्रता 6.4 मापी गई।

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। दिल्ली-एन.सी.आर. समेत पूरे उत्तर भारत में शुक्रवार को भूकम्प के तेज झटके महसूस किए गए। झटके इतनी तेज थे कि, लोग अपने घरों से बाहर निकलकर भागने लगे। रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.4 बताई जा रही है। भूकम्प करीब रात 11 बजकर 35 पर आया। अभी तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

राष्ट्रीय भूकम्प विज्ञान केंद्र ने बताया कि, 6.4 तीव्रता का भूकंप आया जिसका केंद्र नेपाल था। हालांकि, झटके राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में भी महसूस किए गए। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश और बिहार के साथ ही हरियाणा के कई हिस्सों में कम्पन महसूस हुआ।

# कांग्रेसियों ने सोनिया गांधी के निवास पर जितेन्द्र सिंह के खिलाफ प्रदर्शन किया

- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बस्तीराम यादव का टिकट काटने को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है।
- विरोध प्रदर्शन करने गए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह दीवान भी थे। कांग्रेसियों ने धरना देकर टिकटों पर पुनर्विचार की मांग की।

बहरोड़/ अलवर, 3 नवम्बर (निसं)। बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बस्तीराम यादव का टिकट काटने से नाराज़ पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव सहित विधानसभा क्षेत्र के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली में सोनिया गाँधी के आवास, 10 जनपथ, पर पहुंचकर धरना दिया टिकट वितरण में पुन:निरीक्षण की मांग की और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ हो रहे अन्याय के लिए भंवर जितेंद्र सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार, कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी को लिखित में ज्ञापन देकर विरोध प्रकट किया। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। मल्लिकार्जुन खड़गे एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल आदि ने बहरोड़ और अलवर की कुछ सीटों को रिव्यू करने का आश्वासन दिया।

यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर करण सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बस्ती राम यादव सहित पंचायती राज जनप्रतिनिधियों व सरपंच आदि ने भंवर जितेंद्र सिंह की हठधर्मिता के खिलाफ पार्टी को नुकसान पहुंचाकर जमीनी कार्यकर्ताओं को पार्टी से हटाकर चाटूकार लोगों को टिकट देने का आरोप लगाया। इन लोगों ने कहा कि, बहरोड़ से बस्तीराम यादव, राजगढ़ - लक्ष्मणगढ़ विधानसभा से जौहरी लाल मीणा और राहुल मीणा, कठूमर से बाबूलाल बैरवा, बलवीर सिंह जिला प्रमुख अलवर, रोहिताश्व चौधरी पूर्व प्रधान मुंडावर और तिजारा से दूर्रूमिया का टिकट काटा है एवं अलवर जिले से ना तो किसी ब्राह्मण और ना ही सैनी समाज के किसी व्यक्ति को टिकट दिया गया है।

प्रदर्शन व धरने में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बेनी प्रसाद जोशी, सुरेश भेडी, अमीलाल, नरेंद्र सैनी, तेज सिंह, सरदार सिंह, जोगिंदर सरपंच, सुनील, मुकेश, कृष्णा मीणा, जगराम, रामावतार, पंचायत समिति सदस्य अमर सिंह, सुनील, सुरेंद्र, रमेश, पार्षद रोहिताश्व, रमेश, विक्रम, करनैल सिंह, छात्र नेता संजय बोहरा, कैलाश गुर्जर, दयाराम आदि सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 'पेपर लीक और नकल की प्रवृति सबसे घातक बीमारी'

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में लक्ष्मणगढ़ से आईं छात्राओं के साथ बातचीत के दौरान हाल ही में राजस्थान और देश के अन्य हिस्सों में सामने आई पेपर लीक की घटनाओं का जिक्र किया।

नयी दिल्ली, 3 नवम्बर (वार्ता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रतियोगी परिक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने तथा इनमें नकल की प्रवृति को घातक बीमारी करार देते हुए आज कहा कि इसके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

धनखड़ ने शुक्रवार को यहां संसद भवन में राजस्थान के लक्ष्मणगढ़ स्थित मोदी विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय से आई छात्राओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। हाल की पेपर लीक घटनाओं का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पेपर लीक और नकल बहुत घातक बीमारी है। उन्होंने कहा, जो भी पेपर लीक में सहयोग करते हैं, पेपर लीक से आर्थिक लाभ कमाते हैं, पेपर को बेचकर पैसा कमाते हैं, वो सबसे पहले आपकी योग्यता पर कुठाराघात करते हैं।

# 'ताजमहल असल में राजा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- याचिका में दावा किया गया है कि, ताज महल मूलतः राजा मानसिंह का महल था, जिसकी शाहजहां ने सिर्फ मरम्मत करवाई थी।
- हिन्दू सेना ने पूर्व में सुप्रीम कोर्ट में भी ऐसी ही याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने यह कह कर ठुकरा दिया कि, हम इतिहास को ''रीओपन'' करने के लिए नहीं है।

हटाया जाए तथा इस स्मारक की वास्तविक आयु का पता लगाया जाए।

चीफ जस्टिस सतीश चन्द्र शर्मा और जस्टिस तुषार राव गडेला की एक बैंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई की जिसमें दावा किया गया था कि मुगल बादशाह शाहजहां ने ताजमहल का निर्माण नहीं किया था बल्कि राजा मान सिंह के महल की मरम्मत मात्र करवाई थी।

हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता ने ऐसे ही निवेदनों के साथ पहले एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी, जिसमें शीर्ष अदालत ने कहा था कि याचिकाकर्ता इस संबंध में ए.एस.आई. को एक प्रतिवेदन देने के बाद अपनी याचिका वापस ले सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिसम्बर 2022 में यह कहते हुए याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया था कि जनहित याचिकाओं का उद्देश्य सतही जानकारियां एकत्रित करना नहीं है तथा कोर्टों का काम इतिहास का पुनर्लेखन करवाना नहीं है।

याचिकाकर्ता सुरजीत सिंह यादव के अधिवक्ता ने शुक्रवार को हाईकोर्ट को बताया कि उन्होंने इस वर्ष के जनवरी माह में ए.एस.आई. को एक प्रतिवेदन दिया था, लेकिन उन्हें इस बारे में अब तक कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद हाईकोर्ट ने ए.एस.आई. से कहा कि वह याचिकाकर्ता के दावे का अन्वेषण करने के बाद उनके प्रतिवेदन पर कोई निर्णय करें।

यादव, ''हिन्दू सेना'' नामक एन.जी.ओ. के अध्यक्ष हैं। उन्होंने अपनी जनहित याचिका में दावा किया है कि ताजमहल के निर्माण को लेकर आमजन को इतिहास के गलत तथ्य पढ़ाए एवं बताए जा रहे हैं।

याचिका में कोर्ट से सरकार को यह निर्देश देने की मांग की गई है कि वह इतिहास की किताबों व स्कूल, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों व अन्य संस्थानों में प्रचलित पाठ्यपुस्तकों से शाहजहां द्वारा ताजमहल के निर्माण की कथित गलत तथ्यात्मक जानकारी को हटाए।

याचिकाकर्ता का कहना था कि उनके शोध से पता चला है कि शाहजहां और मुमताज महल के शवों को वहां एक गुंबद के नीचे दफनाया गया वहां पहले से ही एक भव्यमहल था।

याचिका में कहा गया है, ''यह बहुत विचित्र है कि शाहजहां के दरबार के इतिहास में कहीं भी इस भव्य कब्र के वास्तुकार का नाम नहीं है इससे यह स्पष्ट होता है कि राजा मानसिंह के महल को ढहाया नहीं गया बल्कि उसमें कुछ बदलाव कर ताजमहल का वर्तमान स्वरुप दिया गया। इसीलिए शाहजहां के दरबार के इतिहास में किसी वास्तुकार का उल्लेख नहीं है।''

राजा मानसिंह शाहजहां के दादा अकबर के सेनापति थे।

17 वीं शताब्दी का यह स्मारक युनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज साइट द्वारा अधिसूचित है।

## सुप्रीम कोर्ट ने...

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- कमेटी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की थी। जिसमें उन्होंने ज्ञानवापी मस्जिद केस सिंगल बैंच से लेने का निर्णय दिया था।

फैसला दिया था। यह बैंच 2021 से केस की सुनवाई कर रही थी।

सिंगल जज बैंच, उस जगह जहां मस्जिद है, पर मंदिर बहाल करने के वाद को सुनवाई योग्य होने के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई कर रही थी।

चीफ जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की बैंच ने मस्जिद कमेटी के वकील हुज़ैफा अहमदी की दलील सुनने के बाद कहा कि, याचिका को खारिज किया जाता है।

बैंच ने कहा, हमें हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। हाई कोर्ट्स में यही परम्परा है। यह हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के दायरे में होना चाहिए।

# ब्यूरोक्रैसी के हैडक्वार्टर, सचिवालय में ई.डी. का सर्च अभियान

## मंत्री महेश जोशी के कार्यालय और ए.सी.एस. सुबोध अग्रवाल के ठिकानों पर ई.डी. ने तलाशी ली

- यह रेड जल जीवन मिशन घोटाले के संबंध में की जा रही है।
- इस संबंध में कुछ समय पहले भी रेड की गई थी, जिसमें प्राप्त सूबतों के आधार पर ई.डी. ने नए सिरे से कार्यवाही की है।

जयपुर 3 नवंबर (का.प्र.)। हजारों करोड़ रुपयों की जल जीवन मिशन योजना में घोटाले को लेकर एक बार फिर से एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) ने छापेमारी की कार्रवाई शुरू की है। ये कार्यवाहियाँ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नज़दीकी मंत्री महेश जोशी के कार्यालय तथा इस योजना से जुड़े अतिरिक्त मुख्य सचिव, आई.ए.एस. अधिकारी सुबोध अग्रवाल के कार्यालय और घर पर की गई है। इसी के साथ कुचामन सिटी और दौसा में भी ई.डी. ने सर्च किया है

इस मामले को लेकर पहले भी ई.डी. की टीम ने मंत्री महेश जोशी के नज़दीकी संजय बड़ाया के यहां छापा मारा था, वहां से कुछ सबूत हाथ आए थे। कहा जा रहा है कि, उन्हीं सबूतों के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने शुक्रवार को मंत्री महेश जोशी के सचिवालय स्थित कार्यालय और अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल के कई ठिकानों पर कार्यवाही के साथ पूछताछ की है।

ई.डी. ने कुछ सप्ताह पहले इस मामले से जुड़े ठेकेदारों और अन्य लोगों के यहां पर छापे मारे थे और ढाई करोड़ रुपये की नगदी बरामद की थी। इसके अलावा ई.डी. की टीम ने सोने की एक ईंट भी बरामद की थी, जो करीब 1 किलो वजन की थी। जिसका बाजार मूल्य साठ लाख रुपए से भी ज्यादा बताया जा रहा है। इस मामले में अब अधिकारियों के यहां छापे मारे जा रहे हैं।

शुक्रवार को सचिवालय सहित जल भवन में कार्यवाहियों के दौरान ई.डी. की टीम ने सर्च अभियान के साथ-साथ पूछताछ भी की। आयकर विभाग की टीम भी सचिवालय पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान सभी कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के मोबाइल प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने जब्त कर लिए थे। हालांकि दोपहर बाद मोबाइल लौटा दिए गए।

बताया जा रहा है कि, ई.डी. की टीम पी.एच.ई.डी. मंत्री डॉ. महेश जोशी पर पूरी नजर बनाए हुए है। साथ में जोशी के करीब भी ई.डी. की रडार में हैं। इसके अलावा राजस्थान प्रशासनिक सेवा के रिटायर्ड अधिकारी महेश मित्तल, प्रॉपर्टी कारोबारी संजय बढ़ाया, प्रॉपर्टी कारोबारी कल्याण सिंह काव्या, अधिशासी अभियंता विशाल सक्सेना, मायालाल सैनी और ठेकेदार पदम जैन के घरों पर ई.डी. का सर्च अभियान चल रहा है।

पूर्व में जल जीवन मिशन योजना के घोटाले को लेकर हुई ई.डी. की कार्रवाई से पहले ही संजय बढ़ाया को इसकी भनक लग गई थी और कार्रवाई से एक दिन पहले उन्होंने अपना मोबाइल फोन बदल लिया था। संजय के उस फोन में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं इसलिए ई.डी. की टीम संजय से वह फोन हासिल करने का प्रयास कर रही है। ज्ञातव्य है कि, ई.डी. की कार्रवाई के दौरान संजय बढ़ाया और रिटायर्ड आई.ए.एस. अफसर महेश मित्तल के आवास पर भारी मात्रा में नगदी मिली थी, जिसको गिनने के लिए मशीन मंगवाई गई थी। फिलहाल ई.डी. के अधिकारी महेश मित्तल और संजय बढ़ाया से पूछताछ करने में जुटे हुए हैं। ई.डी. की कार्रवाई से कांग्रेस के नेताओं और अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# 'जब तक जे.डी.ए. का पट्टा नहीं, तब तक बिजली का कनेक्शन नहीं'

## राजस्थान हाई कोर्ट ने अपने पुराने निर्णय पर आज पुनः मोहर लगाई

- राजस्थान हाई कोर्ट ने पृथ्वीराज नगर योजना में 855 में से 214 गैर अनुमोदित कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन नहीं देने का फैसला सुनाया।
- अदालत ने जे.डी.ए. के तर्क को स्वीकार किया कि अगर 214 कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन जारी किए गए, तो वहां के निवासियों के लिए जे.डी.ए. का पट्टा लेने का कोई विशेष कारण नहीं रह जाएगा।
- सुनवाई के दौरान जे.डी.ए. के तर्क के विरूद्ध में कहा गया था कि, बिजली कनेक्शन जारी करने से भूमि का स्वामित्व निर्धारित नहीं हो जाता है और जे.डी.ए. द्वारा बताया गया 'नुकसान' एक काल्पनिक नुकसान है।
- अदालत को यह भी बताया गया कि, विद्युत विभाग के पास ना तो यह अधिकार है ना उपयुक्त अवसर, जो कनेक्शन जारी करने से पहले यह सुनिश्चित कर सके कि आवेदक भूमि का मालिक है या किरायेदार या अतिक्रमणकारी। पर कनेक्शन जारी करने पर रोक लगाने से अदालत लोगों को अपने मूल अधिकार से वंचित रखेगी और चोरी को बढ़ावा भी देगी।
- इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि, वह जल्द ही इस मामले में 'अपील' दायर करेंगे।

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 3 नवम्बर। राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर शहर की पृथ्वीराज नगर (पी.आर.एन.) योजना में सोसायटियों के पट्टे, जिनका जे.डी.ए. ने अभी तक नियमन नहीं करा है, पर बिजली कनेक्शन जारी नहीं करने के पक्ष में फैसला दिया है। इसके साथ ही अदालत ने जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जे.वी.वी.एन.एल.) की ओर से दायर अर्जी तथा अन्य प्रार्थना पत्रों को खारिज कर दिया है और हाई कोर्ट की एकलपीठ द्वारा 2013 में दिए गए फैसले को सही माना हैं।

उक्त मामले में, वर्ष 2013 में, राजस्थान हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने यह आदेश पारित किए थे कि पी.आर.एन. योजना में राज्य सरकार व प्रशासन उन कब्जाधारियों को बिजली कनेक्शन ना दे जिनके हक में जे.डी.ए. के पट्टे जारी नहीं किए गए हैं। अदालत ने अपने आदेश में आगे कहा कि ''यह इसलिए किया जा रहा है ताकि उक्त क्षेत्र में जे.डी.ए. के पट्टों के बिना कोई निर्माण कार्य नहीं हो।''

यह उल्लेखनीय है कि इस योजना में 641 अनुमोदित व 214 गैर अनुमोदित कॉलोनिया हैं। इनमें कुल 80,018 भूखंड हैं। वहीं इनमें से 62,454 भूखंडो को जे.डी.ए. ने पट्टे जारी कर दिए हैं। जबकि 17,564 भूखंड ऐसे है, जिन्हें पट्टे जारी नहीं किए गए हैं।

इस मामले में अदालत ने सहयोग के लिए न्यायमित्र के रूप में पी.एन. भंडारी को नियुक्त किया था। साथ ही अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता जैसे, जी.एस. बाफना और भरत व्यास से, इस क्षेत्र में अनुभव रखने के कारण भी राय व सलाह ली थी। गौर फरमाने योग्य है कि अदालत को बताया गया था कि सुप्रीम कोर्ट ने बिजली कनेक्शन को मौलिक अधिकार घोषित किया है। अदालत को सुनवाई के दौरान यह भी बताया गया था कि जे.वी.वी.एन.एल. किसी भी उपभोक्ता को बिजली कनेक्शन जारी करते समय यह पुष्टि नहीं कर सकता है कि वह उपभोक्ता भूमि का मालिक है, किराएदार है या अतिक्रमणकारी है, क्योकि जे.वी.वी.एन.एल. के पास यह जाँच करने का ना तो अधिकार है, ना ही उपयुक्त अवसर। सुनवाई के दौरान अदालत को इस तथ्य से भी अवगत कराया गया था कि बिजली कनेक्शन जारी हो जाने से, कनेक्शनधारी, यह सिद्ध नहीं कर सकता कि जिस भूमि पर वह काबिज़ है, उस भूमि का वह मालिक है।

अगर कनेक्शनधारी, एक अतिक्रमणकारी है तो प्रशासन कभी भी उस अतिक्रमणकारी को हटाने की कार्यवाही कर सकती है।

जब सुनवाई के दौरान अदालत ने यह सवाल उठाया कि पी.आर.एन. योजना में 17 हजार से भी अधिक भूखंडों पर पट्टे जारी क्यो नहीं हुए हैं? तब अदालत को बताया गया था कि वर्ष 2013 के हाई कोर्ट के आदेश से ही उक्त भूमि ''डीएक्वायर'' कर दी गई थी, यानि जे.डी.ए. को पी.आर.एन. के अंदर बनी कॉलोनियों का नियमन करने के लिए कैंप लगाने थे।

अदालत को बताया गया कि 200 से ऊपर कॉलोनियों को रेगुलराइज़ नहीं करने के पीछे जे.डी.ए. में चल रहा भ्रष्टाचार ही एक मात्र कारण है। अदालत ने गत 24 मई को सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित किया था। अदालत के फैसले से जाहिर है कि वह अतिक्रमण व अवैध निर्माण को बढ़ावा ना देने की दृष्टि से पी.आर.एन. योजना में सोसाइटीयों द्वारा काटे गए पट्टों पर बिजली कनेक्शन जारी करने के पक्ष में नहीं है।

गौरतलब है कि सुनवाई के दौरान जे.डी.ए. द्वारा कहा गया था कि अगर उक्त क्षेत्र में 214 गैर अनुमोदित कॉलोनियों को बिजली कनेक्शन दे दिए गए, तो इन कॉलोनियों में बसे लोगों के लिए जे.डी.ए. का पट्टा लेने के लिए कोई विशेष कारण नहीं रह जाएगा जिससे जे.डी.ए. को 1621 करोड़ का नुकसान हो सकता है।

हालांकि इसके विपरीत यह तर्क भी दिया गया था कि जे.डी.ए. के लिए यह एक 'नोश्नल लॉस,' यानि काल्पनिक नुकसान ही है। अदालत के इस आदेश के बाद अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने कहा कि वह इस फैसले के खिलाफ 'अपील' जल्द ही करेंगे।

राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908